राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समृद्धि न्यूज़

समृद्ध समाज का आधार

वर्ष- 13 अंक - 246
लखनऊ, शनिवार 9 मई, 2026
पृष्ठ- 12 मूल्य- ₹ 3.00
लखनऊ से प्रकाशित

samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com





विद्युत लाइन में फॉल्ट आने से 120 गांवों में छाया अंधेरा 03

सरकार किसानों, मधुमक्खी पालकों की आय बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध : केशव 03


## -: सर्राफा बाजार :-

| | | |
|---|---|---|
| गोल्ड | 24 कैरेट | = 1,52,880/10 ग्राम |
| | 22 कैरेट | = 1,40,100/10 ग्राम |
| | 18 कैरेट | = 1,14,660/10 ग्राम |
| चांदी | | = 2,75,000/किग्रा |



# आश्चर्य का तत्व विकसित करें कमांडर : राजनाथ

**एजेंसी, नई दिल्ली।**

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने तेजी से बदलते भू-राजनीतिक सुरक्षा परिदृश्य में हर तरह की स्थिति से निपटने को तैयार रहने के लिए कृत्रिम बुद्धिमत्ता, स्वायत्त प्रणालियों, डेटा विश्लेषण और सुरक्षित संचार नेटवर्क में क्षमताओं को मजबूत करने की आवश्यकता पर बल देते हुए कहा है कि भविष्य के संघर्ष हाइब्रिड खतरों, सूचना प्रभुत्व तथा साइबर, अंतरिक्ष और विद्युतचुंबकीय क्षेत्रों में एक साथ संचालित अभियानों से प्रभावित होंगे।

श्री सिंह ने संयुक्त कमांडरों के सम्मेलन के दूसरे और अंतिम दिन कमांडरों को संबोधित करते हुए ऑपरेशन सिंदूर को राष्ट्रीय हितों की रक्षा के लिए की त्वरित, सटीक और संयुक्त जवाबी कार्रवाई का प्रतीक बताया। उन्होंने कहा कि भविष्य के युद्ध केवल हथियारों से नहीं बल्कि नयी सोच और बेहतर समन्वय से जीते जायेंगे। उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर भारत के राष्ट्रीय हितों की रक्षा के लिए भारतीय रक्षा बलों की त्वरित, सटीक और संयुक्त प्रतिक्रिया का प्रमाण है।



> भविष्य के युद्ध केवल हथियारों से नहीं बल्कि नयी सोच और बेहतर समन्वय से जीते जायेंगे

उन्होंने तीनों सेनाओं के कमांडरों से आह्वान किया कि वे इस अभियान तथा वर्तमान वैश्विक सुरक्षा परिदृश्य से सीख लेकर भविष्य के लिए सदैव तैयार रहें। उन्होंने ऑपरेशन सिंदूर को अल्प अवधि वाला, गहरी पैठ बनाने वाला, उच्च तीव्रता तथा अत्यधिक प्रभाव वाला अभियान बताया, जिसने भारत की अपने विरोधियों को आत्मसमर्पण के लिए विवश करने की क्षमता को प्रदर्शित किया। उन्होंने कहा कि यह अभियान भारत की बढ़ती सामरिक क्षमताओं तथा राष्ट्र के सामूहिक संकल्प एवं नए सैन्य दृष्टिकोण का प्रतीक है। उभरती प्रौद्योगिकियों के परिवर्तनकारी प्रभाव को रेखांकित करते हुए उन्होंने संघर्ष के सभी आयामों में एकीकृत राष्ट्रीय तैयारी सुनिश्चित करने के महत्व पर जोर दिया।

श्री सिंह ने तीनों सेनाओं के बीच संयुक्तता, एकीकरण और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में प्रगति की सराहना की। उन्होंने कहा कि संयुक्तता वैश्विक रक्षा क्षेत्र में हो रहे परिवर्तन का एक महत्वपूर्ण आयाम है। उन्होंने कहा, भविष्य के युद्ध केवल हथियारों से नहीं, बल्कि नवाचारी सोच और बेहतर समन्वय से जीते जाएंगे। रक्षा मंत्री ने कमांडरों से लड़ाई में आश्चर्य के तत्व को विकसित करने का आग्रह किया ताकि वे शत्रुओं के लिए अप्रत्याशित बने रहें और किसी भी परिस्थिति में रणनीतिक बढ़त हासिल कर सकें। साथ ही उन्होंने चेतावनी दी कि शत्रु के आश्चर्यजनक कदमों से भी सतर्क रहना होगा और हमेशा उससे दो कदम आगे रहना होगा।

### रक्षा बलों की क्षमताओं को मजबूत करने की दोहराई प्रतिबद्धता

रक्षा मंत्री ने सरकार की रक्षा बलों की क्षमताओं को अत्याधुनिक हथियारों और प्लेटफॉर्मों के माध्यम से मजबूत करने की प्रतिबद्धता दोहराई। उन्होंने कहा कि विशेष ध्यान उन्नत और विशिष्ट क्षेत्रों में अनुसंधान पर दिया जा रहा है। सम्मेलन के दौरान रक्षा मंत्री ने ऑपरेशन सिंदूर पर आधारित एक वृत्तचित्र फिल्म जारी की। यह फिल्म राष्ट्र और रक्षा बलों की परिचालन तैयारी तथा निर्णायक राष्ट्रीय प्रतिक्रिया क्षमता के प्रति प्रतिबद्धता को पुनः स्थापित करती है। उन्होंने विजन 2047 के हिंदी संस्करण तथा एकीकृत संचार संरचना के लिए संयुक्त सिद्धांतका भी विमोचन किया, जिसका उद्देश्य भविष्य के बहु-क्षेत्रीय अभियानों में सैद्धांतिक स्पष्टता, अंतरसंचालन क्षमता और एकीकृत संचार को मजबूत करना है। नए क्षेत्रों में सैन्य क्षमता विषय पर आधारित इस सम्मेलन में रक्षा मंत्रालय और भारतीय रक्षा बलों के शीर्ष नेतृत्व ने भाग लिया। सम्मेलन में उभरती सुरक्षा चुनौतियों, भविष्य की तैयारी, भविष्य के युद्ध, बहु-क्षेत्रीय अभियानों, तकनीकी परिवर्तन और संयुक्त क्षमता विकास पर व्यापक चर्चा हुई। सम्मेलन में क्वांटम तथा कृत्रिम बुद्धिमत्ता आधारित खतरों के विरुद्ध साइबर सुरक्षा, उभरते क्षेत्रों में सैन्य क्षमता विकास, स्वदेशी नवाचार और कृत्रिम बुद्धिमत्ता आधारित युद्ध अवधारणाओं पर भी विस्तार से विचार-विमर्श किया गया। खुफिया समन्वय, परिचालन योजना और सूचना प्रबंधन के लिए विकसित उन्नत प्रणालियों एवं प्लेटफॉर्मों का प्रदर्शन भी किया गया, जो संयुक्त परिचालन संरचनाओं में अत्याधुनिक तकनीकों के बढ़ते एकीकरण को दर्शाता है।

# डीआरडीओ ने स्वदेशी ग्लाइड हथियार प्रणाली टारा का किया सफल परीक्षण

**एजेंसी, नई दिल्ली।**

रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) और भारतीय वायु सेना ने ओडिशा के तट पर सामरिक उन्नत रेंज संवर्धन टैक्टिकल एडवांस्ड रेंज ऑगमेंटेशन (टारा) हथियार का पहला परीक्षण किया, जो पूरी तरह सफल रहा। टीएआरए एक मॉड्यूलर रेंज एक्सटेंशन किट है, जो भारत की पहली स्वदेशी ग्लाइड हथियार प्रणाली है। टीएआरए अनिर्देशित वारहेड को सटीक निर्देशित हथियारों में बदल देती है।

डीआरडीओ के मुताबिक टीएआरए को हैदराबाद के रिसर्च सेंटर इमारत (आरसीआई) और डीआरडीओ की अन्य प्रयोगशालाओं ने डिजाइन और विकसित किया है। जमीन पर मौजूद लक्ष्य को बेअसर करने के लिए हथियार की मारक क्षमता और सटीकता को बढ़ाने के लिए यह पहला ग्लाइड हथियार है, जिसमें कम लागत वाले सिस्टम का इस्तेमाल किया गया है। इस किट को कई भारतीय उद्योगों के साथ मिलकर बनाया गया है, जिन्होंने पहले ही प्रोडक्शन शुरू कर दिया है।



> जमीन पर मौजूद लक्ष्य को बेअसर करने की मारक क्षमता और सटीकता बढ़ेगी

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने डीआरडीओ, वायु सेना, उद्योगों को पहले उड़ान परीक्षण के लिए बधाई दी है और इसे भारत की स्वदेशी रक्षा क्षमताओं को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण विकास बताया है। डीआरडीओ के चेयरमैन डॉ. समीर वी कामत ने भी सफल फ्लाइट ट्रायल से जुड़ी टीमों को बधाई दी है।

## संक्षिप्त समाचार

### हाईवे किनारे खड़े ट्रक में जा घुसी बाइक, पति - पत्नी व तीन बच्चों समेत पांच की मौत

**बुलंदशहर।** बुलंदशहर में शुक्रवार को एनएच-34 पर हुए एक हादसे में ट्रक से टकरा कर बाइक सवार माता-पिता और तीन बच्चों व सहित कुल पांच लोगों की मौत हो गयी। हादसे की जानकारी मिलते ही मौके पर पुलिस टीम पहुंची और शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। हादसे का शिकार हुआ परिवार वैष्णो देवी धाम के दर्शन कर लौटा था और रिश्तेदार के घर रुकने के बाद आज अपने गांव लौट रहा था। टक्कर इतनी जोरदार थी कि मौके पर ही पांचों की मौत हो गई। मृतकों में उत्तम, उनकी पत्नी उर्मिला, बेटा निशांत, बेटी दिशा और मासूम अनायरा शामिल हैं।

### प्रो-खालिस्तान और प्रो-पाकिस्तान कंटेंट फैलाने वाला संदिग्ध चिन्हित

**जयपुर।** राजस्थान एटीएस ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर देशविरोधी और अलगाववादी सामग्री प्रसारित करने वालों के खिलाफ विशेष कार्रवाई करते हुए पंजाब के एक संदिग्ध युवक की पहचान कर उसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई शुरू की है। प्रारंभिक जांच में आरोपित के सोशल मीडिया अकाउंट्स पर प्रो-खालिस्तान और प्रो-पाकिस्तान समर्थक पोस्ट, वीडियो और कमेंट मिला है। पूछताछ और डिजिटल विश्लेषण में सामने आयाकि संदिग्ध गुरुविन्दर सिंह के सोशल मीडिया अकाउंट्स पर प्रो-खालिस्तान एवं प्रो-पाकिस्तान के समर्थन में ऑडियो, वीडियो, पोस्ट, चैट और कमेंट पाए गए हैं। आरोपित के फेसबुक मैसेंजर पर संदिग्ध लोगों एवं प्रतिबंधित आतंकी संगठन टीआरएफ के सदस्यों से बातचीत करना एवं उन लोगों से एके-47 एवं ग्रनेड मंगवाकर बम ब्लास्ट करने की चैटिंग और वॉइस नोट पाए गए हैं। उक्त संदिग्ध द्वारा अपने मोबाइल से प्रतिबंधित क्षेत्र बीएसएफ की चौकी का वीडियो बनाकर पाकिस्तानी में बैठे अपने आकाओं को शेयर करना भी पाया गया। उक्त संदिग्ध द्वारा ही आतंकवादी संगठन एसएफजे प्रमुख गुरुपतवंत सिंह पन्नू के खालिस्तान के समर्थन वाले वीडियो भी लगातार शेयर किये जा रहे थे। इसका अलगाववादी लोगों एवं संगठनों से सम्पर्क तथा देश में आतंकवादी घटना कारित किये जाने संबंधित सामग्री होना पाया गया है।

### उत्तराखंड की कठिन यात्रा बनी जानलेवा, सांस लेने में दिक्कत के बाद श्रद्धालु ने तोड़ा दम

**पिथौरागढ़।** आदि कैलाश यात्रा को बेहद कठिन धार्मिक यात्राओं में गिना जाता है। उत्तराखंड के दुर्गम पहाड़ी इलाकों में स्थित आदि कैलाश यात्रा जहां श्रद्धालुओं के लिए आस्था और अध्यात्म का प्रतीक मानी जाती है, वहीं ऊंचाई और कठिन मौसम कई बार जानलेवा भी साबित हो जाते हैं। धारचूला के तहसीलदार दमन राणा ने बताया कि गुंजी शिविर में ठहरे नासिक के रहने वाले पी एम सुधीर (53) को वीरवार शाम सांस लेने में हो रही दिक्कत के बाद धारचूला अस्पताल ले जाया जा रहा था लेकिन रास्ते में ही उनकी मृत्यु हो गई। राणा ने बताया कि तीर्थयात्री के दो साथी उनका शव लेकर उनके गृह नगर की ओर रवाना हो गए हैं।

### अरुणाचल प्रदेश के पापुम पारे जिला में 3.6 तीव्रता का भूकंप

**इटानगर।** अरुणाचल प्रदेश के पापुम पारे जिला में शुक्रवार को दोपहर बाद मध्यम तीव्रता के भूकंप के झटके महसूस किये गये। भूकंप के चलते कहीं से किसी भी तरह के नुकसान की खबर नहीं है। भारतीय सिस्मोलॉजी केंद्र के अनुसार, अरुणाचल में 04 बजकर 05 मिनट 52 सेकेंड पर भूकंप का झटका महसूस किया गया। रिक्टर स्केल पर इसकी तीव्रता 3.6 मापी गई।

# शुभेंदु होंगे पश्चिम बंगाल के अगले सीएम

> बीजेपी विधायक दल की बैठक में लगी मुहर, आज शपथ

**एजेंसी, कोलकाता।**

भाजपा विधायक शुभेंदु अधिकारी पश्चिम बंगाल के अगले मुख्यमंत्री होंगे। कोलकाता में अमित शाह की मौजूदगी में भाजपा विधायक दल की बैठक में शुभेंदु के नाम पर मुहर लगी। उन्हें विधायक दल का नेता चुना गया। गृह मंत्री अमित शाह ने शुभेंदु के नाम का ऐलान किया। आज नए मुख्यमंत्री के लिए शपथ ग्रहण समारोह होगा।

बंगाल में इस बार भाजपा ने पहली बार बहुमत हासिल किया है। पार्टी ने बंपर जीत हासिल करते हुए 207 सीटें जीती हैं, जबकि टीएमसी 80 सीटों पर सिमट गई। विधायक दल की बैठक में शुभेंदु अधिकारी को नेता चुना गया। इसका ऐलान अमित शाह ने किया और कहा कि अभी कुछ समय पहले ही चुनाव की प्रक्रिया पूरी हुई है। लगभग आठ प्रस्ताव और समर्थन प्राप्त हुए और सभी एक ही नाम के मिले। उसके बाद दूसरे नाम के लिए भी सबको समय दिया गया, लेकिन कोई दूसरा नाम नहीं आया।

शुभेंदु ने इस बार दो सीटों से चुनाव लड़ा और दोनों पर ही जीत हासिल की। नंदीग्राम के अलावा, उन्होंने भवानीपुर सीट से ममता बनर्जी को 15 हजार से ज्यादा वोटों से हराया। पिछले विधानसभा चुनाव में भी शुभेंदु ने नंदीग्राम से ममता बनर्जी को पराजित किया था।



### ममता बनर्जी ने अब तक नहीं बदली सोशल मीडिया प्रोफाइल, मुख्यमंत्री का टैग अभी भी बरकरार

पश्चिम बंगाल में 17वीं विधानसभा भंग हो गई है। इसके बावजूद भी तृणमूल कांग्रेस की प्रमुख ममता बनर्जी ने अपनी सोशल मीडिया प्रोफाइल नहीं बदली है। वह आधिकारिक तौर पर पश्चिम बंगाल की पूर्व मुख्यमंत्री बन चुकी हैं, लेकिन सोशल मीडिया प्रोफाइल में अभी भी मुख्यमंत्री का टैग बरकरार रखा है। ममता बनर्जी अपने आधिकारिक सोशल मीडिया हैंडल फेसबुक और एक्स पर अभी भी माननीय मुख्यमंत्री, पश्चिम बंगाल का इस्तेमाल कर रही हैं। हार के बावजूद ममता ने मुख्यमंत्री पद छोड़ने के इनकार किया था, जिसे वे सोशल मीडिया पर बरकरार रखे हुए हैं।

### तमिलनाडु में अब बनेगी 'विजय सरकार', बहुमत का आंकड़ा पार

चेन्नई दक्षिणी राज्य तमिलनाडु में नई सरकार के गठन पर बड़ी खबर सामने आई है। दो दिनों की सियासी रस्साकसी के बाद सूत्रों के हवाले से खबर आई है कि सीपीएम, सीपीआई और टीवीके ने थलापति विजय की अगुवाई वाली टीवीके का समर्थन देने का फैसला किया है। इन तीन दलों के समर्थन देने से अब राज्य में नई सरकार बनने का रास्ता साफहो गया है। बता दें कि इन तीनों दलों के समर्थन देने के बाद अब विजय को कुल 118 विधायकों का समर्थन हासिल हो गया है जो 234 सदस्यों वाली विधानसभा में बहुमत का आंकड़ा है। टीवीके के पास 107 विधायक हैं। विजय दो सीटों से चुनाव जीते हैं, इसलिए एक सीट छोड़नी होगी। इनके अलावा कांग्रेस के पांच विधायक हैं, जो पहले ही समर्थन दे चुकी है। आज समर्थन देने वाले तीनों दलों के दो-दो विधायक हैं। इस तरह विजय को अब बहुमत यानी 118 विधायकों का समर्थन हासिल है।

# सोमनाथ मंदिर हमारी सभ्यता का अटूट संकल्प : मोदी

**एजेंसी, नई दिल्ली।**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि पुनर्निर्मित सोमनाथ मंदिर के लोकार्पण की 75वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में 11 मई को उन्हें एक बार फिर वहां जाने का सौभाग्य मिलेगा। उन्होंने इसे भारत की सभ्यता और आस्था की महानता का प्रतीक बताया और उन विभूतियों एवं वीरों को नमन किया जिन्होंने कठिन परिस्थितियों में भी सोमनाथ की रक्षा की और उसकी शान को पुनर्जीवित किया।

प्रधानमंत्री ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पोस्ट में सोमनाथ पर लिखे अपने लेख को साझा करते हुए कहा कि यह अवसर हमें स्मरण कराता है कि इस पावन स्थल की रक्षा और इसके पुनर्निर्माण के लिए देश की कई पीढ़ियों ने निरंतर संघर्ष किया। प्रधानमंत्री ने कहा कि सोमनाथ केवल एक मंदिर नहीं, बल्कि हमारी सभ्यता का अटूट संकल्प है। समुद्र की लहरें हमें यह सिखाती हैं कि चाहे कितने भी तूफान क्यों न हों, मनुष्य का साहस और आत्मबल हर बार फिर से उठ खड़ा होने में सक्षम है। प्रभास की परिक्रमा पूरी पृथ्वी की परिक्रमा के समान है और यहां आने वाले श्रद्धालु उस सभ्यता की अद्भुत निरंतरता का अनुभव करते हैं, जिसकी ज्योति कभी बुझाई नहीं जा सकी।



प्रधानमंत्री ने उन असंख्य विभूतियों का स्मरण किया जिन्होंने आक्रमणों के बीच भी सोमनाथ की रक्षा की। प्रधानमंत्री ने लकुलीश और सोम शर्मा जैसे मनीषियों से लेकर महाराज धारसेन चतुर्थ, भीम प्रथम, जयपाल, आनंदपाल, राजा भोज, कर्णदेव सोलंकी, जयसिंह सिद्धराज, कुमारपाल सोलंकी, भाव बृहस्पति, पाशुपताचार्य, विशालदेव वाघेला, त्रिपुरांतक, महिपाल चूड़ासमा, राव खंगार चूड़ासमा और पुण्यश्लोक अहिल्याबाई होल्कर सहित अनेक नामों का जिक्रकरते हुए कहा कि इन सबने कठिन समय में भी भक्ति और परंपरा को जीवित रखा। उन्होंने वीर हमीरजी गोहिल और वीर वेगड़ाजी भील जैसे पराक्रमियों को भी नमन किया।

# ईडी ने गेमिंग प्लेटफॉर्म गेम्सक्राफ्ट के तीन संस्थापकों को गिरफ्तार किया

**एजेंसी, नई दिल्ली।**

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने मनी लॉन्ड्रिंग मामले में ऑनलाइन गेमिंग प्लेटफॉर्म गेम्सक्राफ्ट के तीन संस्थापकों को शुक्रवार को गिरफ्तार किया।

आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि ईडी ने दीपक सिंह, पृथ्वीराज सिंह और विकास तनेजा को धनशोधन निवारण अधिनियम 2002 (पीएमएलए) के प्रावधानों के तहत हिरासत में लिया गया है। दीपक सिंह और पृथ्वीराज सिंह को दिल्ली-एनसीआर क्षेत्र से गिरफ्तार किया गया और उन्हें बेंगलुरु की अदालत में पेश करने के लिए ट्रांजिट रिमांड हासिल की गई है। विकास तनेजा को बेंगलुरु से गिरफ्तार किया गया है और उन्हें अदालत में पेश किया गया है। ये गिरफ्तारी तब हुई जब केंद्रीय एजेंसी ने कथित धोखाधड़ी और जालसाजी से संबंधित कई प्राथमिकियों का संज्ञान लेते हुए ऑनलाइन गेमिंग प्लेटफॉर्म 'गेम्सक्राफ्ट टेक्नोलॉजीज लिमिटेड' और अन्य संबंधित संस्थाओं के खिलाफ धनशोधन का मामला दर्ज किया। ईडी ने एक दिन पहले गुरुवार को दिल्ली-एनसीआर और कर्नाटक में 17 स्थानों पर छापेमारी भी की थी और कुछ दस्तावेज जब्त किए थे। ईडी के मुताबिक ये प्लेटफॉर्म 'रमीकल्चर', रमीटाइम ऐप आदि जैसे कई ऑनलाइन 'रियल-मनी गेम्स' का संचालन और स्वामित्व रखता है।

### मप्र की स्वास्थ्य क्षेत्र में बड़ी उपलब्धि, एनीमिया मुक्त भारत स्कोरकार्ड 2025-26 में देश में प्रथम

**एजेंसी, भोपाल।** मध्य प्रदेश ने स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में एक और ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल करते हुए एनीमिया मुक्त भारत (एएमबी) स्कोरकार्ड 2025-26 में 92.1 एएमबी इंडेक्स के साथ देश में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने शुक्रवार को जानकारी देते हुए बताया कि यह उपलब्धि मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सुधार और एनीमिया नियंत्रण की दिशा में प्रदेश सरकार की सतत प्रतिबद्धता और प्रभावी क्रियान्वयन का प्रमाण है। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, आशा कार्यकर्ताओं, एएनएम सहयोगी विभागों और मैदानी स्वास्थ्य अमले को बधाई दी है।

# भारत-सिंगापुर आतंकवाद व सीमा पार अपराध के खिलाफ सहयोग बढ़ाने पर सहमत

**एजेंसी, नई दिल्ली।**

भारत और सिंगापुर ने आतंकवाद तथा सीमा पार अपराध के खिलाफ सहयोग को और मजबूत करने पर सहमति जताई है। दोनों देशों ने आतंकवाद के सभी स्वरूपों की कड़ी निंदा करते हुए इसके खिलाफ 'जीरो टॉलरेंस' की नीति की बात दोहराई।

भारत और सिंगापुर के बीच आतंकवाद एवं सीमा-पार अपराध से निपटने पर संयुक्त कार्य समूह (जेडब्ल्यूजी) की पांचवीं बैठक 7 मई को नई दिल्ली में आयोजित हुई। इस बैठक की सह-अध्यक्षता भारतीय विदेश मंत्रालय में संयुक्त सचिव (आतंकवाद-रोधी) डॉ. विनोद बहादे और सिंगापुर के गृह मंत्रालय में उप सचिव (नीति) न्गियम शिह चुन ने की। संयुक्त प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, भारत और सिंगापुर ने रणनीतिक साझेदार के तौर पर आतंकवाद का मुकाबला करने में द्विपक्षीय सहयोग के महत्व पर ज़ोर दिया। जेडब्ल्यूजी ने बैठक में सीमा पार आतंकवाद सहित आतंकवाद के सभी रूपों और अभिव्यक्तियों की स्पष्ट और कड़े शब्दों में निंदा की और आतंकवाद के प्रति शून्य सहनशीलता के सिद्धांत की पुनः पुष्टि की। जेडब्ल्यूजी ने 22 अप्रैल 2025 को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए जघन्य आतंकवादी हमले और 10 नवंबर 2025 को नई दिल्ली के लाल किला क्षेत्र के निकट हुई आतंकवादी घटना की भी कड़े शब्दों में निंदा की।



जेडब्ल्यूजी इस बात पर सहमत हुआ कि आतंकवाद का सामना करने के लिए निरंतर और व्यापक स्तर पर समन्वित कार्रवाई आवश्यक है। इस संदर्भ में दोनों देशों ने संयुक्त राष्ट्र, आसियान, वित्तीय कार्रवाई कार्यबल (एफएटीएफ) तथा अन्य बहुपक्षीय मंचों पर सहयोग बढ़ाने की प्रतिबद्धता दोहराई।

### केदारनाथ धाम में दर्शनार्थियों की संख्या चार लाख पार

**एजेंसी, केदारनाथ।** केदारनाथ धाम यात्रा 2026 को लेकर श्रद्धालुओं में भारी उत्साह देखने को मिल रहा है। देश-विदेश से बड़ी संख्या में श्रद्धालु बाबा केदार के दर्शन के लिए धाम पहुंच रहे हैं। यात्रा शुरू होने के बाद से अब तक कुल 4,01,748 श्रद्धालु बाबा केदार के दर्शन कर चुके हैं। जिला प्रशासन की ओर से जारी आंकड़ों के अनुसार, 8 मई 2026 को सायं 5 बजे तक एक ही दिन में 19,466 श्रद्धालुओं ने केदारनाथ धाम में दर्शन किए। लगातार बढ़ रही श्रद्धालुओं की संख्या को देखते हुए प्रशासन यात्रा व्यवस्थाओं को और सुदृढ़ करने में जुटा है। डीएम रुद्रप्रयाग विशाल मिश्रा ने बताया कि यात्रियों की सुविधा एवं सुरक्षा के दृष्टिगत यात्रा मार्ग पर स्वास्थ्य सेवाएं, पेयजल, विद्युत, स्वच्छता, यातायात, पार्किंग तथा आपदा प्रबंधन की व्यवस्थाएं लगातार सुदृढ़ की गईं हैं।

# इन्फिनिटी कनेक्ट्स की 8वीं वर्षगांठ पर भव्य आयोजन, बुद्धा हॉल में जुटे शहर के उद्यमी

> इन्फिनिटी कनेक्ट्स का उद्देश्य केवल लोगों को जोड़ना नहीं, बल्कि उनके बीच विश्वास और दीर्घकालिक संबंधों का निर्माण करना है : सुरभि

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**

शहर के प्रतिष्ठित बिज़नेस नेटवर्किंग प्लेटफॉर्म इन्फिनिटी कनेक्ट्स की 8वीं वर्षगांठ के अवसर पर शुक्रवार को बुद्धा हॉल में एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर शहर के सैकड़ों उद्यमी, व्यवसायी, स्टार्टअप फाउंडर्स और विभिन्न क्षेत्रों से जुड़े लोग बड़ी संख्या में शामिल हुए।





कार्यक्रम में व्यापार, संस्कृति और नेटवर्किंग का प्रभावी संगम देखने को मिला। प्रतिभागियों को एक-दूसरे से जुड़ने, अपने व्यवसाय को प्रस्तुत करने और नए अवसरों की संभावनाओं को तलाशने का अवसर मिला। आयोजन के दौरान रचनात्मक प्रस्तुतियों ने भी सभी का ध्यान आकर्षित किया और माहौल को उत्साहपूर्ण बना दिया। इन्फिनिटी कनेक्ट्स की स्थापना वर्ष 2018 में सुरभि श्रीवास्तव द्वारा की गई थी। संस्था का उद्देश्य पारंपरिक नेटवर्किंग से आगे बढ़कर विश्वास और सहयोग पर आधारित मजबूत व्यावसायिक संबंधों को विकसित करना है। बीते आठ वर्षों में यह मंच लखनऊ के व्यवसायिक समुदाय के बीच एक सशक्त पहचान बना चुका है और विभिन्न क्षेत्रों के लोगों को एक साथ जोड़ने का काम कर रहा है। वर्तमान में संस्था की संचालन समिति की अध्यक्षता मितुशी नेगी द्वारा की जा रही है, जिनके नेतृत्व में समुदाय लगातार नए आयाम स्थापित कर रहा है। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न उद्यमियों द्वारा अपने उत्पाद और सेवाओं के स्टॉल भी लगाए गए, जहां उपस्थित लोगों को नए बिज़नेस आइडियाज़ और अवसरों की जानकारी मिली। इसके साथ ही प्रतिभागियों के बीच संवाद और सहयोग को बढ़ावा देने के लिए विशेष सत्र भी आयोजित किए गए। इस अवसर पर संस्थापक सुरभि श्रीवास्तव ने कहा कि इन्फिनिटी कनेक्ट्स का उद्देश्य केवल लोगों को जोड़ना नहीं, बल्कि उनके बीच विश्वास और दीर्घकालिक संबंधों का निर्माण करना है। पिछले आठ वर्षों में हमें जो सहयोग और विश्वास मिला है, वही हमारी सबसे बड़ी उपलब्धि है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अनिल रस्तोगी एवं डॉ. अनीता रंजन रहे। समापन उत्साहपूर्ण माहौल में हुआ, जहां प्रतिभागियों ने इसे एक प्रेरणादायक और उपयोगी अनुभव बताया।

# हंता वायरस पर एनआईवी की सफाई, भारत के लिए कोई सार्वजनिक स्वास्थ्य खतरा नहीं

**एजेंसी, नई दिल्ली।**

एक क्रूज जहाज पर दो भारतीय नागरिकों के कथित तौर पर हंटा वायरस से संक्रमित होने की चिंताओं के बीच, आईसीएमआर के राष्ट्रीय विषाणु विज्ञान संस्थान (एनआईवी) के निदेशक डॉ. नवीन कुमार ने शुक्रवार को कहा कि ये मामले अलग-थलग प्रतीत होते हैं और भारत के लिए तत्काल कोई सार्वजनिक स्वास्थ्य खतरा नहीं है।

कुमार ने कहा कि फिलहाल सामुदायिक प्रसार का कोई सबूत नहीं है। उन्होंने बताया कि हंता वायरस मुख्य रूप से संक्रमित कृन्तकों (चूहों, गिलहरी आदि) या उनके लार, मूत्र और मल के संपर्क के माध्यम से मनुष्यों में फैलता है। उन्होंने कहा कि लोग आमतौर पर गोदामों, जहाजों, खलिहानों और भंडारण क्षेत्रों जैसे बंद या खराब हवादार स्थानों में कृन्तकों के मूत्र, मल या लार से निकलने वाले विषाणु कणों को सांस के जरिए अंदर लेने से संक्रमित हो जाते हैं। उन्होंने कहा, हंता वायरस के जो मामले सामने आए हैं, वे छिटपुट प्रतीत होते हैं और भारत में तत्काल सार्वजनिक स्वास्थ्य को कोई खतरा नहीं है। उनकी यह टिप्पणी उन खबरों के बाद आई है जिनमें कहा गया है कि एक क्रूज जहाज पर सवार दो भारतीय नागरिक हंटा वायरस से संक्रमित पाये गए हैं।



# आमजन को अनावश्यक परेशानी का न करना पड़े सामना : आयुक्त

गोण्डा, समृद्धि न्यूज।



जनसमस्याओं के त्वरित निस्तारण, बाढ़ तैयारियों की समीक्षा और निर्माण कार्यों की गुणवत्ता पर आयुक्त सख्त

देवीपाटन मंडल की आयुक्त दुर्गा शक्ति नागपाल ने श्रावस्ती जनपद के दौरे के दौरान जनसुनवाई, विभागीय समीक्षा, निर्माण कार्यों के निरीक्षण तथा संध्या संवाद कार्यक्रम में प्रतिभाग कर आमजन से सीधे संवाद किया। इस दौरान उन्होंने प्रशासनिक व्यवस्थाओं, जनकल्याणकारी योजनाओं तथा निर्माणाधीन परियोजनाओं की प्रगति एवं गुणवत्ता का गहन निरीक्षण किया।

कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित जनसुनवाई कार्यक्रम में आयुक्त ने जिलाधिकारी एवं अन्य अधिकारियों के साथ आमजन की समस्याएं सुनीं तथा कई मामलों का मौके पर ही निस्तारण कराया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि जनता की शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण, पारदर्शी एवं समयबद्ध समाधान सुनिश्चित किया जाए, ताकि आमजन को अनावश्यक परेशानी का सामना न करना पड़े।

जनसुनवाई के दौरान आयुक्त ने संभावित बाढ़ की स्थिति को देखते हुए जिला प्रशासन द्वारा की गई तैयारियों की विस्तृत समीक्षा भी की। उन्होंने राहत एवं बचाव कार्यों की तैयारियों, संवेदनशील क्षेत्रों की निगरानी, राहत सामग्री की उपलब्धता तथा विभिन्न विभागों के समन्वय की जानकारी प्राप्त की। आयुक्त ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि बाढ़ जैसी आपदा की स्थिति में त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करने हेतु सभी व्यवस्थाएं पूर्व से ही सक्रिय एवं सुदृढ़ रखी जाएं। इसके उपरांत आयुक्त ने टेण्डवा महन्थ में आयोजित संध्या संवाद कार्यक्रम में प्रतिभाग कर ग्रामीणों एवं आमजन से सीधे संवाद किया। उन्होंने लोगों की समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित अधिकारियों को त्वरित एवं प्रभावी निस्तारण के निर्देश दिए। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए जनकल्याणकारी योजनाओं के स्टॉलों का निरीक्षण किया गया तथा योजनाओं की जानकारी आमजन को उपलब्ध कराई गई। आयुक्त ने विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को प्रमाण पत्र वितरित किए तथा दिव्यांगजनों को ट्राई साइकिल प्रदान कर उन्हें आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित किया। साथ ही पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी दिया। इस अवसर पर जनपद स्तरीय अधिकारी, विभिन्न विभागों के कर्मचारी, जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

### लंबित देय भुगतान प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र सुनिश्चित किए जाएं

आयुक्त ने सभी विभागों के कर्मचारियों एवं पेंशनरों (वरिष्ठ नागरिकों) की विभागीय एवं पेंशन संबंधी समस्याओं की भी सुनवाई की। कई पेंशनधारकों एवं सेवानिवृत्त कर्मचारियों द्वारा जीपीएफ, पेंशन एवं अन्य देयकों के भुगतान लंबित होने की शिकायत प्रस्तुत की गई। इस पर आयुक्त ने संबंधित विभागों के कार्यालयाध्यक्षों को निर्देशित किया कि सभी लंबित देय भुगतान प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र सुनिश्चित किए जाएं। निरीक्षण कार्यक्रम के दौरान आयुक्त ने जनपद में विभिन्न निर्माणाधीन एवं नवनिर्मित परियोजनाओं का भी जायजा लिया। उन्होंने राजस्व विभाग के कर्मियों के लिए बनाए गए आवासों का निरीक्षण कर वहां उपलब्ध व्यवस्थाओं की समीक्षा की। इसके अतिरिक्त उन्होंने श्रावस्ती में संचालित पर्यटन विकास परियोजनाओं का स्थलीय निरीक्षण कर कार्यों की प्रगति एवं गुणवत्ता की परख की। निरीक्षण के दौरान उन्होंने स्ट्रीट ब्यूटीफिकेशन, बुद्ध वनम पार्क, डोरमेट्री, गेट पिलर, पार्किंग तथा इंटरप्रिटेशन सेंटर सहित विभिन्न परियोजनाओं का अवलोकन किया। आयुक्त ने संबंधित कार्यदायी संस्थाओं एवं अधिकारियों को निर्देशित किया कि निर्माण कार्यों में गुणवत्ता से किसी प्रकार का समझौता न किया जाए तथा अतिरिक्त मैनपॉवर लगाकर सभी परियोजनाओं को निर्धारित समयसीमा में पूर्ण कराया जाए। उन्होंने कहा कि पर्यटन विकास से क्षेत्र की पहचान मजबूत होगी तथा स्थानीय लोगों के लिए रोजगार के अवसर बढ़ेंगे, इसलिए सभी कार्य गंभीरता एवं जवाबदेही के साथ पूरे किए जाएं।

# नवागत मुख्य विकास अधिकारी दयानन्द प्रसाद ने संभाला कार्यभार

- विकास योजनाओं को जमीन पर उतारने पर रहेगा विशेष जोर



गोंडा, समृद्धि न्यूज। जिले के नवागत मुख्य विकास अधिकारी दयानन्द प्रसाद ने गुरुवार को मुख्यालय पहुंचकर कार्यभार ग्रहण किया। सर्किट हाउस पहुंचने पर विकास विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। इस दौरान अधिकारियों ने उन्हें जिले में संचालित विकास योजनाओं एवं विभागीय गतिविधियों की प्रारंभिक जानकारी भी दी। मुख्य विकास अधिकारी ने जिला अधिकारी प्रियंका निरंजन से शिष्टाचार मुलाकात की। मुलाकात के दौरान जिले में चल रही विकास योजनाओं, ग्रामीण विकास कार्यक्रमों तथा शासन की प्राथमिकताओं को लेकर विस्तार से चर्चा हुई। इसके बाद उन्होंने विभिन्न प्रशासनिक बैठकों में हिस्सा लेकर विभागीय कार्यों की जानकारी प्राप्त की। विकास भवन पहुंचने पर नवागत सीडीओ ने अधीनस्थ अधिकारियों एवं कर्मचारियों के साथ एक संक्षिप्त बैठक की। बैठक में उन्होंने स्पष्ट कहा कि शासन की जनकल्याणकारी एवं विकास योजनाओं को प्रभावी ढंग से धरातल पर उतारना उनकी पहली प्राथमिकता होगी।

उन्होंने अधिकारियों से पारदर्शिता, समयबद्धता और गुणवत्ता के साथ कार्य करने की अपेक्षा जताई। साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों में संचालित योजनाओं की नियमित मॉनिटरिंग करने तथा पात्र लोगों तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने के निर्देश दिए। सीडीओ ने कहा कि विकास कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और टीम भावना के साथ कार्य करते हुए जिले के विकास को नई गति दी जाएगी। उन्होंने अधिकारियों से क्षेत्रीय समस्याओं की जानकारी लेकर उनका त्वरित समाधान सुनिश्चित करने को भी कहा।

## खबरें एक नजर में

### युवक ने ट्रेन के आगे कूद कर दी जान

**गोंडा, समृद्धि न्यूज।** नवाबगंज थाना क्षेत्र के अंतर्गत कनकपुर गांव के समीप बृहस्पतिवार की रात एक हृदयविदारक घटना घटी, जहां 30 वर्षीय युवक पंचम ने वंदे भारत ट्रेन के आगे कूदकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। मनकापुर-अयोध्या रेलवे ट्रैक पर घटित इस घटना की जानकारी तब हुई जब वंदे भारत के लोको पायलट ने स्टेशन मास्टर को सूचित किया कि रात्रि करीब 9-10 बजे एक युवक अचानक पटरी पर लेट गया, जिससे वह ट्रेन की चपेट में आ गया। ?हादसा इतना भीषण था कि युवक का शव क्षत-विक्षत हो गया और उसका सिर धड़ से अलग मिला। सूचना मिलते ही थानाध्यक्ष अभय सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया। स्थानीय निवासियों के अनुसार, मृतक पंचम के माता-पिता का पहले ही देहांत हो चुका था और वह अविवाहित था। वह अपने तीन भाइयों से अलग अकेले ही जीवन यापन कर रहा था।

### करनैलगंज दो बाइकों में टक्कर से लगी आग, दंपत्ति समेत तीन घायल

**गोंडा, समृद्धि न्यूज।** चचरी करनैलगंज मार्ग पर आज दो बाईकों के आमने सामने से हुई टक्कर में एक बाइक (सुपर स्प्लेंडर)पूरी तरह जल गई जबकि दूसरी गाड़ी( बजाज सीटी108) आंशिक रूप से जल गई। इस हादसे में तीन लोग घायल हो गए जिनका इलाज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र करनैलगंज में चल रहा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार पारा गांव निवासी बड़काऊ चचरी से अपने घर लौट रहे थे जबकि करनैलगंज से आ रहे अंकित यादव की स्प्लेंडर से उनकी गाड़ी टकरा गईं जिसकी वजह से दोनों बाईकों में शॉर्ट सर्किट हुआ और इससे आग फैल गई। श्रावस्ती में आयुक्त का जनसंपर्क एवं निरीक्षण अभियान, जनसुनवाई से लेकर निर्माण कार्यों तक की गहन समीक्षा*

### संदिग्ध अवस्था में महिला की मौत, भाई ने लगाया प्रताड़ित करने का आरोप

**गोंडा, समृद्धि न्यूज।** कोतवाली देहात थाना क्षेत्र के भुल भुलिया गांव के निवासी 22 वर्षीय शहर बानो पत्नी हसनैन की घर पर संदिग्ध अवस्था में मौत हो गई। पुलिस ने उस के शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्ट मार्टम को भेजा है। मृतका शहर बानो का मायका आदमपुर गांव के निवासी कल्लू की पुत्री थी। उस के भाई बबलू ने बताया कि उस ने अपने बहन की शादी दो वर्ष पहले हसनैन के साथ किया था । शादी के कुछ दिनों तक सब ठीक चला बाद में दहेज और दूसरी शादी करने के चक्कर में प्रताड़ित करने लगे थे ।15 दिनों पूर्व उस के पति हसनैन ने मारा पीटा था ।सुलह को लेकर पंचायत भी किया था। पंचायत के दौरान तय हुआ था कि प्रताड़ित नहीं करेंगे द्व इस के बाद भी उस को प्रताड़ित कर रहे थे। बृहस्पतिवार की देर रात्रि में मृतका शहर बानो ने भाई बबलू के फोन पर फोन किया और कहा कि उस के पेट में बहुत दर्द हो रहा है। उस ने कहा कि किसी डाक्टर को दिखा के दवा ले लो ताकि ठीक हो जाए। सुबह दस बजे मृतका के पति हसनैन ने फोन कर के बताया कि तुम्हारी बहन की मौत हो गई है।

### ईट लदे ट्रैक्टर ट्रॉली के चपेट में आकर महिला की मौत

**गोंडा, समृद्धि न्यूज।** मोती गंज थाना क्षेत्र के पिपरा भिटौरा गांव के निवासी 32 वर्षीय सुनीता वर्मा पत्नी राम सुभाष वर्मा की बृहस्पतिवार की देर शाम को घर ईट लदे ट्रैक्टर ट्रॉली की चपेट में आकर दर्द नाक मौत हो गई। मृतका सुनीता वर्मा गांव में ही एक रिश्तेदार के यहां शादी का कार्य क्रम था। वही पर गई थी। देर शाम को वापस घर लौट रही थी ।सामने से आ रही ट्रैक्टर ट्रॉली की चपेट में आ आई। जिस से उस की दर्दनाक मौत हो गई।

### शादी में जा रहे साले-जीजा की मौत, टक्कर मारकर वाहन चालक हुआ फरार



**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** जिले के फखरपुर थाना क्षेत्र में देर रात हुए सड़क हादसे में साले और जीजा की मौत हो गई। दोनों बाइक से शादी समारोह में शामिल होने जा रहे थे, तभी अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। हादसे के बाद शादी वाले घर में खुशियों का माहौल मातम में बदल गया। बौंडी थाना क्षेत्र के समदा बाजार निवासी दीपक अपने बहनोई राकेश के साथ बाइक से हुजूरपुर थाना क्षेत्र के गुलहरिया गांव जा रहे थे। गुरुवार को दीपक के बड़े भाई अमन की शादी होनी थी। इसी दौरान कुंडसार-वजीरगंज मार्ग पर अखनापुर गांव के पास रात करीब 11 बजे अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे के बाद वाहन चालक मौके से फरार हो गया। आसपास मौजूद ग्रामीणों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी। सूचना पर थाना प्रभारी संजीव चौहान पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे, लेकिन तब तक दोनों की मौत हो चुकी थी। घटना की जानकारी मिलते ही शादी समारोह में कोहराम मच गया। दूल्हा अमन भी शादी की रस्में पूरी किए बिना मौके पर पहुंच गया। परिवार के लोगों का रो-रोकर बुरा हाल है। बताया गया कि राकेश की शादी चार साल पहले अमन की बहन से हुई थी। उनकी एक तीन साल की बेटी भी है। वहीं दीपक अविवाहित थे ।फखरपुर थाना प्रभारी ने बताया कि दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पुलिस दुर्घटना करने वाले अज्ञात वाहन की तलाश में जुटी है और मामले में आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

# राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन आज

- अधिक से अधिक वादकारियों से लाभ उठाने की अपील

बलरामपुर, समृद्धि न्यूज।

राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार और जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बलरामपुर के तत्वावधान में आगामी 9 मई 2026 को जनपद के समस्त न्यायालयों में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है।

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव श्री यशपाल वर्मा ने इस संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि लोक अदालत का आयोजन सुबह 10:00 बजे से प्रारंभ होगा, जहाँ बैंक ऋण विवाद, चेक बाउंस, मोटर दुर्घटना दावा, वैवाहिक एवं पारिवारिक विवाद, बिजली-पानी के बिल, राजस्व, दीवानी और श्रम संबंधी मामलों का निस्तारण आपसी सुलह-समझौते के आधार पर किया जाएगा। सचिव श्री यशपाल वर्मा ने समस्त वादकारियों से विशेष अपील करते हुए कहा कि लोक अदालत न्याय पाने का एक सुलभ और प्रभावी माध्यम है। इसमें मामलों के निस्तारण से न केवल समय और धन की बचत होती है, बल्कि कटुता समाप्त होती है और पक्षकारों के बीच प्रेम-भाव बना रहता है। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि लोक अदालत के माध्यम से होने वाले फैसलों में न्यायालय शुल्क (Court Fee) की वापसी का प्रावधान है और यहाँ दिया गया निर्णय अंतिम व बाध्यकारी होता है, जिसकी कहीं कोई अपील नहीं की जा सकती। श्री वर्मा ने जनपद के सभी नागरिकों और संबंधित पक्षकारों से अनुरोध किया है कि वे अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर अपने लंबित मुकदमों का निस्तारण कराएं और इस अवसर का भरपूर लाभ उठाएं।

# विश्व रेडक्रॉस दिवस : डीएम ने बांटी पोषण पोटली, सीएमओ ने किया रक्तदान

- यूनाइटेड इन ह्यूमैनिटी (मानवता के लिए एकजुट) थीम पर हुए विविध आयोजन
- जिले में 25 टीबी ग्रसित बच्चों को लिया गया गोद, डीएम ने स्वयं दो बच्चों का उठाया जिम्मा
- सीएचसी पर लगे स्वास्थ्य शिविर, कुपोषित बच्चों को बांटे गए फल

बहराइच, समृद्धि न्यूज।







मानवता, सेवा और बंधुत्व के संदेश के साथ गुरुवार को जिले में विश्व रेडक्रॉस दिवस पूरे उत्साह के साथ मनाया गया। इस वर्ष की थीम 'यूनाइटेड इन ह्यूमैनिटी' यानी मानवता के लिए एकजुट रही, जिसका उद्देश्य बिना किसी भेदभाव के जरूरतमंदों की सहायता करना तथा जाति, धर्म, भाषा और सीमाओं से ऊपर उठकर समाज में मानवता, सेवा और बंधुत्व की भावना को मजबूत करना है।

इस अवसर पर स्वास्थ्य सेवाओं, रक्तदान और जरूरतमंदों की मदद से जुड़े कई कार्यक्रम आयोजित किए गए। कार्यक्रम का शुभारंभ इंडियन रेड क्रॉस सोसायटी के अध्यक्ष एवं जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी ने किया। डीएम ने क्षय रोगियों को पोषण पोटली वितरित करते हुए कहा कि इस बीमारी से लड़ाई केवल दवाओं से नहीं, बल्कि समाज के सहयोग और बेहतर पोषण से भी जीती जा सकती है। इस दौरान कुल 25 टीबी ग्रसित बच्चों को गोद लिया गया, जिनमें से दो बच्चों के उपचार और पोषण का संकल्प स्वयं जिलाधिकारी ने लिया।

उधर, सोसायटी के सचिव एवं मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. संजय कुमार ने मेडिकल कॉलेज में आयोजित रक्तदान शिविर में स्वयं रक्तदान कर मिसाल पेश की। उन्होंने कहा कि एक यूनिट रक्त किसी जरूरतमंद के लिए जीवनदान साबित हो सकता है। इस मौके पर रेड क्रॉस सोसायटी की प्रबंध कार्यकारिणी के सदस्य पुत्तीलाल बाजपेयी ने संस्था के गौरवशाली इतिहास और सेवाभाव पर प्रकाश डालते हुए कहा कि रेडक्रॉस आज भी मानव सेवा और आपदा सहायता का मजबूत माध्यम बना हुआ है।

कार्यक्रम के दौरान पोषण पुनर्वास केंद्र में भर्ती कुपोषित बच्चों को अधिकारियों एवं स्वास्थ्यकर्मियों ने स्नेहपूर्वक फल वितरित कर उनके बेहतर स्वास्थ्य और उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

इस अवसर पर बच्चों और उनके अभिभावकों को पोषण, स्वच्छता तथा नियमित स्वास्थ्य जांच के महत्व के बारे में भी जानकारी दी गई। इसके अलावा जिले के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों पर संगोष्ठी और स्वास्थ्य शिविर आयोजित कर टीबी एवं गैर संचारी रोगों की स्क्रीनिंग की गई। साथ ही लोगों को नियमित जांच, संतुलित आहार तथा स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के प्रति जागरूक किया गया। इस मौके पर इंडियन रेड क्रॉस सोसायटी बहराइच के आजीवन सदस्य सीएमएस डॉ. एम.एम. त्रिपाठी, जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ. एम.एल. वर्मा, डीएचईआईओ बृजेश सिंह, अस्पताल प्रबंधक मो. रिजवान, शरद श्रीवास्तव और स्टाफ नर्स सीमा सहित सीफार संस्था के प्रतिनिधि व कई अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

# प्राइवेट इलाज करा रहे टीबी मरीजों तक पहुंच रही सरकारी मदद

### एचएलएफपीपीटी की पीपीएसए परियोजना के तहत 2444 मरीजों को मिला लाभ

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** राष्ट्रीय क्षयरोग उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत जिले में अब निजी क्षेत्र में इलाज करा रहे मरीजों को भी सरकारी योजनाओं और सुविधाओं से जोड़ने की प्रभावी पहल की जा रही है। राज्य स्तर से अनुबंधित संस्था हिंदुस्तान लेटेक्स फैमिली प्लानिंग प्रमोशन ट्रस्ट द्वारा संचालित पीपीएसए (रोगी-चिकित्सक सहायता एजेंसी) परियोजना के माध्यम से वर्ष 2022 से निजी चिकित्सकों के साथ समन्वय स्थापित कर टीबी मरीजों को सरकारी जांच, उपचार सहयोग, फॉलोअप और निक्षय पोषण योजना का लाभ दिलाया जा रहा है। जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ एम एल वर्मा के मार्गदर्शन में संचालित इस कार्यक्रम के तहत बीते वित्तीय वर्ष में जिले के 2444 टीबी मरीजों को नोटिफाई कर विभिन्न सरकारी सुविधाओं से जोड़ा गया। इसी क्रम में संस्था की कार्यकर्ता उषा मौर्या ने निजी चिकित्सक से इलाज ले रहे मानपुरवा दरगाह निवासी 80 वर्षीय मरीज सफ़ीउल्ला (बदला हुआ नाम) के घर पहुंचकर उनका कुशलक्षेम जाना और निक्षय पोषण योजना के अंतर्गत आभा ऑथेंटिकेशन एवं क्रिएशन की प्रक्रिया पूरी कराई। इसके साथ ही मरीज के लक्षणों की समीक्षा, कांटेक्ट ट्रेसिंग, दवा नियमित रूप से लेने की निगरानी, पोषण संबंधी परामर्श तथा निशुल्क बलगम जांच के बारे में जानकारी दी गई। उषा मौर्या ने बताया कि कार्यक्रम के अंतर्गत मरीजों के परिजनों को भी टीबी निरोधक दवाओं और संक्रमण से बचाव के उपायों के बारे में विस्तार से समझाया जा रहा है, ताकि बीमारी के प्रसार को रोका जा सके। एचएलएफपीपीटी के प्रोजेक्ट कोऑर्डिनेटर पंकज पाठक ने बताया कि उनकी टीम गांव-गांव जाकर आशा व आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों और ग्राम प्रधानों के साथ समन्वय स्थापित कर रही है। इसके माध्यम से अधिक से अधिक लोगों को जांच के लिए प्रेरित करने और टीबी के प्रति जागरूकता फैलाने का कार्य किया जा रहा है। जिला क्षय रोग अधिकारी का कहना है कि निजी क्षेत्र और सरकारी तंत्र के बीच यह समन्वय टीबी मरीजों को समय पर पहचानने, उपचार पूरा कराने और उन्हें सरकारी सहायता से जोड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है।

# वरिष्ठ भाजपा नेता व हिन्दू पूजन महासमिति के अध्यक्ष सुदामा मिश्रा का निधन, जनपद में शोक की लहर



बहराइच, समृद्धि न्यूज।

भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं श्री मां दुर्गा हिन्दू पूजन महासमिति के अध्यक्ष सुदामा मिश्रा (67 वर्ष) का गुरुवार देर शाम हृदयाघात से आकस्मिक निधन हो गया। उनके निधन की सूचना मिलते ही पूरे जनपद में शोक की लहर दौड़ गई। राजनीतिक, सामाजिक एवं धार्मिक संगठनों से जुड़े लोगों ने उनके निधन को अपूरणीय क्षति बताया। शुक्रवार को त्रिमुहानी घाट पर वैदिक मंत्रोच्चार एवं धार्मिक रीति-रिवाजों के साथ उनका अंतिम संस्कार किया गया, जहाँ बड़ी संख्या में लोगों ने नम आंखों से उन्हें अंतिम विदाई दी। सुदामा मिश्रा अपने सरल स्वभाव, सौम्य व्यक्तित्व और संगठन क्षमता के लिए पूरे जनपद में विशेष पहचान रखते थे। वे वर्षों से भाजपा संगठन और सामाजिक कार्यों में सक्रिय भूमिका निभाते रहे। उनके निवास पर अंतिम दर्शन के लिए सुबह से ही लोगों का तांता लगा रहा। भाजपा पदाधिकारियों, विभिन्न राजनीतिक दलों के नेताओं, सामाजिक कार्यकर्ताओं एवं आम नागरिकों ने पहुंचकर श्रद्धासुमन अर्पित किए।

### चार दशक तक संगठन को दी मजबूती

सुदामा मिश्रा ने वर्ष 1985 में भाजपा के सक्रिय कार्यकर्ता के रूप में अपने राजनीतिक जीवन की शुरुआत की थी। संगठन के प्रति उनकी निष्ठा और समर्पण के कारण उन्हें समय-समय पर कई महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां सौंपी गईं ।उन्होंने 1989 में वार्ड चुनाव संयोजक, 1991 में वार्ड अध्यक्ष तथा 1995 में सहकारिता प्रकोष्ठ के नगर अध्यक्ष के रूप में कार्य किया। वर्ष 1997 में स्थानीय निकाय प्रकोष्ठ की जिम्मेदारी संभाली और 2000 में पुनः वार्ड चुनाव संयोजक बनाए गए। वर्ष 2004 से 2007 तक भाजपा नगर अध्यक्ष रहते हुए उन्होंने संगठन को नई मजबूती प्रदान की ।इसके अलावा 2008 से 2010 तक जिला मीडिया प्रभारी, 2010 में जिला संयोजक (चुनाव प्रबंधन) तथा 2012 में सदर विधानसभा चुनाव संयोजक के रूप में भी उन्होंने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। हाल के विधानसभा चुनावों में भी वे बूथ प्रबंधन एवं मतदाता प्रमुख के रूप में सक्रिय रहे।

### धार्मिक एवं सामाजिक क्षेत्र में भी निभाई अहम भूमिका

राजनीति के साथ-साथ सुदामा मिश्रा धार्मिक एवं सामाजिक गतिविधियों में भी अग्रणी भूमिका निभाते थे। वर्तमान में वे श्री मां दुर्गा हिन्दू पूजन महासमिति के अध्यक्ष पद पर रहते हुए समाज को एकजुट करने का कार्य कर रहे थे। दुर्गा पूजा आयोजनों और धार्मिक कार्यक्रमों में उनकी विशेष सक्रियता रहती थी। समाज के हर वर्ग में उनकी गहरी पकड़ और सम्मान था ।उनके निधन पर शोक व्यक्त करते हुए भाजपा नेताओं ने कहा कि सुदामा मिश्रा ने अपना संपूर्ण जीवन संगठन, समाज सेवा और राष्ट्रवादी विचारधारा के लिए समर्पित कर दिया। उनका जाना भाजपा परिवार और समाज दोनों के लिए एक अपूरणीय क्षति है।

# कतर्नियाघाट में पर्यटकों ने देखा बाघ लोगों ने कैमरे में कैद की तस्वीरें

- हिरण-बाराहसिंगा, मोर समेत कई वन्यजीव देखे

बहराइच, समृद्धि न्यूज।





कतर्नियाघाट वन्य जीव प्रभाग में जंगल सफारी के दौरान पर्यटकों ने एक बाघ को देखा। नगर के गुरुनानक चौक निवासी एक परिवार ने बाघ को झाड़ियों में बैठे हुए करीब से देखा और उसकी तस्वीरें अपने कैमरे में कैद कर लीं। परविंदर सिंह सम्मी अपने परिवार के साथ कतर्नियाघाट वन्य जीव प्रभाग में सफारी का आनंद लेने गए थे। इस दौरान उन्होंने मोर, हिरण और बारहसिंगा जैसे कई वन्यजीवों को देखा। हालांकि, उनका असली रोमांच तब शुरू हुआ जब उन्हें झाड़ियों में बैठा एक बाघ दिखाई दिया।बाघ को इतने करीब से देखकर सभी पर्यटक रोमांचित हो उठे। बलजीत कौर, सुखविंदर कौर, मंजीत कौर, सतप्रीत सिंह, गगनदीप सिंह, जसप्रीत सिंह, अनमोल, सीरत, राज जोग, भवमान सिंह और मनीत सिंह सहित परिवार के सदस्यों ने बताया कि बाघ को देखना उनके लिए एक अविस्मरणीय अनुभव था। गेरूआ नदी के किनारे तराई क्षेत्र में फैला कतर्नियाघाट वन्य जीव प्रभाग अपनी समृद्ध जैव विविधता के लिए देशभर में जाना जाता है। यह जंगल हिरण, बारहसिंगा, तेंदुए, हाथी, डॉल्फिन, मोर और विभिन्न प्रजातियों के पक्षियों सहित कई दुर्लभ वन्यजीवों का घर है।

# केडीसी ग्रीन ने केडीसी ऑरेंज को 177 हराया रनों से हराया

- अक्षिव सिंह ने खेली शानदार शतकीय पारी

बहराइच, समृद्धि न्यूज।





किसान डिग्री कॉलेज के मैदान में केडीसी क्रिकेट अकादमी के तत्वाधान में अंडर-16 समर लीग क्रिकेट टूर्नामेंट में शुक्रवार को दूसरा मुकाबला केडीसी ग्रीन एवं केडीसी ऑरेंज टीमों के बीच खेला गया। मैच में मुख्य अतिथि के रूप में केडीसी के सचिव मेजर डॉ एसपी सिंह मौजूद रहे ।केडीसी ग्रीन के कप्तान साफ़वान खान ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया।

निर्धारित 50 ओवरों के इस मुकाबले में पहले बल्लेबाजी करते हुए केडीसी ग्रीन ने 9 विकेट के नुकसान पर 354 रनों का बड़ा स्कोर खड़ा किया। अक्षिव सिंह ने 17 चौकों की मदद से 109 रनों की शानदार शतकीय पारी खेली। अभय प्रताप ने 73 एवं यश श्रीवास्तव ने 50 रनों की पारी खेलकर उनका अच्छा साथ निभाया। केडीसी ऑरेंज की तरफ से कृष कुमार सिंह ने तीन, बाकी अन्य गेंदबाजों ने एक-एक विकेट अपने नाम किया। 355 रनों के स्कोर का पीछा करते हुए केडीसी ऑरेंज के बल्लेबाज बड़े स्कोर का दबाव नहीं झेल पाए और पूरी टीम 32वें ओवर में 177 रनों पर ऑल आउट हो गई। केवल कप्तान उपमन्यु वाजपेई ने अंत तक नाबाद रहते हुए 78 रनों की पारी खेली। अन्य कोई बल्लेबाज उनका साथ नहीं निभा पाया। केडीसी ग्रीन की तरफ से कप्तान साफ़वान खान ने शानदार गेंदबाजी करते हुए पांच विकेट लिए। केडीसी ग्रीन ने यह मुकाबला 177 रनों के बड़े अंतर से जीत लिया। उत्कृष्ट प्रदर्शन की बदौलत साफ़वान खान को मैच का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी घोषित किया गया आज के मैच में अंपायरिंग की भूमिका सत्यम पाठक एवं आशुतोष कैराती ने निभाई। स्कोरर की भूमिका में प्रदीप गुप्ता मौजूद रहे। मैच के दौरान आयुष चित्रांश प्रदीप गुप्ता तुषार सोनी सहित लोग उपस्थित रहे।

# कीटनाशक मुक्त ग्राम बनाने की दिशा में गन्ना विभाग ने बढ़ाये कदम

बहराइच, समृद्धि न्यूज।



- 60 गन्ना कृषकों के प्रक्षेत्र में लगाये गये सोलर लाइट ट्रैप

पारले चीनी मिल क्षेत्र के अन्तर्गत ग्राम मरौचा में कीट रक्षा हेतु समन्वित कीट नियन्त्रण अभियान के अन्तर्गत 60 गन्ना कृषकों के खेतों में सोलर लाइट ट्रैप (प्रकाश प्रपंच) की स्थापना पारले मिल के सौजन्य एवं गन्ना कृषि, उद्यान तथा रेशम विभाग के सहयोग से की गई।

जिला गन्ना अधिकारी आनन्द कुमार शुक्ल ने बताया कि सोलर लाइट ट्रैप सूर्य की रोशनी से चार्ज होता है और सूर्यास्त के बाद इसमें स्वतः बल्ब जल जाता है जो चार से पांच घण्टे तक जलता है। चूसक, बेधक एवं अन्य हानिकारक कीटों की तितलियों इस प्रकाश की तरफ आकर्षित होकर पहुँचती हैं और इस ट्रैप के जाल में फंस जाती हैं। कीटों के इस प्रकार फंसने से आगे इनकी वंश वृद्धि रूक जाती है। श्री शुक्ल ने बताया कि अमूमन एक तितली 500 से 1000 अण्डे देती है जिससे इन कीटों का बहुत तेज प्रसार होता है। इस प्रकाश प्रपंच से इनके प्रसार पर रोक लग जाने के कारण फसल को होने वाला नुकसान सीमित हो जाता है। एक अनुमान के अनुसार इन कीटों से गन्ने की फसल को सामान्यतः 8-10 प्रतिशत की क्षति होती है जबकि व्यापक आक्रमण की दशा में फसल को 25-50 प्रतिशत तक की क्षति का खतरा रहता है। जिला गन्ना अधिकारी ने बताया कि चीनी मिल एवं गन्ना विभाग के इस संयुक्त प्रयास द्वारा कृषकों को समन्वित कीट नियन्त्रण के प्रति जागरूक कर उन्हें इसे अपनाने की प्रेरणा मिलेगी एवं अन्य निकटवर्ती ग्रामों के कृषक भी इसके लाभ को देख कर उक्त प्रणाली को अन्य फसलों में अपनायेंगे जिससे हानिकारक रसायनों पर निर्भरता कम होगी साथ ही साथ मानव, मिट्टी एवं पर्यावरण के स्वास्थ्य का संरक्षण होगा। वर्तमान में सरकार की मंशा व प्राथमिकता हानिकारक रसायनों के प्रयोग को सीमित करना के अनुपालन में जनपद के कृषि एवं सम्बद्ध विभागों द्वारा उक्त कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर जनपद के उप कृषि निदेशक विनय कुमार वर्मा, सहायक निदेशक (रेशम) एम.के. सिंह, एसडीओ सदर शिशिर वर्मा,एवं पारले चीनी मिल के महाप्रबन्धक जगतार सिंह व आस-पास के ग्रामों के जागरूक कृषक उपस्थिति रहे।

# नलकूप ठप होने से किसान परेशान, सिंचाई प्रभावित

सादुल्लानगर/बलरामपुर, समृद्धि न्यूज।



विकास खंड रेहरा बाजार के सादुल्लानगर क्षेत्र में स्थित राजकीय नलकूप की पाइपलाइन क्षतिग्रस्त होने से किसानों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। नलकूप के ठप होने से गन्ने की फसलों की सिंचाई प्रभावित हो गई है, जिससे किसानों की चिंता बढ़ गई है।

बताया गया कि इस राजकीय नलकूप से मनुवागढ़, जिगनी, सादुल्लाह नगर, ऐदहा सहित कई ग्राम पंचायतों के किसान लाभान्वित होते थे। स्थानीय किसानों शहजाद, रूद्र कुमार यादव, मुहम्मद आजम, हशमत अली, महफूज, विनय, शकील, सैयद मुईद अहसन, नंद किशोर, बजरंगी, डल्लू, हसरत चौधरी, दिनेश आदि ने बताया कि पाइपलाइन और नाली क्षतिग्रस्त होने के कारण नलकूप से पानी की आपूर्ति पूरी तरह बाधित है।

किसानों ने यह भी बताया कि इसी तरह कोडरी, नेवादा, भेलयामदनपुर, गोल्हीपुर, पतकरपुर सहित अन्य गांवों में स्थित राजकीय नलकूपों की पाइपलाइन, नालियां और कुलाबे भी जर्जर अवस्था में हैं। इसके चलते ग्रामीणों और किसानों को सरकारी सिंचाई व्यवस्था का अपेक्षित लाभ नहीं मिल पा रहा है।

क्षेत्र के किसानों ने संबंधित विभाग से शीघ्र मरम्मत कार्य कराकर राजकीय नलकूपों की पाइपलाइन, नालियों और कुलाबों के पुनर्निर्माण की मांग की है, ताकि समय पर सिंचाई हो सके और फसलों को नुकसान से बचाया जा सके।

## मधुमक्खी पालन : न्यूजीलैंड के प्रतिनिधिमंडल से डिप्टी सीएम की शिष्टाचार भेंट

# सरकार किसानों, मधुमक्खी पालकों की आय बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध : केशव

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**



उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने भारत एवं न्यूजीलैंड के बीच कृषि एवं शहद उत्पादन क्षेत्र में सहयोग को लेकर न्यूजीलैंड के पांच सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल से शिष्टाचार भेंट एवं वार्ता की।

प्रतिनिधिमंडल भारत का प्रतिनिधित्व कर रही एपीडा तथा न्यूजीलैंड के सहयोग से संचालित हनी एक्शन प्लान के अंतर्गत प्रदेश के भ्रमण पर आया हुआ है। प्रतिनिधिमंडल में ईशान जयवर्धन प्रमुख सलाहकार-व्यापार योजना कार्यान्वयन एमपीआई टीम प्रमुख पीटर टेलर मेलानी फिलिप प्रियम अरोरा ,सुदेशना रे सम्मिलित रहे। प्रतिनिधिमंडल ने पूर्व में रायबरेली के शिवगढ़ में निर्माणाधीन सेंटर ऑफ एक्सीलेंस फॉर हनी तथा बाराबंकी में निर्मित सिंह मधुमक्खीवाला की इकाई का भ्रमण कर प्रदेश में शहद उत्पादन एवं प्रसंस्करण की संभावनाओं का अवलोकन कियाउपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने प्रतिनिधिमंडल का स्वागत करते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार किसानों मधुमक्खी पालकों एवं शहद उत्पादकों की आय बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है।

उन्होंने कहा कि भारत और न्यूजीलैंड के मध्य हुए मुक्त व्यापार समझौते के बाद कृषि एवं खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र में सहयोग की नई संभावनाएं विकसित हुई हैं, जिनका लाभ प्रदेश के किसानों और उद्यमियों को मिलेगा। उत्तर प्रदेश में प्राकृतिक संसाधनों, कृषि विविधता तथा ग्रामीण क्षेत्रों में मधुमक्खी पालन की अपार संभावनाएं मौजूद हैं। यदि आधुनिक तकनीक, प्रशिक्षण एवं बेहतर विपणन व्यवस्था उपलब्ध कराई जाए तो प्रदेश देश ही नहीं बल्कि वैश्विक स्तर पर भी शहद उत्पादन और निर्यात का प्रमुख केन्द्र बन सकता है।

उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि शहद उत्पादन, प्रसंस्करण एवं निर्यात को बढ़ावा देने हेतु विस्तृत कार्ययोजना तैयार की जाए तथा प्रतिनिधिमंडल को हर संभव सहयोग प्रदान किया जाए। प्रदेश सरकार किसानों को आत्मनिर्भर बनाने के साथ कृषि आधारित उद्योगों को भी प्रोत्साहित कर रही है, जिससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती मिल रही है। आधुनिक तकनीक और अंतरराष्ट्रीय सहयोग के माध्यम से प्रदेश में गुणवत्तापूर्ण शहद उत्पादन को नई दिशा मिलेगी तथा इससे रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे। प्रदेश के शहद उत्पादकों एवं निर्यातकों को वैश्विक बाजार से जोड़ने पर विशेष बल दिया।इस अवसर पर अपर मुख्य सचिव, उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण बीएल मीणा, शहद निर्यातक निर्मित सिंह मधुमक्खीवाला, एपीडा के अधिकारी तथा उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे।

# स्वच्छता अभियान को जन आंदोलन के रूप में आगे बढ़ाया जाए : शर्मा

- स्वच्छ सर्वेक्षण की तैयारियों को लेकर नगर विकास मंत्री ने की समीक्षा बैठक

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**

नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने संगम सभागार में स्वच्छ सर्वेक्षण 2025-26 की समीक्षा बैठक की। बैठक में प्रदेश भर से नगर आयुक्त, मेयर, पार्षद, ईओ एवं नगर विकास विभाग से संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।बैठक में स्वच्छ सर्वेक्षण 2025-26, सिटीजन फीडबैक, कूड़ा पृथक्करण, ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियमावली-2026 तथा आरआरआर मॉडल के प्रभावी क्रियान्वयन पर विस्तृत चर्चा की गई।



श्री शर्मा ने कहा कि स्वच्छता अभियान को जन आंदोलन के रूप में आगे बढ़ाया जाए तथा आमजन की अधिक से अधिक सहभागिता की जाए।उन्होंने नगर निकायों को निर्देश दिए कि नागरिकों से अधिक से अधिक सिटीजन फीडबैक प्राप्त किया जाए और वार्ड स्तर पर स्वच्छ वातावरण प्रोत्साहन समितियों को सक्रिय किया जाए। बैठक में डोर-टू-डोर कूड़ा कलेक्शन, सोर्स सेग्रीगेशन एवं वैज्ञानिक वेस्ट मैनेजमेंट व्यवस्था को मजबूत करने पर विशेष जोर दिया गया। आगामी मानसून को ध्यान में रखते हुए नाला-नालियों की नियमित सफाई, सिल्ट निकासी एवं जल निकासी व्यवस्था को दुरुस्त रखने के निर्देश दिए। साथ ही प्रत्येक निकाय में त्वरित कार्रवाई हेतु कीयूआरटी गठित करने पर बल दिया गया।बैठक में सार्वजनिक स्थलों को स्वच्छ एवं अतिक्रमण मुक्त बनाए रखने, व्यापक साफ-सफाई अभियान चलाने तथा स्वच्छता के प्रति व्यवहार परिवर्तन आधारित जागरूकता अभियान संचालित करने पर भी चर्चा की गई। अधिकारी पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य करेंताकि प्रदेश के शहरों को स्वच्छ, सुंदर और व्यवस्थित बनाया जा सके। नगर पंचायतों एवं नगर पालिकाओं के ईओ अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करते हुए बेहतर प्रदर्शन करें। लापरवाही या शिकायत प्राप्त नहीं होनी चाहिए।

## खबरें एक नजर में

### अलीगंज में वकील ने घर के अंदर खुद को मारी गोली

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** उत्तर प्रदेश की राजधानी के अलीगंज इलाके में 40 वर्षीय अधिवक्ता ने अपने घर में कथित तौर पर खुद को गोली मारकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। लखनऊ पुलिस की ओर से जारी बयान के अनुसार, गुरुवार रात लगभग 10.35 बजे आपातकालीन सेवा डायल-112 के माध्यम से घटना की सूचना मिली। फोन करने वाली महिला, शालिनी सिंह ने पुलिस को बताया कि उनके भाई शैलेंद्र प्रताप सिंह ने अलीगंज के सेक्टर-जी स्थित अपने घर में कथित तौर पर खुद को गोली मार ली। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची। परिवार के लोग शैलेन्द्र प्रताप सिंह को एम्बुलेंस से ट्रॉमा सेंटर ले गए, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस के अनुसार, अलीगंज थाने के प्रभारी निरीक्षक और अन्य पुलिसकर्मी मौके पर मौजूद रहे। पुलिस ने बताया कि आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जा रही है और मामले की गहन जांच की जा रही है।

### अखण्ड आर्यावर्त महासभा का कार्यकर्ता सम्मेलन 11 मई को

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** अखण्ड आर्यावर्त आर्य त्रिदंडी महासभा, उत्तर प्रदेश इकाई के कार्यकर्ताओं का सम्मेलन एवं सम्मान समारोह आगामी 11 मई को राय उमानाथ ऑडिटोरियम, भातखंडे विश्वविद्यालय, कैसरबाग, लखनऊ में आयोजित किया जा रहा है। इस कार्यक्रम की जानकारी देते हुए संगठन के प्रदेश अध्यक्ष चन्द्रमौलि शुक्ल ने बताया कि सम्मेलन का उद्घाटन प्रातः 11 बजे संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष ऋषि त्रिवेदी करेंगे। इस मौके पर देश-प्रदेश के साधू संत सहित विभिन्न हिन्दूवादी संगठनों के प्रतिनिधि एवं संगठन के कार्यकर्ता मौजूद रहेंगे। कार्यक्रम के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि सम्मेलन एवं सम्मान समारोह की सभी तैयारियां पूरी कर ली गयी है और इसमें देश-प्रदेश के विभिन्न हिस्सों से कार्यकर्ताओं का 10 मई से पहुंचना शुरू हो जायेगा। सम्मेलन के दौरान प्रदेश में संगठन की मजबूती, आगामी उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव में हिन्दूवादी विचारधारा रखने वाले प्रत्याशियों को उतारने और विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की जायेगी।

### तेज रफ्तार कार ने साइकिल सवार मामा-भांजे को मारी टक्कर, एक की मौत

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राजधानी लखनऊ के बीकेटी थाना क्षेत्र में शुक्रवार तड़के तेज रफ्तार कार ने साइकिल सवार मामा-भांजे को टक्कर मार दी। हादसे में मामा की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि भांजा गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे इलाज के लिए लोहिया अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मृतक की पहचान कल्याणपुर निवासी रामू कुमार (45) कुमार के रूप में हुई। वह अपने भांजे विजय के साथ गुरुवार रात किसान पथ के पास स्थित एक लॉन से काम खत्म कर साइकिल से घर लौट रहे थे। दोनों वेटर का काम करते थे। तड़के करीब 3 बजे बीकेटी इलाके में किसान पथ के पास पीछे से तेज रफ्तार कार ने उनकी साइकिल में टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि रामू कुमार सड़क पर दूर जा गिरे और उनकी मौके पर ही मौत हो गई। भांजा विजय उछलकर सड़क किनारे गड्ढे में जा गिरा। वह गंभीर रूप से घायल हो गया। राहगीरों और स्थानीय लोगों की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और घायल को लोहिया अस्पताल में भर्ती करवाया गया। मृतक रामू कुमार की पत्नी का नाम रामा है। परिवार में चार बेटियां और दो बेटे हैं। हादसे के बाद परिवार में कोहराम मचा हुआ है। पुलिस के मुताबिक, हादसे के बाद कार चालक मौके से फरार हो गया। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है, ताकि वाहन और चालक की पहचान की जा सके। बीकेटी पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजकर मामले की जांच शुरू कर दी है। बीकेटी तहसील में भ्रष्टाचार के खिलाफवकीलों का विरोध,

### लेखपाल पर कार्रवाई न होने से न्यायिक कार्य ठप

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** बीकेटी तहसील में भ्रष्टाचार के खिलाफअधिवक्ताओं ने विरोध प्रदर्शन किया है। लेखपाल पंकज शुक्ला पर कार्रवाई न होने से नाराज अधिवक्ताओं ने 8 मई, 2026 को न्यायिक कार्य से विरत रहकर अपना विरोध दर्ज कराया। अधिवक्ताओं का आरोप है कि बीकेटी तहसील में व्यापक भ्रष्टाचार फैला हुआ है। लेखपाल पंकज शुक्ला पर क्षेत्र में मनमानी तरीके से धन उगाही करने का आरोप है। इस संबंध में 6 मई को जिलाधिकारी, बख्शी का तालाब को एक ज्ञापन भी सौंपा गया था। हालांकि, ज्ञापन सौंपे जाने के बाद भी लेखपाल पंकज शुक्ला के खिलाफ अब तक कोई कार्रवाई नहीं की गई है। बीकेटी बार एसोसिएशन, लखनऊ के अध्यक्ष आशीष कुमार सिंह और महामंत्री जितेंद्र बहादुर सिंह ने बताया कि कार्रवाई न होने से अधिवक्ता साथियों में रोष व्याप्त है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि अगले तीन दिनों के भीतर लेखपाल पंकज शुक्ला के खिलाफकोई कार्रवाई नहीं होती है, तो वे आगे की रणनीति तय करने के लिए बैठक करेंगे और भ्रष्टाचार के खिलाफ आंदोलन शुरू करेंगे।

# संग्रहालयों में देखने को मिलेगी गौरवशाली इतिहास व संस्कृति की झलक : जयवीर

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**



- लखनऊ में पांच राज्य संग्रहालयों का कार्य पूर्ण अवशेष तीन संग्रहालयों के कार्य प्रगति पर

पर्यटक एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि विगत 5 वर्षो में किए गए निर्माण कार्यो के अंतर्गत 5 राज्य संग्रहालय लखनऊ में पूरे कराए गए है तथा 3 राज्य संग्रहालयों के कुछ कार्य अवशेष है, उन्हे भी शीघ्र पूरा करा दिया जाएगा। राज्य संग्रहालय लखनऊ में विदेशी मुर्तिकला गैलरी की मूर्तियों को स्थानांतरित कर संग्रहालय परिसर में रखने का कार्य अप्रैल में पूर्ण कर लिया गया है। इसी प्रकार राज्य संग्रहालय लखनऊ के सभागार के सौंदर्यीकरण के कार्य पूर्ण कर उद्घाटन 27 अगस्त, 2025 को कर दिया गया है। राज्य संग्रहालय लखनऊ के चतुर्थ पार्श्व गैलिरियों के पहुंच मार्ग, शौचालय, विद्युत एवं सौंदर्यीकरण पूर्ण कराकर स्थानातंरित किया जा चुका है। इसी प्रकार राज्य संग्रहालय लखनऊ में प्राकृतिक विज्ञान संग्रहालय को 2483.05 लाख रूपये की धनराशि से निर्मित कराकर मुख्यमत्री द्वारा 04 मार्च 2024 को आम जनता को समर्पित किया जा चुका है। राज्य संग्रहालय लखनऊ में स्थित अवधि गैलरी नवाबी कला के सुदृढ़ीकरण एवं नवीनीकरण का कार्य 171.80 लाख रूपये से पूर्ण कराकर शुभारंभ करा दिया गया है। राज्य संग्रहालय लखनऊ परिसर में स्थित ओल्ड कोठी में कैफेटेरिया आदि का कार्य 459.12 लाख रूपये की लागत से कराया जा रहा है। प्रगति के अंतिम चरण में है। राज्य संग्रहाल में भवन के बेसमेंट कक्षों के सुदृढ़ीकरण का कार्य 460.49 लाख रूपये से कराया जा रहा है। यह कार्य प्रगति के अंतिम चरण में है। राज्य संग्रहालय परिसर में सीवर लाइन एवं रेन वाटर हारवेस्टिंग प्लांट एवं नलकूप बोरिंग के स्थापना संबंधी कार्य 174.66 लाख रूपये से कराया जा रहा है।

### स्पीकर ने पूरी की स्वगणना की प्रक्रिया



**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** उत्तर प्रदेश विधानसभा के स्पीकर ने आज स्वगणना की प्रक्रिया पूरी की। उत्तर प्रदेश में गुरुवार से डिजिटल जनगणना के प्रथम चरण के शुभारंभ के बाद उत्तर प्रदेश विधान सभा के अध्यक्ष सतीश महाना ने अपने विधानसभा कार्यालय में पोर्टल पर स्वयं अपनी जानकारी दर्ज कर 'स्वगणना' की प्रक्रिया पूरी की। उन्होंने कहा कि इस प्रक्रिया में सभी को बढ़चढ़कर भाग लेना चाहिए।यह प्रक्रिया नितांत आवश्यक है। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश की जनगणना महानिदेशक शीतल वर्मा एवं नगर आयुक्त गौरव कुमार उपस्थिति रहे।

# निपुण भारत मिशन से सशक्त हो रही आधारभूत शिक्षा : संदीप

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**



बेसिक शिक्षा मंत्री संदीप सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश सरकार 'निपुण भारत मिशन' के माध्यम से बच्चों में आधारभूत साक्षरता एवं संख्यात्मक दक्षता विकसित करने के लिए प्रभावी एवं परिणाममुखी प्रयास कर रही है। प्रारंभिक शिक्षा किसी भी राष्ट्र के भविष्य की मजबूत नींव होती है और सरकार प्रत्येक बच्चे तक गुणवत्तापूर्ण, समावेशी एवं आधुनिक शिक्षा पहुंचाने के लिए निरंतर कार्य कर रही है।

मंत्री संदीप सिंह ने शुक्रवार को लखनऊ में आयोजित देवी संस्थान डिग्निटी एजुकेशन विजन इंटरनेशनल द्वारा आयोजित 'फाउंडेशनल लिटरेसी एंड न्यूमेरसी' विषयक लीडरशिप कॉन्क्लेव को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा बेसिक शिक्षा को आधुनिक एवं तकनीक आधारित बनाने के लिए निरंतर कार्य किया जा रहा है। प्रदेश के हजारों विद्यालयों में स्मार्ट क्लास, आईसीटी लैब एवं डिजिटल लाइब्रेरी की स्थापना कर विद्यार्थियों को डिजिटल शिक्षण व्यवस्था से जोड़ा गया है। इससे बच्चों में सीखने की क्षमता, रचनात्मकता एवं तकनीकी दक्षता का विकास हो रहा है। 'निपुण भारत मिशन' के अंतर्गत बच्चों की भाषा, गणित एवं समझ विकसित करने के लिए नवाचार आधारित शिक्षण पद्धतियों को अपनाया जा रहा है। सरकार का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि प्रत्येक बच्चा प्रारंभिक स्तर पर पढ़ने, लिखने और गणना करने में दक्ष बन सके। योगी सरकार शिक्षा के क्षेत्र में व्यापक सुधारों के माध्यम से नई पीढ़ी को आत्मनिर्भर एवं प्रतिस्पर्धी बनाने की दिशा में कार्य कर रही है। शिक्षा व्यवस्था में तकनीकी नवाचारों को शामिल कर विद्यार्थियों को भविष्य की चुनौतियों के अनुरूप तैयार किया जा रहा है।

# लापरवाही पर पांच डॉक्टर बर्खास्त

- सीएमओ समेत 16 अधिकारियों पर गिरी गाज

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**

यूपी सरकार ने स्वास्थ्य विभाग में लापरवाही, अनियमितताओं और कर्तव्य पालन में कोताही के मामलों में सख्त रुख अपनाते हुए पांच डॉक्टरों को सेवा से बर्खास्त कर दिया है तथा कई स्वास्थ्य अधिकारियों और डॉक्टरों के खिलाफविभागीय कार्रवाई के आदेश दिए हैं।

उपमुख्यमंत्री एवं स्वास्थ्य मंत्री ब्रजेश पाठक के कार्यालय की ओर से जारी बयान के अनुसार, लंबे समय तक बिना सूचना ड्यूटी से अनुपस्थित रहने और चिकित्सा कार्य से दूर रहने के आरोप में पांच चिकित्सा अधिकारियों को सेवा से हटाया गया है। बर्खास्त किए गए डॉक्टरों में गोरखपुर जिला अस्पताल की डॉ. अलकनंदा, कुशीनगर सीएमओ कार्यालय में तैनात डॉ. रामजी भारद्वाज, बलरामपुर के डॉ. सौरभ सिंह, अमेठी के सीएचसी जगदीशपुर के डॉ. विकलेश कुमार शर्मा और औरैया के सीएचसी दिबियापुर की डॉ. मोनिका वर्मा शामिल हैं। बयान के अनुसार, सरकार ने अंबेडकर नगर में निजी अस्पतालों, नर्सिंग होम और अल्ट्रासाउंड केंद्रों के पंजीकरण एवं नवीनीकरण में कथित अनियमितताओं के मामले में सीएमओ डॉ. संजय कुमार शैवाल और डिप्टी सीएमओ डॉ. संजय वर्मा समेत 16 चिकित्सा अधिकारियों के खिलाफ विभागीय अनुशासनात्मक कार्रवाई के आदेश दिए हैं। प्रारंभिक जांच में इन अधिकारियों पर सरकारी मानकों के उल्लंघन, पद के दुरुपयोग और निजी हितों के लिए फाइलों को मंजूरी देने के आरोप सही पाए गए। जांच एक अपर जिलाधिकारी समेत तीन सदस्यीय समिति ने की थी। हरदोई में अवैध निजी अस्पतालों के खिलाफकार्रवाई न करने और जिम्मेदारियों की अनदेखी के आरोप में चिकित्सा अधीक्षक डॉ. मनोज कुमार सिंह के खिलाफ भी विभागीय कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं। वहीं, जिले में वरिष्ठ अधिकारियों की मौजूदगी के बावजूद एक जूनियर डॉक्टर को वरिष्ठ जिम्मेदारी सौंपने पर सीएमओ से स्पष्टीकरण मांगा गया है। बयान में कहा गया है कि इलाज में लापरवाही, प्रशासनिक चूक, अनुचित मेडिको-लीगल जांच और सहकर्मियों से दुर्व्यवहार जैसे मामलों में भी कई डॉक्टरों पर कार्रवाई शुरू की गई है। इनमें प्रयागराज के डॉ. शमीम अख्तर, सुल्तानपुर के सीएचसी लंभुआ में तैनात एक डॉक्टर और फार्मासिस्ट, तथा मथुरा जिला अस्पताल के दो डॉक्टर शामिल हैं। चिकित्सा कर्तव्यों में कथित लापरवाही के लिए बलरामपुर, वाराणसी, बदायूं, लखीमपुर खीरी और संभल समेत कई जिलों में तैनात डॉक्टरों के खिलाफ भी विभागीय कार्रवाई के आदेश दिए गए हैं। बदायूं के सरकारी मेडिकल कॉलेज में आर्थोपेडिक्स विभाग के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. रितुज अग्रवाल पर महिला डॉक्टर और अन्य सहकर्मी के साथ दुर्व्यवहार के आरोप में अनुशासनात्मक कार्रवाई की जा रही है। लापरवाही के अलग-अलग मामलों में बहराइच की डॉ. प्रतिभा यादव और मथुरा के डॉ. राकेश सिंह के खिलाफ कदम उठाया गया है।

# हम वो नहीं जो मुश्किल में साथ छोड़ दें : अखिलेश यादव

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**

पश्चिम बंगाल और तमिलनाडु विधानसभा चुनावों में क्रमशः तृणमूल कांग्रेस और द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) को करारी शिकस्त मिलने के बाद, समाजवादी पार्टी (सपा) प्रमुख अखिलेश यादव ने एकजुटता का संदेश देते हुए शुक्रवार को कहा कि वह मुश्किल समय में उनका साथ नहीं छोड़ेंगे।

उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, हम वो नहीं जो मुश्किलों में साथ छोड़ दें। यादव ने तृणमूल कांग्रेस सुप्रीमो ममता बनर्जी और द्रमुक प्रमुख एमके स्टालिन के साथ अपनी हालिया मुलाकात की तस्वीरें भी पोस्ट कीं। दोनों निवर्तमान मुख्यमंत्री-बनर्जी और स्टालिन-हाल में संपन्न हुए विधानसभा चुनावों में अपनी-अपनी सीट भी हार गए। यादव की यह पोस्ट काफी मायने रखती है क्योंकि बंगाल विधानसभा चुनावों में तृणमूल कांग्रेस की हार के बाद सपा प्रमुख ने वीरवार को कोलकाता में ममता बनर्जी से मुलाकात कर उनके प्रति एकजुटता व्यक्त की थी। तृणमूल के राष्ट्रीय महासचिव अभिषेक बनर्जी ने ममता के कालीघाट स्थित आवास पर



अखिलेश का स्वागत किया था। यह मुलाकात सियासी लिहाज से बेहद अहम मानी जा रही है, क्योंकि चार राज्यों और एक केंद्र शासित प्रदेश के विधानसभा चुनावों के नतीजे आने के बाद विपक्षी दल अपनी रणनीतियों पर फिर से विचार कर रहे हैं। बताया जा रहा है कि ममता से मुलाकात में अखिलेश ने बंगाल विधानसभा चुनाव के बाद की राजनीतिक स्थिति पर चर्चा की और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के खिलाफ विपक्षी एकता के लिए अपने समर्थन को दोहराया। अखिलेश ने आरोप लगाया था कि बंगाल में चुनाव उत्तर प्रदेश मॉडल की तर्ज पर डरा-धमका कर और हेरफेर कर कराए गए। वहीं, ममता ने पश्चिम बंगाल चुनावों में तृणमूल कांग्रेस की हार के बाद विपक्षी इंडिया गठबंधन को मजबूत करने का संकल्प लिया है।

# भाजपा की संगठनात्मक बैठक सम्पन्न, बूथ समितियों को मजबूत करने पर जोर

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**

- कार्यकर्ताओं के साथ आगामी संगठनात्मक कार्यक्रमों व जनसंपर्क अभियान को लेकर किया गया विचार-विमर्श

राजधानी के सरोजनीनगर विधानसभा क्षेत्र में भाजपा के दक्षिण प्रथम मंडल कार्यालय पर शुक्रवार को एक महत्वपूर्ण संगठनात्मक बैठक आयोजित की गई। यह बैठक मंडल अध्यक्ष के. के. श्रीवास्तव के नेतृत्व में हुई।

बैठक में टीम राजेश्वर के सदस्य, मंडल महामंत्री राजन गुप्ता, मंडल महामंत्री नीरज श्रीवास्तव, मंडल मंत्री प्रीतम सिंह, सभी सेक्टर संयोजक और वरिष्ठ कार्यकर्ता उपस्थित रहे। इस दौरान बूथ समितियों के पुनर्गठन और संगठन को सशक्त बनाने पर विस्तार से चर्चा की गई। विधायक द्वारा उपलब्ध कराई गई मतदाता सूची मंडल अध्यक्ष और सभी सेक्टर संयोजकों को वितरित की गई। इसका उद्देश्य प्रत्येक बूथ स्तर पर संगठन को मजबूत करना और कार्यकर्ताओं की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करना है। कार्यकर्ताओं के साथ आगामी संगठनात्मक कार्यक्रमों और जनसंपर्क अभियान को लेकर भी विचार-विमर्श किया गया। उपस्थित पदाधिकारियों ने बूथ स्तर तक पार्टी की नीतियों और योजनाओं को पहुंचाने का संकल्प लिया। इस अवसर पर विधायक प्रतिनिधि प्रदीप मिश्रा, सूर्य प्रकाश मिश्रा, अशोक ओझा, अभय सिंह, संतोष देवी, पूर्व अध्यक्ष राजेश गुप्ता, विनीत सिंह और रमन श्रीवास्तव सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद थे।

बैठक का समापन मजबूत बूथ, मजबूत संगठन के संकल्प के साथ हुआ। टीम राजेश्वर ने प्रत्येक मतदाता तक पहुंच सुनिश्चित करने और संगठन को जमीनी स्तर पर और अधिक मजबूत बनाने के लिए निरंतर कार्य करने की प्रतिबद्धता दोहराई।

### पंकज चौधरी ने जताया शोक



**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी व प्रदेश महामंत्री संगठन धर्मपाल सिंह ने पत्रकार लालमणि वर्मा के पिता बाबूराम वर्मा के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष पंकज चौधरी ने ईश्वर से दिवंगत आत्मा को अपने श्री चरणों में स्थान देने की प्रार्थना करते हुए शोक संतप्त परिजनों के प्रति संवेदनाएं व्यक्त की है।

## सराहनीय — 1,000 रुपये प्रति माह मिल रही आर्थिक सहायता

# बुजुर्ग महिलाओं का सहारा योगी सरकार, 29,23,364 महिलाओं को पेंशन

- जौनपुर में सबसे ज्यादा बुजुर्ग महिलाएं लाभान्वित, दूसरे नंबर पर आजमगढ़, तीसरे पर बलिया

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देशन में संचालित वृद्धावस्था पेंशन योजना लाखों बुजुर्ग महिलाओं के लिए बड़ी राहत बनकर सामने आई है।

प्रदेश सरकार वर्तमान में 29,23,364 बुजुर्ग महिलाओं को वृद्धापेंशन का लाभ दे रही है। आर्थिक रूप से कमजोर और असहाय महिलाओं के लिए यह योजना जीवन का मजबूत सहारा साबित हो रही है। योगी सरकार में 1,000 रुपये प्रति माह की आर्थिक सहायता दी जाती है। डीबीटी के जरिए हर तिमाही 3,000 रुपये सीधे बैंक खाते में भेजे जाते हैं, नियमित पेंशन मिलने से न केवल उनकी दैनिक जरूरतें पूरी हो रही हैं, बल्कि उनमें आत्मसम्मान और आत्मनिर्भरता की भावना मजबूत हुई है। समाज कल्याण विभाग के अधिकारियों के मुताबिक वृद्धावस्था पेंशन योजना को पारदर्शिता के साथ संचालित किया जा रहा है। पेंशन की धनराशि सीधे लाभार्थियों के बैंक खातों में भेजी जा रही है, जिससे बिचौलियों की भूमिका खत्म हुई है और पात्र महिलाओं तक समय पर सहायता पहुंच रही है।

योगी सरकार की इस पहल से ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में रहने वाली बुजुर्ग महिलाओं को बड़ा आर्थिक संबल मिला है। जौनपुर जिला वृद्धावस्था पेंशन योजना का सबसे बड़ा लाभार्थी जिला बनकर उभरा है। यहां 1,00,820 बुजुर्ग महिलाओं को पेंशन का लाभ मिल रहा है। दूसरे स्थान पर आजमगढ़ है, जहां 86,166 महिलाओं को योजना से जोड़ा गया है। बलिया में 79,160 बुजुर्ग महिलाएं इस योजना का लाभ उठा रही हैं। पूर्वांचल के जिलों में आर्थिक रूप से कमजोर बुजुर्ग महिलाओं को इस योजना से जोड़कर उन्हें सामाजिक सुरक्षा प्रदान की गई है।

योगी सरकार में 1,000 रुपये प्रति माह की आर्थिक सहायता दी जाती है। डीबीटी के जरिए हर तिमाही 3,000 रुपये सीधे बैंक खाते में भेजे जाते हैं, दवा, राशन और अन्य आवश्यक खर्चों में यह राशि काफी मददगार साबित हो रही है। ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाली बुजुर्ग महिलाओं के लिए यह योजना सम्मानपूर्वक जीवन जीने का आधार बन रही है।

# प्रवक्ता संवर्ग भर्ती परीक्षा आज व 10 मई को

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**

- 624 पदों के लिए 4.64 लाख से अधिक अभ्यर्थी होंगे शामिल

शिक्षा सेवा चयन आयोग प्रयागराज द्वारा प्रवक्ता संवर्ग के 18 विषयों के 624 पदों हेतु लिखित परीक्षा का आयोजन 09 एवं 10 मई को किया जाएगा। परीक्षा प्रतिदिन दो पालियों में आयोजित होगी, जिसमें 4,64,605 पंजीकृत अभ्यर्थी प्रतिभाग करेंगे। आयोग के अध्यक्ष डॉ. प्रशांत कुमार ने 17 जनपदों के 319 परीक्षा केंद्रों की तैयारियों की गहन समीक्षा की। परीक्षा केंद्रों पर परीक्षा संबंधी तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं।

परीक्षा केंद्रों के कक्षों एवं महत्वपूर्ण स्थलों को एआई आधारित सीसीटीवी कैमरों से आच्छादित कर जिला कंट्रोल रूम तथा आयोग के अत्याधुनिक इंटीग्रेटेड कंट्रोल कमांड रूम से जोड़ा गया है। आयोग द्वारा सभी केंद्रों की कनेक्टिविटी का सफल परीक्षण भी कर लिया गया है।आयोग की ओर से परीक्षा के सघन अनुश्रवण के लिए प्रत्येक जनपद में एक-एक प्रेक्षक नियुक्त किया गया है। जिलाधिकारी, वरिष्ठ पुलिस अधिकारी एवं निगरानी टीमें लगातार परीक्षा केंद्रों का भ्रमण करेंगी। परीक्षा केंद्रों के आसपास निषेधाज्ञा लागू रहेगी तथा पर्याप्त सुरक्षा बल तैनात किए जाएंगे। आयोग ने स्पष्ट किया है कि परीक्षा की शुचिता प्रभावित करने वाले व्यक्तियों एवं नकल माफियाओं के विरुद्ध कठोर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

9 मई को प्रथम पाली में भौतिक विज्ञान, जीव विज्ञान, गृह विज्ञान, इतिहास एवं शिक्षाशास्त्र सहित 6 विषयों तथा द्वितीय पाली में अंग्रेजी, कृषि, वाणिज्य एवं समाजशास्त्र सहित 4 विषयों की परीक्षा आयोजित की जाएगी।10 मई को प्रथम पाली में नागरिक शास्त्र, गणित, अर्थशास्त्र, संस्कृत एवं मनोविज्ञान सहित 5 विषयों तथा द्वितीय पाली में रसायन विज्ञान, भूगोल, हिन्दी एवं कला सहित 4 विषयों की परीक्षा संपन्न कराई जाएगी।

अध्यक्ष डॉ. प्रशांत कुमार ने बताया कि परीक्षा केंद्रों पर मोबाइल फोन सहित किसी भी प्रकार की इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगी। एआई तकनीक की सहायता से संदिग्ध अभ्यर्थियों की पहचान की गई है, जिन्होंने एक ही नाम से अलग-अलग फोटो के साथ अथवा एक ही फोटो के साथ अलग-अलग नामों से आवेदन किया है।

ऐसे परीक्षार्थियों पर विशेष निगरानी रखी जाएगी। पारदर्शिता बढ़ाने के उद्देश्य से आयोग द्वारा अभिनव प्रयोग के रूप में लखनऊ मंडल के 10 परीक्षा केंद्रों पर पायलट प्रोजेक्ट शुरू किया जा रहा है।

# सीडीओ निरीक्षण: बीएसए समेत कई कुर्सियां खाली, स्पष्टीकरण मांगा

- सीडीओ के निरीक्षण में बगैर सूचना बीएसए अनुपस्थिति, फोन कर जताई नाराजगी
- वृहद गोसंरक्षण केन्द्र सल्लिया का निरीक्षण, सुधार के दिशा निर्देश दिए





**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

शाहजहांपुर में चार्ज संभालने के बाद से ही सीडीओ उत्कर्ष द्विवेदी का ताबड़तोड़ एक्शन जारी है। स्वास्थ्य महकमे से लेकर बेसिक शिक्षा विभाग, गोशालाओं की व्यवस्थाएं दुरुस्त रखने को लेकर वह रोजाना निरीक्षण कर रहे हैं। इसी क्रम में उन्होंने बीएसए आफिस का औचक निरीक्षण किया तो उन्होंने पाया कि जिला बेसिक अधिकारी, लेखाधिकारी समेत कई जिम्मेदार अधिकारी बगैर सूचना अनुपस्थित है। जिस पर सीडीओ ने फोन कर नाराजगी जाहिर करते हुए स्पष्टीकरण मांगा। साथ ही कार्यालय में अनुपस्थित अन्य कर्मियों का वेतन रोकने, कार्यालय अभिलेखों को सुव्यवस्थित रखने, साफ सफाई व्यवस्था दुरुस्त बनाने के निर्देश दिए। वही सीडीओ ने आफिस का रजिस्टर जब्त करते हुए, अपने साथ ले गये। सीडीओ के औचक निरीक्षण के बाद बेसिक शिक्षा विभाग के अधिकारियों कर्मचारियों में हड़कंप मच गया।

## गोसंरक्षण केन्द्र में लगे कूड़े के ढ़ेर, सीडीओ का पारा हाई

बीएसए आफिस निरीक्षण उपरांत सीडीओ ने ब्लाक भावलखेड़ा के वृहद गौसरक्षण केन्द्र सल्लिया का निरीक्षण किया। निरीक्षण के समय केन्द्र में जगह-जगह पर जलभराव, गोबर के ढेर लगे थे, जिसमें सडन की स्थिति पैदा हो रही थी। जिस पर सीडीओ का पारा चढ़ गया और उन्होंने गौशाला की सफाई व्यवस्था सुदृढ न होने के कारण गौशाला में संरक्षित गौवंशो पर इसका विपरीत प्रभाव पड़ने की प्रबल आशंका बताई। गौसरक्षण केन्द्र की सफाई व्यवस्था सही कराये जाने को कहा। गौसंरक्षण केन्द्र में गौवंशो हेतु हरा चारा नही पाया गया, भूसे का स्टाक कम पाया गया एवं चोकर की बोरी स्टाक रजिस्टर के सापेक्ष कम पाई गयी। चोकर भूसे में दबा पाया गया। सीडीओ ने बताया कि ऐसा प्रतीत होता है कि गौवंशो को मानक के अनुसार चोकर नही दिया जा रहा है। इसमें तत्काल सुधार कराये जाने की आवश्यकता है। गौवंश अत्यन्त दुर्बल अवस्था में पाये, जिससे प्रतीत होता है कि गौवंशो को भर पेट भोजन नही दिया जाता है एवं पशु चिकित्सक द्वारा उनकी नियमित देख-भाल नही की जाती है। इसमें तत्काल सुधार हो। गौशाला की टीन टूटी पाई, गायों,नंदियो एवं गायों के बच्चों के लिए अलग-अलग बाड़े नहीं पाये गये। ऐसी स्थिति में गायों एवं नन्दियों के आपस में लड़कर घायल होने व छोटे बच्चों के चोटिल होने की प्रबल सम्भावना है। गौशाला में इनके बाड़े अलग-अलग होना आवश्यक है। गौशाला में लगे कैमरे बन्द पाये, तत्काल सही कराकर चालू कराये जाने के दिशा निर्देश दिए। सीडीओ ने सीवीओ को निर्देशित किया कि वह गौसंरक्षण केन्द्र की देख-भाल करने वाली संस्था सोशल हेरिटेज फाउण्डेशन से गौशाला की देख-भाल हेतु अवमुक्त की गयी शासकीय धनराशि की वसूली करें। इसके साथ-साथ जनपद में संचालित वृहद गौसंरक्षण केन्द्रों का समय-समय पर स्वयं भी निरीक्षण करें। इसके अतिरिक्त जनपद में संचालित समस्त गौशालाओं के जिला स्तरीय अधिकारियों से निरीक्षण कराये जाने के लिए रोस्टर तैयार कर पत्रावली 3 दिवस में प्रस्तुत करने की बात कही।

## वाहन की अज्ञात टक्कर से स्कूटी सवार दो छात्र घायल

तिलहर-शाहजहांपुर। स्कूटी से स्कूल आ रहे दो छात्रों को एक अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। जिससे दोनों छात्र गम्भीर रूप से घायल हो गए। परिजन सीएचसी ले गए। जिनमें से एक छात्र को गंभीरावस्था में जिला मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। हाईवे

- एक जिला मेडिकल कॉलेज रेफर

स्थित सरऊ पुलिया के समीप अज्ञात वाहन ने नगर से एक निजी स्कूल के छात्रों की स्कूटी में टक्कर मार दी । जिससे कटरा थाना क्षेत्र के गांव अकबरिया निवासी राजीव गंगवार का 15 वर्षीय बेटा आर्यन व कसरक निवासी अशोक कुमार का 16 वर्षीय बेटा संचित गंगवार घायल हो गया। जिन्हें परिजन सीएचसी ले गए। जहां से प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टर ने आर्यन को जिला मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया।

## खबरें एक नजर में

### लेखपाल पर मनमानी और फर्जी रिपोर्ट लगाने का आरोप, किसानों में नाराजगी

**खुटार, शाहजहांपुर।** क्षेत्र के गांव इटौआ, कुसुमा, सौफरी, नगरा, लालपुर और कुइयां में तैनात लेखपाल पर किसानों ने गंभीर आरोप लगाए हैं। ग्रामीणों का कहना है कि सरकारी कार्यों में लापरवाही और मनमानी के चलते लोगों को परेशान होना पड़ रहा है। किसानों का आरोप है कि बिना सुविधा शुल्क दिए प्रमाण पत्रों सहित अन्य कार्य समय से नहीं किए जाते। मामला उस समय चर्चा में आया जब इटौआ गांव की एक महिला किसान ने बेमौसम बारिश से गेहूं की फसल खराब होने पर जनसुनवाई पोर्टल पर मुआवजे की मांग की। आरोप है कि शिकायत के करीब चार सप्ताह बाद लेखपाल की ओर से पोर्टल पर रिपोर्ट लगाई गई, जिसमें फसल पहले ही काटे जाने की बात दर्शा दी गई। महिला किसान का कहना है कि संबंधित अधिकारी ने मौके पर पहुंचकर निरीक्षण नहीं किया और न ही किसी प्रकार की जानकारी ली। किसान के अनुसार खेत में पानी भर जाने के कारण फसल बाद में काटनी पड़ी थी। वहीं रिपोर्ट में लगाए गए गवाह के हस्ताक्षर को लेकर भी सवाल उठे हैं। संबंधित व्यक्ति ने हस्ताक्षर अपने न होने की बात कही है। घटना के बाद क्षेत्र के किसानों में नाराजगी देखी जा रही है। ग्रामीणों ने जिलाधिकारी से मामले की निष्पक्ष जांच कर कार्रवाई किए जाने की मांग की है।

### रेड क्रॉस कार्यालय में मनाया गया रेड क्रॉस दिवस



**शाहजहांपुर।** मुख्य चिकित्सा अधिकारी प्रांगड़ स्थित रेड क्रॉस कार्यालय में विश्व रेड क्रॉस दिवस के अवसर पर एक विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर विवेक कुमार मिश्रा, अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी, रेडक्रॉस के सभापति डॉ पी पी श्रीवास्तव एवं सहयोग संस्था के संस्थापक शाहनवाज खान, डॉक्टर शाहिद अख्तर ने हेनरी डोनेट के चित्र पर माला एवं पुष्प अर्पित कर मुख्य अतिथियों का शाल एवं पटका पहनाकर तथा रेड क्रॉस का प्रतीक चिन्ह देकर स्वागत किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ जरूरतमंद लोगों को त्रिपाल औढने एवं बिछाने के वस्त्र, मिष्ठान एवं फल आदि वितरित कर हर्षोल्लास से रेडक्रॉस दिवस मनाया गया। इस अवसर पर सचिव डॉ विजय जोहरी ने बताया की यह दिवस रेड क्रॉस आंदोलन के संस्थापक हेनरी ड्यूनांट के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में मनाया जाता है। इसका धर्म मानव सेवा है। रेड क्रॉस को तीन नोबेल पुरस्कार मिल चुके है इसकी स्थापना जिनेवा स्विट्जरलैंड में 1863 में हुई थी। भारत में पार्लियामेंट में 1920 में एक्ट के तहत इसका गठन हुआ था। कार्यक्रम में रेड क्रॉस के सात मूल सिद्धांतों कृ मानवता, निष्पक्षता, तटस्थता, स्वतंत्रता, स्वैच्छिक सेवा, एकता एवं सार्वभौमिकता कृ पर भी विस्तार से चर्चा की गई। उपस्थित लोगों को समाज सेवा एवं रक्तदान जैसे कार्यों में बढ़-चढ़कर भाग लेने के लिए प्रेरित किया गया। जिला सचिव डॉ0 विजय जौहरी ने बताया कि विश्व रेड क्रॉस दिवस का उद्देश्य समाज में सेवा, सहयोग एवं मानवता के मूल्यों को मजबूत करना है। इस अवसर पर रेड क्रॉस के संस्थापक सदस्य अवनीश सक्सेना, अनुज जौहरी, अग्रज जौहरी, नवजोत सिंह, बृजेश गुप्ता, मीनू मिश्रा, ओम दिव्यांग कल्याण समिति के सचिव बालकृष्ण पांडे रवि बाबू, चंद्रसेन वर्मा, प्रेम देवी, पिंकी देवी, नीलम सक्सेना, अली मोहम्मद, रामकली ,सुनीता तथा जनपद के सभी विकासखंड के ग्रामीण क्षेत्र के लोगों ने सहभागिता की।

### नगर पालिका की 'आदर्श' व्यवस्था को ठेंगा दिखा रही जमदग्नि नगर की बदहाली

**जलालाबाद, शाहजहांपुर।** कहने को तो यह श्आदर्शश् नगर पालिका परिषद है, लेकिन विकास की हकीकत इसके दावों से कोसों दूर नजर आती है। तहसील जलालाबाद के मोहल्ला जमदग्नि नगर (बरेली रोड) स्थित गिहार बस्ती की तस्वीर प्रशासन की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े कर रही है। पिछले दो वर्षों से यहाँ के निवासी एक अदद पक्की गली और जलनिकासी की सुविधा के लिए तरस रहे हैं, लेकिन जिम्मेदार अधिकारी गहरी नींद में सोए हुए हैं। घ्स्थानीय निवासियों का आरोप है कि नगर पालिका की टीम कई बार गली की नाप-जोख (सर्वे) कर चुकी है। लिखित और मौखिक रूप से दर्जनों बार शिकायतें दी गईं, लेकिन कागजी घोड़ों के अलावा धरातल पर ईंट तक नहीं रखी गई। मोहल्लेवासियों ने बताया कि गली का स्तर नाले से काफी ऊंचा है, जिससे जलनिकासी पूरी तरह ठप है। गंदा पानी रास्तों पर जमा रहता है, जिससे संक्रामक बीमारियों का खतरा भी मंडरा रहा है। गली में इंटरलॉकिंग न होने के कारण हल्की बारिश भी यहाँ के रास्तों को तालाब में तब्दील कर देती है। कीचड़ और गंदगी के कारण बच्चों को स्कूल जाने और बुजुर्गों को पैदल चलने में भारी कठिनाई होती है। स्थानीय महिलाओं का कहना है कि सफाई कर्मी कभी-कभी ही यहाँ दिखाई देते हैं, जिससे गंदगी का अंबार लगा रहता है।

### श्रीमद्भगवद्गीता प्रतियोगिता में बच्चों ने किया सराहनीय प्रदर्शन



**निगोही, शाहजहांपुर।** जिलाधिकारी की परिकल्पनानुसार एवं मुख्य विकास अधिकारी के निर्देशन में विकास क्षेत्र निगोही के आदर्श इंटर कॉलेज में श्रीमद् भगवद्गीता प्रतियोगिता का आयोजन कराया गया ।प्रतियोगिता में परिषदीय विद्यालयों के बच्चों समेत इंटर कॉलेज के बच्चों ने प्रतिभाग किया ।प्राथमिक स्तर में श्लोक गायन प्रतियोगिता आयोजित की गई। उच्च प्राथमिक स्तर पर क्विज प्रतियोगिता कराई गई। माध्यमिक स्तर पर निबंध प्रतियोगिता एवं ओपन वर्ग में भाषण एवं चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्राथमिक स्तर पर श्लोक गायन में प्राथमिक विद्यालय ऊनकला की छात्रा आशिका ने प्रथम स्थान, संविलियन विद्यालय साधन गौटिया की छात्रा ईशु ने द्वितीय स्थान तथा माँ दुर्गा इंटर कॉलेज के छात्र देवपाल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया ।उच्च प्राथमिक स्तर पर क्विज प्रतियोगिता में उच्च प्राथमिक विद्यालय राघवपुर सिकंदरपुर की टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त किया ।माध्यमिक स्तर की निबंध प्रतियोगिता में माँ दुर्गा इंटर कॉलेज के छात्र हिमांशु शर्मा ने प्रथम स्थान, आदर्श इंटर कॉलेज की छात्रा अंशिका शर्मा ने द्वितीय, कुलवंत सिंह इंटर कॉलेज की छात्रा आराभ्या मिश्रा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। ओपन वर्ग में भाषण प्रतियोगिता में माँ दुर्गा इंटर कॉलेज के छात्र कपिल शर्मा ने प्रथम स्थान तथा चित्रकला प्रतियोगिता में उच्च प्राथमिक विद्यालय बनासदेवी की छात्रा अनुष्का ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। सभी विजेता छात्रध्छात्रा दिनांक 14 मई 2026 को जनपद स्तर पर होने वाली प्रतियोगिता में प्रतिभाग करेंगे। उक्त कार्यक्रम का शुभारंभ खण्ड शिक्षा अधिकारी रमेश पंकज जी एवं राजकीय हाई स्कूल बरीलालपुर के प्रधानाचार्य दीपक दीक्षित जी के द्वारा किया गया। उक्त कार्यक्रम के सफल संचालन में राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के जिला महामंत्री महेंद्र सिंह, एआरपी ब्रिजेश कुमार, सिकन्दर अली मंसूरी, खुशीराम, महेश कुमार गौतम, सुरेन्द्र कुमार तथा शिक्षक पुत्तुलाल श्रीवास्तव, सुभाष चंद्र वर्मा, अम्बरीश शुक्ल, अमित गुप्ता, हिमांशु सिंह, आशीष बाजपेई, गिरजेश कुमार, अंकित वर्मा, विनोद कुमार, सुनील वर्मा, त्रिभुवन नाथ, अवनीश पाल, प्रज्ञा मिश्रा, आशा सक्सेना, माला राजपूत, रेखा राजपूत, शैली अग्रवाल, आदि का सहयोग रहा।

## शराब के नशे में फांसी लगाने की कोशिश

**तिलहर - शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

संदिग्ध परिस्थितियों में युवक ने फांसी का फंदा लगाकर जान देने का प्रयास किया। जिसे आनन फानन में परिजन सीएचसी ले गए। बाद में बरेली के निजी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां उपचार चल रहा है। कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले गांव नवादिया धूसर में शुक्रवार को उस समय चीख पुकार मच गई जब एक 25 वर्षीय ग्रामीण युवक ने खेत में

- परिजनों ने सीएचसी के बाद बरेली के निजी अस्पताल में कराया भर्ती

लगे हुए आम के पेड़ पर रस्सी का फंदा डालकर आत्महत्या करने का प्रयास किया।

इस दृश्य को देखकर खेतों में काम कर रहे विनय, सत्यदेव, चंद्रपाल ने दौड़कर रस्सी का फंदा काटा और युवक को नीचे उतारते हुए उसके परिजनों को घटना की सूचना दी।इस दौरान मौके पर मौजूद डी फार्मा के स्टूडेंट विकास ने सूझबूझ का परिचय देते हुए गंगाराम को सीपीआर दी जिससे कि उसकी हालत में कुछ सुधार हुआ। परिजनों के द्वारा युवक को आनन-फानन में नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर लाया गया जहां से गंभीर हालत के चलते डाक्टर ने उसे जिला मेडिकल कॉलेज में कर दिया गया। गंगाराम के परिजनों ने उसे बरेली के निजी अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती करा दिया। जहां उसकी हालत गंभीर बनी हुई है।

## जमीन पर कब्जा दिलाने गई फोर्स के सामने महिला ने पेट्रोल डालकर किया आत्महत्या का प्रयास

- कब्जा हटाने गई पुलिस व प्रशासन पर कब्जेदार हावी, घंटो चला हंगामा
- गांव गंगसरा में हुआ दो जगहें हाई बोल्टेज ड्रामा, महिला ने आत्महत्या करने के लिए छिड़का पेट्रोल, पुलिस के सामने होती रही मारपीट





**पुवायां, शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

दो पक्षों में जमीनी विवाद चल रहा था जिसको लेकर राजस्व विभाग की टीम के साथ पुलिस बल मौके पर पहुची। जमीन पर कब्जेदारों से काफी देर तक बहस होती रही लेकिन प्रशासन नही माना तो एक महिला ने पेट्रोल की बोतल उठाकर अपने ऊपर पेट्रोल छिड़क कर आत्महत्या करने का प्रयास करने लगीं जिसके बाद पुलिस ने बमुश्किल महिला से बोतल छीनी। जिस कारण पुलिस व तहसील के प्रशासन के हाथ पांव फुल गए ओर वापस कोतवाली चले आए।

शनिवार को भारतीय किसान यूनियन की समस्या को लेकर तहसीलदार, लेखपाल व पुलिस बल गांव गंगसरा में विपक्षियों से खेत खाली करवाने के लिए गए थे। काफी देर तक समझाने के बाद जमीन पर कब्जा करने बाले नही माने उन लोगों का कहना है कि मगर जमीन इनकी है तो कागज दिखाए। जिसके बाद पुलिस ने ट्रेक्टर बुलाकर खेत जुतवाने का प्रयास किया लेकिन विपक्षियों ने ट्रेक्टर के आगे खड़े होकर खेत जुतवाने से रोका उसके बाद दोबारा पुलिस व प्रशासन ने उन लोगों को समझाया नही वो नही माने बाद में पुलिस ने विपक्षी से एक बुजुर्ग को गाड़ी में बैठा लिया ओर कोतवाली ले जाने की धमकी दी। जिसके बाद एक महिला ने अपने ऊपर पेट्रोल डालकर आत्महत्या करने का प्रयास किया। जिसको देखकर प्रशासन व पुलिस के हाथ पांव फूल गए ओर उससे बमुश्किल पेट्रोल की बोतल को छीना जिसके बाद पुलिस ने दोनों पक्षों को समझाकर थाना दिवस में आने के लिए कहा। विपक्षियों का कहना है कि पुलिस व प्रसासन इन लोगों से मिला है इसलिए जबरन खेत पर कब्जा कराया जा रहा है।

## डीएम ने बनवाकर दिया राशन कार्ड



**शाहजहांपुर।** जनता दर्शन के दौरान जिलाधिकारी ने विनीत कुमार मौर्य की पत्नी को बनवाकर राशन कार्ड दिया। विनीत कुमार गंभीर बीमारी लीवर सिरोसिस से पीड़ित हैं। बताया गया है कि बीमारी के चलते उन्हें जनपद बरेली के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनका इलाज जारी है। जिलाधिकारी ने तत्काल संज्ञान लेते हुए उनका राशन कार्ड बनवाकर दिया जिससे आयुष्मान कार्ड बनने से उपचार कराया जाएगा। प्रशासन द्वारा उनके आयुष्मान कार्ड बनाए जाने की प्रक्रिया तेजी से कराई जा रही है, ताकि उन्हें बेहतर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराई जा सके। आयुष्मान कार्ड बनते ही मरीज को 500000 तक का निःशुल्क उपचार मिलेगा। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्यवाही शीघ्र पूरी करने के निर्देश दिए गए हैं, ताकि मरीज को समय पर स्वास्थ्य लाभ मिल सके।

## सेटेलाइट बस स्टैंड की बाउंड्रीवाल का काम शुरू

- सरकारी जमीन पर कुछ लोगों ने कर रखा था कब्जा, एसडीएम सदर, तहसीलदार, भारी पुलिस बल तैनात



**रोजा-शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

सेटेलाइट बस स्टैंड के पीछे खाली पड़ी सरकारी जमीन पर भारी सुरक्षा व्यवस्था के बीच ब्राउंड्री बनाने का काम शुरू हो गया हैं। किसी प्रकार का विवाद उत्पन्न न हो इसके लिए एसडीएम, तहसीलदार व लेखपाल मौजूद रहे।

ज्ञात हो कि भावलखेड़ा के निवाजपुर में 20 अप्रैल को सेटेलाइट बस स्टैंड का लोकार्पण हुआ था। बस स्टैंड के पीछे खाली पड़ी गाना संख्या 230 मिलजुलाना की करीब डेढ़ एकड़ जमीन पर कुछ लोगों अवैध रूप से अपना मालिकाना हक जता रहें थे। बस स्टैंड के विस्तार को देखते हुए जिला प्रशासन ने राजस्व विभाग से रिपोर्ट तलब की थी। राजस्व विभाग की रिपोर्ट के आधार पर शुक्रवार की सुबह डीएम के आदेश पर एसडीएम सदर संजय कुमार, तहसीलदार सदर सत्येंद्र कटियार, नायब तहसीलदार सदर पूनम, हल्का लेखपाल विशाल वर्मा, थाना प्रभारी राजीव कुमार, क्षेत्रीय पार्षद पति अरूण सिंह मौके पर पहुंचे और नापजोप कराकर जेसीबी से जमीन समतल कराकर बाउंड्रीवाल बनवाने का कार्य शुरू करा दिया हैं। इस मौके एसडीएम सदर संजय कुमार ने बताया कि सरकारी जमीन पर कुछ लोग अपना दावा ठोंक रहे थे। उनसे वार्ता कर ली गई हैं। करीब डेढ़ एकड़ सरकारी जमीन हैं। एक एकड़ जमीन को समतल कराकर बस स्टैंड की चाहरदीवार बनने का काम शुरू किया जा रहा हैं। ताकि बस स्टैंड पर खड़ी बसें सुरक्षित रह सकें।

## जनगणना राष्ट्र निर्माण का महत्वपूर्ण आधार है: अर्चना

- भारत की जनगणना अभियान में सहभागिता हेतु जनजागरूकता संदेश



**शाहजहांपुर।** भारत की जनगणना 2027 अभियान के अंतर्गत जनसहभागिता एवं जागरूकता को बढ़ावा देने हेतु महापौर अर्चना वर्मा ने स्वयं अभियान से जुड़कर नगरवासियों को जनगणना में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर संदेश देते हुए कहा गया कि जनगणना राष्ट्र निर्माण का महत्वपूर्ण आधार है, जिसके माध्यम से सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को सही दिशा एवं प्रभावी क्रियान्वयन मिलता है। प्रत्येक नागरिक की सहभागिता से ही विकास योजनाएं अंतिम व्यक्ति तक पहुंचना संभव हो पाता है। नगरवासियों से अपील की गई कि वे जनगणना अभियान में सहयोग करें, सही एवं पूर्ण जानकारी उपलब्ध कराएं तथा विकसित एवं सशक्त भारत के निर्माण में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएं। जनगणना से जन कल्याण के उद्देश्य को साकार करने हेतु सभी नागरिकों की सहभागिता आवश्यक है।

## होली एंजेल स्कूल में मासिक धर्म स्वच्छता पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

- बालिकाओं को सैनिटरी पैड्स के प्रयोग व सरकारी योजनाओं की दी गई जानकारी





**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

जिलाधिकारी एवं मुख्य विकास अधिकारी के निर्देशन तथा जिला प्रोबेशन अधिकारी गौरव मिश्रा के मार्गदर्शन में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के अंतर्गत होली एंजेल स्कूल, चिनोर में महिला कल्याण विभाग द्वारा जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बालिकाओं को मासिक धर्म स्वच्छता के प्रति जागरूक करना था। जिला मिशन कोऑर्डिनेटर अमृता दीक्षित ने बालिकाओं को माहवारी के दौरान स्वच्छता बनाए रखने के महत्व पर विस्तार से बताया और सैनिटरी पैड्स का इस्तेमाल करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने इससे जुड़ी भ्रांतियों को दूर करते हुए खुलकर चर्चा करने पर जोर दिया। इसके साथ ही सेंटर मैनेजर नमिता यादव द्वारा विभाग द्वारा संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का भी प्रचार-प्रसार किया गया। चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 के माध्यम से बाल विवाह, बाल श्रम जैसे मुद्दों की जानकारी दी। साथ ही आपातकालीन टोल फ्री नंबर 112, 1090, 181, 108, 102 के बारे में भी बताया। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना, वन स्टाप सेंटर योजना, मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, निराश्रित महिला पेंशन, वृद्धा पेंशन, दिव्यांग पेंशन, स्पॉन्सरशिप योजना, सामूहिक विवाह योजना, राष्ट्रीय पारिवारिक लाभ योजना व प्रधानमंत्री मातृत्व वंदना योजना की विस्तृत जानकारी दी गई। इस अवसर पर जिला मिशन कोऑर्डिनेटर अमृता दीक्षित, सेंटर मैनेजर नमिता यादव, प्रिंसिपल सिस्टर फातिमा, प्रतिमा, मोहिनी सिंह, सविता सक्सेना, आरुषि आदि अध्यापिकाएं एवं बड़ी संख्या में छात्राएं उपस्थित रहीं।

# साधना के बिना संसाधन महत्वहीन: स्वामी चिन्मयानंद

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**






निस्संदेह यात्रा कठिन हो सकती है, किंतु अंत में मिलने वाली सफलता नितांत सुखद होती है। विद्यार्थियों को चाहिए कि वे अपने पीछे कर्तव्य का एक अद्वितीय पथ छोड़ें। कक्षाओं तक सीमित न रहकर ष्मैं कर सकता हूंष् का भाव विद्यार्थियों को जीवन पथ पर आगे बढ़ने के लिए प्रेरणा प्रदान करेगा। उक्त उद्गार मुमुक्षु शिक्षा संकुल के मुख्य अधिष्ठाता स्वामी चिन्मयानंद सरस्वती ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए व्यक्त किए। वे वाणिज्य संकाय द्वारा आयोजित सम्मान समारोह में विद्यार्थियों को आशीर्वचन दे रहे थे। उन्होंने आगे कहा कि आज जीवन की स्थिति यह हो चुकी है कि हमें केवल और केवल आगे बढ़ना है, वापस आने का कोई विकल्प हमारे पास नहीं है। आज प्रत्येक अवसर अपने साथ चुनौतियां लेकर आता है। हमारे पास आगे बढ़ने के लिए एक खुला आकाश है, किंतु जब तक चुनौतियों को स्वीकार करने का साहस नहीं होगा, तब तक मंजिल नहीं मिलेगी। उन्होंने कहा कि सान्निध्य एवं दक्षता के अभाव में प्रत्येक परीक्षा व प्रमाण पत्र अधूरे हैं। जब तक विद्यार्थी वैश्विक पटल पर स्थान न बना पाएं, तब तक उड़ान भरने का कोई फायदा नहीं है। उन्होंने विद्यार्थियों से दृढ़तापूर्वक कहा कि साधना के बिना संसाधनों का कोई महत्व नहीं है। कार्यक्रम के आरंभ में वाणिज्य संकायाध्यक्ष एवं उपप्राचार्य प्रो अनुराग अग्रवाल ने स्वागत उदबोधन दिया। उल्लेखनीय है कि वाणिज्य संकाय के द्वारा विगत 3 फरवरी से 9 फरवरी तक ष्नेतृत्व विकास एवं अभिप्रेरणाष् शीर्षक पर प्रबंधकीय विकास कार्यक्रम एवं 18 फरवरी को एक वित्तीय साक्षरता कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। इस मौके पर पूर्व प्राचार्य डॉ अवनीश मिश्र ने कहा कि आज कुशल नेतृत्व का अभाव उद्योगों को प्रभावित कर रहा है। हमें बदलती हुई जीवन शैली में अभिप्रेरणा, कुशल समन्वय एवं संसाधनों के संगठन को समायोजित करना चाहिए। डॉ शिशिर शुक्ला के संचालन में हुए कार्यक्रम में धन्यवाद ज्ञापन विधि महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ जयशंकर ओझा ने किया। इस अवसर पर विषम सेमेस्टर में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले मेधावी विद्यार्थियों को एवं कार्यक्रमों में प्रतिभाग करने वाले शिक्षकों को सम्मानित भी किया गया। इस अवसर पर प्रो देवेंद्र सिंह, डॉ. अर्चना गर्ग, डॉ. बलबीर शर्मा, डॉ राजीव कुमार, डॉ. गौरव शर्मा, बृजलाली, डॉ. सुखदेव, डॉ. मोहिनीशंकर, डॉ. पोथीराम सिंह, डॉ. अभिषेक बाजपेई, डॉ. अजय वर्मा, डॉ. केशव शुक्ल, डॉ. मानवेंद्र सिंह, डॉ. अखंड प्रताप सिंह, डॉ. बरखा सक्सेना, डॉ. गौरव सक्सेना, डॉ. रामशंकर पांडेय, डॉ. रूपक श्रीवास्तव, डॉ. सचिन खन्ना, डॉ. संतोष प्रताप सिंह, शिवानी भारद्वाज, डॉ. विजय तिवारी, डॉ. विनीता राठौर, व्याख्या सक्सेना, डॉ. प्रतिभा द्विवेदी आदि मौजूद रहे।

# भैंसी नदी पुनर्जीवन अभियान से मिलेगी रफ्तार, बहेगी जलधारा

- डीएम ने भैंसी नदी पुनर्जीवन अभियान का किया शुभारंभ
- डीएम बोले- भैंसी नदी की बहुत मान्यता व पौराणिक

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**






यह मात्र नदी नहीं है,यह भैंसी नदी इस जनपद की बहुत पौराणिक व ऐतिहासिक गाथाओं को समेटें हुए हैं। इसके पुनर्जीवन से यहां का वातावरण व जल संरक्षण को बढ़ावा मिलेगा। उक्त बातें डीएम धर्मेंद्र प्रताप सिंह ने बंडा ग्राम पंचायत नवादा ढाह से दलेलापुर जलधारा भैंसी नदी पुनर्जीवन अभियान में पूजा अर्चना कर कही। उन्होंने कहा कि नदियों के संरक्षण और पुनर्जीवन के लिए तालाब, पोखर एवं जल स्रोतों का विशेष महत्व है। उन्होंने कहा कि वर्षा के दौरान बाढ़ की समस्या को नियंत्रित करने में तालाबों और पोखरों की अहम भूमिका होती है, क्योंकि यह अतिरिक्त जल को रोकने और संरक्षित करने का कार्य करते हैं। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा चलाए गए प्रत्येक जनपद में एक नदी को पुनर्जीवित करने के अभियान के क्रम में जिले में भैंसी नदी पुनर्जीवन अभियान चलाया जा रहा है। डीएम ने वृक्षारोपण के महत्व पर भी जोर देते हुए कहा कि पेड़ों की गहरी जड़ें मिट्टी को मजबूती प्रदान करती हैं तथा वर्षा के जल को धरती में रोकने में सहायक होती हैं। इससे भू-जल स्तर बढ़ता है और पर्यावरण संतुलन भी बना रहता है। उन्होंने कहा कि नदियों को बचाने के लिए अधिक अधिक पौधरोपण करना समय की आवश्यकता है। नदी के पुनर्जीवन से सभी को फायदा होगा।

## जल्द बहेगी नदी की दूसरी जलधारा

डीएम ने कहा कि मुख्यमंत्री के निर्देशानुसार एक जनपद एक नदी कार्यक्रम के अंतर्गत भैंसी नदी के पुनर्जीवन का कार्य जनसहयोग एवं प्रशासनिक समन्वय से निरंतर आगे बढ़ रहा है। पूर्व में नदी की लगभग 55-56 किलोमीटर लंबाई में खुदाई का कार्य सफलतापूर्वक पूरा कराया गया था। यह कार्य स्थानीय ग्रामीणों, क्षेत्रवासियों एवं प्रशासनिक टीम के सामूहिक प्रयास से संभव हो सका। जून माह में प्रारंभ इस अभियान में सभी लोगों ने मिलकर अत्यंत सराहनीय कार्य किया था। शुरुआत में लगभग 35-36 किलोमीटर खुदाई का लक्ष्य निर्धारित किया गया था, लेकिन जनसहयोग और टीम की मेहनत से यह कार्य बढ़कर 55-56 किलोमीटर तक पहुंच गया। विशेष बात यह रही कि इतने बड़े कार्य को लगभग 15 से 20 दिनों के भीतर ही पूरा कर लिया गया था। अब नदी की दूसरी धारा, जिसकी लंबाई लगभग 25-26 किलोमीटर है, की खुदाई का कार्य प्रारंभ किया जा रहा है। प्रशासन ने अगले 10 से 15 दिनों के भीतर इस कार्य को पूर्ण करने का लक्ष्य निर्धारित किया है। डीएम ने कहा कि इस बार भी प्रत्येक गांव एवं प्रत्येक किलोमीटर पर स्थानीय लोगों की सक्रिय भागीदारी आवश्यक होगी। 20 तारीख तक कार्य को संतोषजनक स्थिति में लाने का प्रयास किया जाएगा तथा इसके बाद पुनः स्थलीय निरीक्षण एवं कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि जब अगली बार वे स्थल पर आएँ, तब तक नदी का स्वरूप स्पष्ट रूप से दिखाई देना चाहिए। इस संबंध में उन्होंने एडीएम सहित संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे प्रत्येक दूसरे-तीसरे दिन मौके पर जाकर कार्य की निगरानी करें और पिछली बार की तरह अभियान को व्यवस्थित ढंग से आगे बढ़ाएं। उन्होंने कहा कि बीडीओ एवं एसडीएम व अन्य अधिकारियों की जिम्मेदारी है कि वह पूरी सक्रियता के साथ कार्य कराएँ, ताकि समयबद्ध तरीके से खुदाई पूर्ण हो सके। डीएम ने विश्वास व्यक्त किया कि सभी लोगों के सामूहिक प्रयास से इस बार भी कार्य बेहतर तरीके से पूरा होगा और आगे चलकर नदी में जलभराव, वृक्षारोपण एवं पर्यावरण संरक्षण के कार्य भी किए जाएंगे। आने वाले चार से पांच वर्षों में इस नदी में पानी का प्राकृतिक प्रवाह पुनः विकसित होने की पूरी संभावना है। उन्होंने कहा कि पर्यावरणीय संतुलन को बिगाड़ने में वर्षों लगे हैं, इसलिए उसे पुनः ठीक करने में भी समय लगेगा। उन्होंने लोगों को जल संरक्षण एवं पर्यावरण संरक्षण के महत्व के बारे में जागरूक करते हुए कहा कि बहुत कम लोग यह समझते हैं कि नदी के आसपास स्थित पोखरे, तालाब एवं जलस्रोत भी पानी को संरक्षित रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। जब इन जलस्रोतों में पानी बना रहता है तो भूजल स्तर ऊँचा रहता है और नदी में भी जल संरक्षण होता है।

## पेड़-पौधों की जल संरक्षण में महत्वपूर्ण भूमिका

डीएम ने कहा कि पेड़-पौधे भी जल संरक्षण में अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। पेड़ों की जड़ें पानी को रोकने और भूमि की नमी बनाए रखने में सहायक होती हैं। पिछली बार भैंसी नदी के किनारे बड़ी संख्या में पौधारोपण कराया गया था तथा इस वर्ष भी लगभग 40 से 50 हजार पौधे लगाने का लक्ष्य रखा गया है। उन्होंने कहा कि ऐसे पौधों का चयन किया जाएगा जो नदी एवं जलस्रोतों के किनारे आसानी से विकसित हो सकें तथा जिन्हें पशुओं से भी कम नुकसान हो। डीएम ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि जहां भी लंबे क्षेत्रफल में पौधारोपण किया जाए, वहाँ तारबाड़ की व्यवस्था भी सुनिश्चित की जाए ताकि लगाए गए पौधे सुरक्षित रह सकें। उन्होंने कहा कि पौधों की सुरक्षा एवं संरक्षण के लिए आवश्यक सभी व्यवस्थाएँ कराई जाएंगी। उन्होंने कहा कि पुराने एवं बड़े वृक्ष पर्यावरण की अमूल्य धरोहर हैं और उनकी उपस्थिति से क्षेत्र की सुंदरता एवं पर्यावरणीय संतुलन दोनों बने रहते हैं। इसलिए नदी पुनर्जीवन अभियान के साथ-साथ वृक्ष संरक्षण एवं व्यापक वृक्षारोपण पर भी विशेष ध्यान दिया जाएगा। अधिकारियों, ग्रामीणों एवं क्षेत्रवासियों ने भैंसी नदी पुनर्जीवन अभियान को सफल बनाने के लिए सामूहिक सहयोग का संकल्प भी लिया। बताते चलें कि पिछले वर्ष नदी की खुदाई कार्य पुवायां क्षेत्र के पन्नाघाट, गंगसरा आदि क्षेत्रों में डीएम ने जनसहयोग व सामाजिक संस्थाओं के सहयोग से कराया था। बारिश के बाद भैंसी नदी में नीर का प्रवाह हुआ था, जिसको देखकर जनपदवासियों ने खुशी जाहिर करते हुए डीएम का धन्यवाद बोला था। अब पुनः बरसात से पहले डीएम धर्मेंद्र प्रताप सिंह ने तहसील पुवायां के बंडा क्षेत्र भैंसी नदी पुनर्जीवन अभियान का श्रीगणेश पूजा अर्चना कर किया है। इस अवसर पर सीडीओ उत्कर्ष द्विवेदी, एडीएम वित्त अरविंद कुमार, एसडीएम पुवायां सदानंद सरोज व लोकभारती संस्था व ग्रामीणों की मौजूदगी रही।

# नगर निगम के कर निर्धारण अधिकारी के निलबंन के निर्देश



- डीएम की अध्यक्षता में स्व जनगणना के संबंध में बैठक संपन्न

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

डीएम धर्मेंद्र प्रताप सिंह की अध्यक्षता में स्व जनगणना के संबंध में बैठक विकास भवन सभागार में आयोजित की गई। बैठक में नगर निगम के कर निर्धारण अधिकारी विपिन कुमार कुलदीप अनुपस्थित होने पर जिलाधिकारी ने निलंबन की कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जनगणना जैसे महत्वपूर्ण कार्य में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। जिलाधिकारी ने सभी अधिकारियों को निर्देश दिए कि अपने सुपरवाइजर एवं प्रगणक से अधिक से अधिक स्व गणना करना सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी ने कहा कि 15 मई तक 200 स्वगणना कराने वालों को पुरस्कृत करेंगे। भारत की जनगणना 2027 के प्रथम चरण मकान सूचीकरण एवं मकानो की गणना कार्य 22.05. 2026 से 20 जून 2026 तक पूर्ण किया जाना है इस बार की जनगणना 2027 में प्रथम बार स्व-गणना का प्राविधान है। उक्त स्व-गणना की अवधि 07 मई 2026 से 21 मई 2026 तक के मध्य सम्पादित की जानी है। जिसमें सामान्य निवासी मोबाइल से अपना स्व-गणना पोर्टल के माध्यम से स्व-गणना कर सकता है। जनगणना 2027 का कार्य नियमानुसार ससमय सम्पादित कराने के उद्देश्य एवं स्व-गणना का कार्य शासन की अपेक्षानुसार अधिक से अधिक कराये जाने के उद्देश्य से 106 जनपदीय अधिकारियों को जनगणना क्षेत्रवार कार्यरत नोडल अधिकारी नामित किया गया है। जिलाधिकारी ने समस्त नोडल अधिकारियों को आदेशित किया है कि उनके क्षेत्र से सम्बन्धित प्रगणकों के साथ समन्वय स्थापित करते हुये भ्रमण शील रहकर शासनादेशानुसार जनगणना-2027 सम्बन्धी सभी कार्यों के साथ साथ स्व-गणना कार्य करना सुनिश्चित करें। स्व-गणना को अधिक से अधिक रूप में ससमय गुणवत्तायुक्त पूर्ण कराना सुनिश्चित करेंगे। जिलाधिकारी ने कहा कि जनगणना-2027 कार्य भारत सरकार, उ0प्र0 सरकार एवं शासन की सर्वोच्च प्राथमिकताओ मे से एक है इसलिए उक्त के अनुपालन में कोई भी शिथिलता, लापरवाही क्षम्य न होंगी।


## खबरें एक नजर में

### सीडीओ ने स्व-गणना को किया प्रेरित



**शाहजहांपुर।** सीडीओ उत्कर्ष द्विवेदी के निर्देशन में विकास भवन स्थित सभी कार्यालयों के 170 कर्मचारियों द्वारा स्वरूगणना आनलाईन आवेदन किया गया है। इसी प्रकार जनपद के 15 विकास खण्डों में भी खण्ड विकास अधिकारियों द्वारा विकास खण्ड कार्यालय पर वृहद स्वरूगणना कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें लगभग 300 कर्मचारियों द्वारा स्वरूगणना का आनलाईन माध्यम से सूचनाएं भरी है। विकास भवन सभागार में आयोजित कार्यक्रम के दौरान सीडीओ द्वारा अभियान के रूप में शत-प्रतिशत कर्मचारियों द्वारा स्वरूगणना फार्म भरने व सभी कर्मचारियों द्वारा अपने सभी परिचितों एवं सगे सम्बन्धियों के अधिक से अधिक फार्म भराएं जाने के लिए प्रेरित किया गया।

### 1974 की हड़ताल की 52वीं वर्षगांठ पर जनसम्पर्क अभियान चलाया



**शाहजहांपुर।** ऑल इंडिया रेलवे मेंस फेडरेशन के महामंत्री शिवगोपाल मिश्रा के आह्वान पर नॉर्दर्न रेलवे मेंस यूनियन शाहजहांपुर शाखा द्वारा 1974 की हडताल की 52वीं वर्षगांठ पर जनसम्पर्क अभियान चलाया गया। मंडल उपाध्यक्ष सुनील तिवारी, शाखा अध्यक्ष रामौतार शर्मा, शाखा मंत्री शिव कुमार सक्सेना, सहसचिव यतेन्द्र त्रिवेदी ,अमित कुमार के नेतृत्व में शाहजहांपुर में एक गेट मीटिंग का आयोजन किया गया। तत्पश्चात शाहजहांपुर से गेट नंबर 325,326,327, 328,329,330, बंथरा बहादुरपुर हाल्ट एवं तिलहर स्टेशन तक जनसंपर्क अभियान चलाकर 1974 की रेल हड़ताल व यूनियन द्वारा कर्मचारियों के लिए किए गए संघर्ष पर कर्मचारियों से चर्चा की गई ।मण्डल उपाध्यक्ष सुनील तिवारी ने कहा कि आपकी यूनियन का इतिहास है कि हमेशा कर्मचारियों के हित मे संघर्ष किया है। यहाँ तक कि गोलियां भी खाई है। सचिव शिवकुमार सक्सेना ने कहा कि एनआरएमयू हमेशा अफसरशाही का विरोध करता है कर्मचारियों के विरुद्ध किसी भी प्रकार की अफसरशाही तानाशाही को बर्दास्त नही किया जाएगा। अध्यक्ष रामौतार शर्मा ने कर्मचारियों से एकजुटता का आह्वान किया। मुख्य रूप से सुनील तिवारी, शिवकुमार सक्सेना, अमित कुमार, राजू ,सुशील ,सोहन, प्रभात, कमल आदि उपस्थित रहे।

### करोड़ों का सेटेलाइट बस स्टैंड, मुसाफिरों के बैठने के इंतजाम तक नहीं



**शाहजहांपुर।** स्मार्ट सिटी की तर्ज पर रोजा के अहमदपुर न्याजपुर में सेटेलाइट बस अड्डे का निर्माण 12 करोड़ 48 लाख 51 लाख रुपये से करा दिया गया और इसको जनता को भी समर्पित कर दिया गया है। लेकिन सबसे गौर करने वाली बात यह है कि जिन मुसाफिरों के यह बस स्टैंड बनाया गया है, उनको यहां पर बसों के इंतजार करने के साथ, सीट, बेंच तक की व्यवस्था परिवहन विभाग की ओर से नही की गई है। जिस कारण यहां आने वाले यात्रियों, लोगों को घंटों खड़े होकर बसों का इंतजार करना पड़ रहा है। भीषण गर्मी में यात्रियों को दुश्वारियों का सामना करना पड़ता है। इसको लेकर जिममेदारों द्वारा कोई सुध नहीं ली जा रही है। बता दें अब इस सेटेलाइट बस स्टैंड से लखीमपुर खीरी, सीतापुर,लखनऊ, हरदोई, दिल्ली, पीलीभीत, बरेली आदि लॉग रुटों के लिए दिन भर बसों का संचालन सुचारू रूप से शुरू करवा दिया गया है। शहर के अंदर वाले बस स्टैंड से पुवायां, खुटार, बंडा, निगोही, बीसलपुर, मोहम्मदी वाली बसों का ही संचालन किया जा रहा है।

# गोमती वेलफेयर सोसाइटी ने 20 टीबी मरीजों को गोद लिया

- सीएमओ ने मरीजों को वितरित की पोषण पोटली



**तिलहर-शाहजहांपुर।** गोमती वेलफेयर सोसाइटी की ओर से आयोजित कार्यक्रम में सोसायटी के प्रमुख जयप्रकाश गुप्ता उर्फ बाराती लाल के सानिध्य में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ विवेक कुमार मिश्रा ने सोसायटी द्वारा गोद लिए गए 20 टीबी मरीजों को पोषण पोटली वितरित की। सोसायटी की ओर से बतौर मुख्य अतिथि मुख्य चिकित्सा अधिकारी श्री मिश्रा की अध्यक्षता में सोसाइटी की ओर से हुए कार्यक्रम में तिलहर ब्लॉक क्षेत्र के 20 टीबी मरीजों को सोसायटी द्वारा गोद लिया गया। जिसकी मुख्य अतिथि ने भूरि भूरि प्रशंसा करते हुए सभी मरीजों को पोषण पोटली वितरित की । इस मौके पर सोसायटी प्रमुख जय प्रकाश गुप्ता बराती लाल ने बताया कि वह अपनी गृह तहसील पुवायां, खुटार, बंडा में सामाजिक कार्य कर रहे हैं। उन्होंने कहा उनका सपना है कि शाहजहांपुर जिला जब तक पूरी तरह से टीबी मुक्त नहीं हो जाता तब तक वह सभी टीबी रोगियों की सेवा करेंगे। यही उनका प्रथम लक्ष्य है। सोसायटी की सह प्रमुख शैफाली गुप्ता ने कहा कि जब तक रोगी पूरी तरह से ठीक नहीं हो जाते तब तक हम लोग उनकी सेवा करते रहेंगे। कार्यक्रम में सीएचसी चिकित्सा अधीक्षक डा ओमेंद्र राठौर, डा करण सिंह, डॉ. कमरुज्जमा, डीपीपीएमसी आरती सिंह, डीपीसी सिद्धार्थ गुप्ता, टीबी पर्यवेक्षक सचिन गुप्ता, शुभम गुप्ता, प्रमोद कुमार, अदिती गुप्ता, प्रशान्त श्रीवास्तव आदि शामिल रहे।

# गंगा एक्सप्रेसवे के पास सड़क हादसा, दो युवकों की मौत

- पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेजा, चालक हिरासत में

**जलालाबाद, शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज़।**





जलालाबाद थाना क्षेत्र में शुक्रवार को एक दर्दनाक सड़क हादसे ने दो घरों के चिराग बुझ गए। कलेक्टरगंज गांव के पास गंगा एक्सप्रेसवे इंटरचेंज के सामने एक अनियंत्रित तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक सवार दो युवकों को जोरदार टक्कर मार दी। जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गयी। लगभग 10 किलोमीटर दूर ट्रक चालक ट्रक लेकर भाग गया। इसके बाद 112 पुलिस ने उसका पीछा करते हुए पकड़ लिया, चालक को हिरासत में ले लिया है।

गांव कलेक्टरगंज गांव, गंगा एक्सप्रेसवे इंटरचेंज के सामने भूपेन्द्र और गिरीश निवासी ग्राम लखनपुर, थाना कलान बाइक से जा रहे थे। तभी एक ट्रक चालक ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गयी। इसके बाद आसपास के लोगों ने ट्रक को रोकने का प्रयास किया, लेकिन वह नही रूका। इसके बाद 112 पुलिस ने उसका पीछा करते हुए 10 किलोमीटर के बाद उसे पकड़ लिया। इसके बाद ट्रक को कब्जे में लेकर चालक को हिरासत में ले लिया है। दुर्घटना में दोनों युवकों की मौत हो गयी। जिससे उसनके परिवार में रोना पीटना शुरू हो गया। पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। एक ही गांव के दो लोगों की हादसे की सूचना मिलते ही लखनपुर गांव में मातम छा गया है। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

**दो घरों में छाया मातमः** दो युवकों की हादसे में मौत के बाद दो परिवारों के साथ पूरे गांव में मातम छा गया। जैसे ही परिजनों को घटना की सूचना मिली, वह घटना स्थल पर ही रोते बिलखते पहुंच गए। पुलिस ने हालांकि शवों को कब्जे में ले लिया था। परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है। दुर्घटना के दौरान सड़क पर सैकड़ों लोगों की भीड़ जमा हो गयी थी। हर कोई ट्रक चालक को गलती दे रहा था। सभी का कहना था कि ट्रक चालक की स्पीड बहुत ही ज्यादा थी और उसने लापरवाही से बाइक को टक्कर मार दी।

# अज्ञात वाहन की टक्कर, हाइवे पर पलटी पिकअप



**तिलहर - शाहजहांपुर।** बारात में काम कर लौट कारीगरों की पिकअप हाईवे पर अज्ञात वाहन की टक्कर से पलट गई। जिससे आधा दर्जन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सरकारी एंबुलेंस से उन्हें सीएचसी लाया गया। जहां से चार को गंभीरावस्था में रेफर किए जाने पर ठेकेदार ने उन्हें निजी वाहन से बरेली लेजाकर निजी अस्पताल में भर्ती कराया है। शुक्रवार

- बारात में काम कर वापस लौट रहे छह कारीगर हुए घायल
- सीएचसी से मेडिकल कॉलेज रेफर होने के बाद चार को बरेली के निजी अस्पताल में कराया गया भर्ती

सुबह करीब आठ बजे हाइवे पर ग्राम धनेला के समीप बरेली की तरफ जा रही एक पिकअप में अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी और फरार हो गया। तत्काल सरकारी एंबुलेंस से उन्हें सीएचसी भिजवाया गया। एक घायल ने बताया कि वह सभी लखनऊ में एक विवाह समारोह में फरूट काउंटर लगाकर घर वापस घर जा रहे थे। दुर्घटना में पिकअप गाड़ी में सवारअविनाश पुत्र गजेंद्र पाल, अतुल पुत्र प्रेमचंद, सूरज पुत्र सोनपाल, विशाल पुत्र वेदप्रकाश, विनेश पुत्र चंद्रपाल, पोहपी पुत्र रामचंद्र घायल हो गए। जिला अस्पताल रेफर किए जाने पर उनका ठेकेदार वहां न लेजाकर बरेली ले गया।

# जिले में खुलेंगे 15 एग्रीजंक्शन केंद्र, कृषि स्नातकों को मिलेगा स्वरोजगार

- कृषि स्नातकों, कृषि व्यवसाय प्रबन्धक स्नातक आवेदन को पात्र होंगे

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज़।**



कृषि निदेशालय लखनऊ के दिशा निर्देश के क्रम में एग्रीजंक्शन योजना द्वारा कार्ययोजना प्राप्त हुई हैं। जिसमें वर्ष 2026-27 के लिए प्रशिक्षित कृषि उद्यमी स्वावलम्बन योजना के अन्तर्गत जनपद के विकास खण्डों पर वन स्टाप शॉप एग्रीजंक्शन कुल 15 केन्द्र खोले जाने हेतु लक्ष्य जिले को प्राप्त हुआ है। जिसमें कृषि स्नातकों, कृषि व्यवसाय, प्रबन्धक स्नातक आवेदन के लिये पात्र होंगे। आवेदन के लिए आवेदक को दस्तावेजों में जन्म प्रमाण पत्र, हाईस्कूल मार्कशीट, आधार कार्ड, जाति प्रमाण पत्र, बैंक पासबुक, पैन कार्ड, निवास प्रमाण पत्र, शपथ-पत्र, हाईस्कूल मार्कशीट, इण्टरमीडिएट मार्कशीट और स्नातक मार्कशीट आवश्यक है। जानकारी देते हुए डीडी कृषि पीके मिश्रा ने बताया कि कृषि केन्द्र एग्रीजंक्शन कृषि स्नातक युवाओं का चयन जिला स्तरीय गठित समिति द्वारा प्रस्तुत आवेदन पत्रों की छटनी के उपरान्त किया जाएगा। आवेदक की आयु 40 वर्ष से अधिक न हो, अनुसूचित जाति,जनजाति व महिलाओं को 5 वर्ष की अधिकतम छूट दी जाएगी। आवेदनकर्ता कृषि विभाग की विभागीय वेबसाईट लिंक के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। आवेदन ऑनलाइन ही स्वीकार्य किए जाएगे। साथ ही अधिक जानकारी के लिए उप कृषि निदेशक लोधीपुर कार्यालय से प्रत्येक कार्य दिवस में प्राप्त की जा सकती हैं। अपर कृषि निदेशक, कृषि भवन लखनऊ के दिशा निर्देश के क्रम में आवेदन पत्र जमा करने की अन्तिम तिथि 30 मई निर्धारित की गयी है। इच्छुक बेरोजगार कृषि स्नातकों से अपील है कि वे अपने आवेदन अन्तिम तिथि के अन्दर कृषि विभाग की वेबसाइट में करके योजना का लाभ उठाएं।

## 'समृद्धि न्यूज' बन रहा जनता की पहली पसंद, निष्पक्ष खबरों से बनाई जिले में अलग पहचान



**खुदागंज, शाहजहांपुर।** क्षेत्र की समस्याओं, सामाजिक मुद्दों और जनहित की खबरों को प्रमुखता से उठाने वाला समृद्धि न्यूज अखबार आज लोगों की पहली पसंद बनता जा रहा है। निष्पक्ष पत्रकारिता, तेज खबरें और जमीनी मुद्दों पर लगातार फोकस के चलते अखबार ने कम समय में ही लोगों के बीच अपनी मजबूत पहचान बनाई है। ग्रामीण क्षेत्रों से लेकर नगर की छोटी-बड़ी घटनाओं तक, समृद्धि न्यूज हर खबर को प्रमुखता से जनता तक पहुंचाने का कार्य कर रहा है। क्षेत्र में सड़क, बिजली, पानी, आवारा पशु, जाम और जनसमस्याओं जैसी खबरों को लगातार प्रकाशित कर लोगों की आवाज प्रशासन तक पहुंचाई जा रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि समृद्धि न्यूज बिना किसी पक्षपात के सच्चाई को सामने लाने का काम कर रहा है, जिससे लोगों का भरोसा लगातार बढ़ रहा है। यही कारण है कि दिन-प्रतिदिन दर्शकों और पाठकों की संख्या में इजाफा हो रहा है। जनता की आवाज को बुलंद करने और हर वर्ग की समस्याओं को प्रमुखता से उठाने की इसी सोच के कारण समृद्धि न्यूज क्षेत्र में भरोसेमंद पत्रकारिता का प्रतीक बनता जा रहा है। आज समृद्धि न्यूज अखबार जिले से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में पहुंच चुका हैं। कलान, परौर, कुर्रियां कला आदि क्षेत्रों में भी समृद्धि न्यूज अखबार तेजी से बढ़ रहा हैं और ग्रामीण क्षेत्रों की पहली पसंद बन रहा है।

# पिकअप चालक का खेत में मिला शव, हत्या का आरोप

- पिकअप से डीजी लेकर गया था बरात, एफआईआर दर्ज

**मदनापुर, शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



थाना क्षेत्र की ग्राम पंचायत बौरी के चंदपुर गांव निवासी 19 वर्षीय पिकअप वाहन चालक हरिओम की संदिग्ध हालात में मौत हो गई। बृहस्पतिवार शाम उसका शव रामनगर गांव स्थित खेत में यूकेलिप्टिस के पेड़ के पास पड़ा मिला। परिजनों ने शरीर पर चोटों के निशान देखकर हत्या का आरोप लगाया है। मृतक के भाई दिनेश ने रामवीर पर संदेह जताया है, पुलिस ने उसके खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। परिजनों के अनुसार, हरिओम पिकअप वाहन चलाते थे। शादियों में पिकअप वाहन पर डीजे भी ले जाते थे। बुधवार की रात वह पड़ोसी गांव रामनगर डीजे बुकिंग पर ले गए थे। इसके बाद घर नहीं आए तो परिजनों को चिंता हुई। सुबह परिजनों ने गांव जाकर हरिओम का पता लगाया, लेकिन कुछ पता नहीं चला। वहां केवल उनकी पिकअप व मोबाइल ही मिला। इसके बाद परिजनों ने उनकी काफी तलाश की। शाम हरिओम का शव रामनगर गांव में ही यूकेलिप्टिस के पेड़ के पास पड़ा मिला। उनके सिर में चोट के निशान थे। मौके पर पहुंचे परिजन शव को देखकर बिलख पड़े। परिजनों का आरोप है कि हरिओम की हत्या की गई है। उनके पास करीब 33 हजार रुपया भी था, जो नहीं मिला। मृतक के भाई दिनेश ने बताया कि सुबह जब भाई को फोन किया तो किसी अन्य ने उठाया। उसने कहा कि थोड़ी देर में बात करा देंगे। जब दोबारा फोन लगाया तो बात नहीं हो सकी। इसके बाद गांव जाकर पता किया। शाम को भाई का शव पड़ा मिला। घटना के बाद पुलिस ने कुछ संदिग्धों को हिरासत में लिया। सीओ सदर प्रयांक जैन ने बताया कि मृतक के भाई दिनेश की तहरीर पर रामवीर के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। आरोपी युवक की तलाश की जा रही है। तथ्य व साक्ष्यों के आधार पर कार्रवाई की जाएगी। एसपी सिटी देवेंद्र कुमार ने बताया युवक का शव बरामद हुआ है। परिजनों की तहरीर के आधार पर एक युवक के खिलाफ शक के आधार पर रिपोर्ट दर्ज की गयी हैं। मामले की पुलिस जांच कर रही है।

# शाहजहांपुर विकास प्राधिकरण की एक और कार्रवाई, मैरिज लॉन सील

- अवैध निर्माणों पर एसडीए का एक्शन जारी

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



शहर में अवैध रूप से बढ़ते हुए मैरिज हालों पर शाहजहांपुर विकास प्राधिकरण ने शिकंजा कसना प्रारंभ कर दिया है। ताजा मामला रोशनगंज स्थित खान साहब की बगिया में स्थित वेंकटहाल, मैरिज हॉल का प्रकरण है। उक्त मैरिज हाल का अवैध रूप से संचालन किए जाने की शिकायत स्थानीय लोगों द्वारा की गई थी। वैंकटहाल, मैरिजहाल में, जो शहर के बीचोबीच में स्थित है, देर रात तक डीजे के शोर से परेशान मोहल्लेवासियों, ने डीएम धर्मेन्द्र प्रताप सिंह को शिकायत की। शाहजहांपुर विकास प्राधिकरण को भी शिकायत दी। प्रकरण का संज्ञान लेते हुए डीएम ने सचिव विकास प्राधिकरण को कार्रवाई करने का निर्देश दिया, जिसके क्रम में प्राधिकरण सचिव अजय कुमार त्रिपाठी ने मैरिज हाल के संचालक को नोटिस जारी कर इस संबंध में अपने अभिलेख प्रस्तुत करने का निर्देश दिया। संचालक द्वारा नोटिस प्राप्त होने के बाद प्राधिकरण कार्यालय में उपस्थित होकर यह बताया गया कि उनके पास वर्तमान में कोई भी अभिलेख नहीं है और नहीं, कहीं से भी मैरिज हॉल संचालन की कोई अनुमति प्राप्त की गई है और समय की मांग की गई। उनके अनुरोध पर सचिव प्राधिकरण द्वारा एक सप्ताह का समय दिया गया, जिसे संचालक को अपना पक्ष रखने का भी अवसर प्राप्त रहे और यदि उनके पास कोई अभिलेख है, संचालन की अनुमति है तो प्रस्तुत कर सकें, लेकिन एक सप्ताह का समय व्यतीत हो जाने के बाद भी उनके द्वारा किसी प्रकार का कोई अभिलेखीय प्रमाण नहीं दिया गया दिया गया, जिसमें यह स्पष्ट हो कि मैरिज हाल संचालक के पास किसी भी प्रकार का नियमसंगत अनुमति प्राप्त नहीं है। शाहजहांपुर विकास प्राधिकरण के सचिव अजय कुमार त्रिपाठी द्वारा अवर अभियंता प्रदीप त्रिवेदी एवं रमेश चंद्र वर्मा के नेतृत्व में दो सदस्यीय टीम का गठन किया और उनकी आख्या इस संबंध में जांच कर स्थलीय और अभिलेखीय प्राप्त की गई। दोनों अभियंताओं ने संयुक्त रूप से प्रस्तुत अपनी आख्या में जांच आख्या में बताया कि यह वैंकट हाल-मैरिज हाल पूर्णतया अविविध रूप से रेगुलेशन जोनिंग के 2025 के प्रावधानों के प्रतिकूल चल रहा है तथा यह इस क्षेत्र में अनुमन्य ही नहीं है। ऐसी दशा में अवर अभियंताओं की आख्या का परीक्षण करते हुए तथा वर्तमान समय में उपलब्ध गतिमान प्राविधानों के आलोक में सचिव प्राधिकरण अजय कुमार त्रिपाठी ने सम्यक परीक्षण करते हुए खान साहब की बगिया में अवैध रूप से संचालित हो रहे इस वेंकट हॉल-मैरिज हाल को विधि विरूद्ध रूप से संचालित पाये जाते हुए तत्काल प्रभाव से मैरिज हाल की क्रियाओं को निषिद्ध करने तथा इसे सील किये जाने का आदेश पारित किया, जिसके अनुपालन में शाहजहांपुर विकास प्राधिकरण की टीम स्थानीय पुलिस एवं नामित मजिस्ट्रेट, नायब तहसीलदार सदर द्वारा स्थल पर उपस्थित रहकर के मैरिज हाल को सील कर दिया गया।

## क्रिकेट का जलवा

क्रिकेट का यह सीजन हिमाचल को नया नाम और शोहरत का पैगाम दे रहा है, तो इससे संपूर्ण खेलों का माहौल और खेल पर्यटन का अंदाज बदलना चाहिए। आईपीएल की श्रृंखला में पहले ही तीन मैच यहां होने तय हैं, तो अब एक क्वालिफायर जुड़ने से धर्मशाला में क्रिकेट स्टेडियम की चर्चा पूरे सीजन की करामात में दर्ज होगी। इसके बाद जून में अफगानिस्तान टीम का एक मैच भी यहां के अंतरराष्ट्रीय महत्त्व को दर्शकों की पलकों पर बैठाएगा। हैरानी यह कि क्रिकेट से काफी पहले धर्मशाला में राष्ट्रीय स्तर की खेल प्रतियोगिताएं खास तौर दुर्गामल-दलबहादुर फुटबाल ट्रॉफी होती आई है, लेकिन खेल अधोसंरचना मुकम्मल नहीं हुई। स्मार्ट सिटी परियोजना के तहत बन रहे फुटबाल स्टेडियम भी अगर क्रिकेट अधोसंरचना का अनुसरण करता तो अब तक फुटबाल के कई महाकुंभ लग चुके होते। प्रदेश की कृत्रिम झीलों में साहसिक व जल क्रीड़ाओं के लिए आवश्यक ढांचा बने, तो राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय तालिकाओं के दावे हिमाचल से बढ़ सकते हैं। काफी वर्षों से भारतीय खेल प्राधिकरण के तत्वावधान में धर्मशाला की पहाड़ियों पर हाई अल्टीट्यूट खेल प्रशिक्षण केंद्र की रूपरेखा बनाई और मिटाई जा रही है, तो हम मान सकते हैं कि राजनीति का खेल हर संभावना पर भारी है। दूसरी ओर क्रिकेट की नब्ज पर हाथ रखते हुए सांसद अनुराग ठाकुर ने अगर एक स्टेडियम का संकल्प लिया, तो नतीजे सामने हैं। यह सिर्फ आईपीएल या दूसरे अंतरराष्ट्रीय मैच ही नहीं, बल्कि आम दिनों में भी क्रिकेट स्टेडियम में दर्शकों के मेले लगते हैं। हिमाचल में ऐसे कई दर्शनीय मैदान हैं और अगर वहां विभिन्न खेलों की अधोसंरचना विकसित करने के अलावा अकादमियां विकसित की जाएं, तो सारे राष्ट्र के तमगे यहां तैयार होंगे। विडंबना यह है कि विकास के नाम पर ऐतिहासिक मैदानों पर कंक्रीट उगाया जाने लगा है। सुजानपुर मैदान की आधी विरासत कई विभागों के नाम हो गई है, तो धर्मशाला के मैदान के एक बड़े भाग पर पुलिस ने इमारतों की जुंबिश लगा दी है। कुल्लू, चंबा, मंडी, नाहन, धर्मशाला और सोलन के प्रमुख मैदान खेल विभाग के नाम होने चाहिएं। इसी तर्ज पर हर शहर में कम से कम चार और हर गांव में अनिवार्य रूप से एक मैदान विकसित करना होगा। धर्मशाला में आईपीएल के चार मैचों का नूर पर्यटन व होटल इंडस्ट्री पर चढ़ेगा। हिमाचल के प्रवेश द्वारों से धर्मशाला तक का खेल सफर निपुण होकर पर्यटन गतिविधियों को बढ़ावा दे सकता है। होना तो यह चाहिए कि हम क्रिकेट प्रेमियों की तरह फुटबाल, वालीबाल, एथलेटिक्स, पैराग्लाइडिंग, वाटर स्पोर्ट्स, हॉकी व अन्य खेलों के प्रेमियों को अलग-अलग स्थानों पर आकर्षित करें। क्रिकेट एसोसिएशन ने अल्पकाल में अपने कार्य के दायित्व में दक्षता, गुणवत्ता, संभावना तथा क्षमता को निरंतर सशक्त किया है, तो इसी तराजू में बाकी खेल भी अपना वजन बढ़ा सकते हैं। हिमाचल एक बार राष्ट्रीय खेलों की मेजबानी मंजूर करके, पूरे राज्य के खेल ढांचे को मजबूत कर सकता है। राष्ट्रीय खेल आयोजन का मुख्य केंद्र धर्मशाला को बनाते हुए ऊना, हमीरपुर, बिलासपुर, पालमपुर, मंडी, चंबा, सोलन व शिमला जैसे स्थलों पर अलग-अलग खेलों के अंतरराष्ट्रीय मानकों पर विभिन्न इनडोर व आउटडोर स्टेडियम निर्मित किए जा सकते हैं। बहरहाल क्रिकेट के मजबूत आधार पर एक बार फिर अरुण धूमल ने अपना करिश्मा दिखाते हुए आईपीएल के चार मैचों का आयोजन अगर सुनिश्चित किया है, तो पूरी होटल इंडस्ट्री को भी सहयोग करते हुए खेल प्रेमियों को तरह-तरह के ऑफर तथा मनोरंजन के अवसर प्रदान करने होंगे। भले ही मैचों के बीच धर्मशाला नगर निगम चुनाव शिरकत कर रहा होगा, लेकिन मुद्दों की बिसात में यह समझना होगा कि इस अवसर के माध्यम से शहर को किस तरह सशक्त करने की जरूरत है।

# जीवन का सुख-चैन छीनता अहंकार



डॉ. प्रितम भि. गेडाम




भले ही हमने शारीरिक रूप से मानवी देह पाया है, लेकिन क्या हम इंसान है या इंसान कहलाने के पात्र है? आज के दौर में इंसान बनकर जीने वाले दुर्लभ होते जा रहे हैं। आइये पहले हम स्वयं से जानते है कि, इंसान किन्हें कहते हैं। दूसरों की खुशी में खुश होना, दूसरों के दुःख में दर्द महसूस होना, दूसरों भावनाओं को समझना, उसकी कद्र करना। अपने स्वार्थ को दूर रखकर हमेशा दूसरों के भलाई का ख्याल करना। देश और समाज के विकास के लिए तत्पर रहना, यथोचित हर संभव मदद करना, मानव कल्याण का जज्बा बनाये रखना। झूठे दिखावे से बचना, लोगों से ईर्ष्या भाव न करना। प्रकृति, पशु-पक्षियों और जंगल की रक्षा करना। जाती, धर्म, लिंग, क्षेत्र, भाषा, रंगरूप पर आधारित भेदभाव को न मानकर समस्त मानवी समाज को एक स्तर पर मानकर मानवी सेवा विकास को सर्वोपरि मानना। कथनी-करनी में अंतर न करना। नशाखोरी, भ्रष्टाचार, चरित्रहीन व्यवहार, अन्यों से दुर्व्यवहार, अपराध, भेदभाव से अलिप्त होकर सत्कर्मों को ही हमेशा प्राथमिकता देना। यह सभी इंसानियत की विशेषता है, जो इंसानो में होनी चाहिए। अगर ये सभी विशेषता हम में है, तो हम इंसान है, वर्ना जानवरों को भी लज्जित कर दे, ऐसे घृणात्मक कलंकित करनेवाली दुःखद घटनाएं तो हमारे आसपास रोजाना होती ही है और हम आँखे मूंदकर बुजदिल की जिंदगी काटते हैं।

हमारे आसपास के इस कलह भरे वातावरण में हर कोई झूट का मुखौटा पहनकर खुद को इंसान दिखाने का प्रयत्न कर रहा है और यही वातावरण अहंकार की भेट चढ़कर जीवन का सुकून छीन रहा हैं। आज रिश्ते-नाते, शादियां तोड़ने में अहंकार मुख्य भूमिका में हैं। दुनिया को बताने के लिए कारण कुछ भी बताये लेकिन आज विभिन्न देशों में चल रहे युद्ध का कारण अहंकार भी है, जिससे बड़ी मात्रा में मासूमों की जान जा रही है, पर्यावरण, धन का अपव्यय हो रहा है और पूरी दुनिया पर इसका गंभीर असर हो रहा हैं। अनेक बार रिश्तेदार, आस-पडोसी, परिचित अहंकार के कारण जिंदगी भर बात नहीं करते, उससे ज़िंदगी में क्या हासिल हो जाता है, पता नहीं।

क्या आप जानते है कि, जब भी हम क्रोध, चिढ़, ईर्ष्या, तनाव या बुरे विचारों से भर उठते है, तब उसका सीधा असर हमारे खुद के ही स्वास्थ्य पर गंभीर असर करता है, अर्थात दूसरों पर गुस्सा करना हमारे जान को जोखिम में डालता हैं। आजकल तो नाम के लिए या दिखावे के लिए हम खूब आधुनिक होने का दम भरते है, लेकिन विचारों और संस्कारों से हम लगातार पिछड़ते ही जा रहे हैं। राह चलते हुए गलती से किसी को धक्का भी लग जाये तो, इंसानियत दिखाने के बजाय गालीगलौच, धमकी, धौस दिखाकर खुद के वर्चस्व को साबित करने की होड़ लग जाती है फिर बात मारपीट और कई बार हत्या तक पहुंच जाती हैं।

*खुद को समझने के लिए अपने कार्य, व्यवहार, स्वभाव और इसका अन्यों पर असर इन सभी बातों का आत्मचिंतन करना बहुत जरुरी है, खुद का विश्लेषण करने के लिए समय निकालें और उन क्षेत्रों की पहचान करें जहाँ हमारा अहंकार हमारे निर्णयों और बातचीत को प्रभावित कर रहा हो। जीवन में सबसे जरूरी शुद्ध हवा, स्वच्छ जल, पोषक आहार है, और मन को संतोष है तो जीवन सुख से बीतता है, लेकिन लोग इसे प्राथमिकता देने के बजाय अहंकार, झूठा दिखावा और घमंड में सुकून खो बैठते हैं। लोग आज के दौर में, घर के आगे कोई पेड़ हो तो उसे काटकर वहां अतिक्रमण करना चाहते है, ताकि घर का दायरा बढ़ाया जा सकें, लेकिन ऐसी सोच ने पुरे देश में तापमान बढ़ाया है, यह किसी को नजर नहीं आता, हर कोई स्वार्थ के लिए जीते हुए प्रतीत होता हैं। स्वार्थ से अपना ध्यान हटाकर समाधानी सोच अपनायें। विनम्रता और सीखना अपनाएँ, मानें कि हमको सब कुछ नहीं पता। सफलता के लिए नतीजों पर नहीं, कोशिश पर ध्यान दें। मैं हमेशा ही सही हूँ वाली सोच छोड़ दें। अपना ध्यान अपनी चिंताओं से हटाकर दूसरों की सेवा करने पर लगाएँ, सत्कर्म करें। रोजाना ध्यान, योग या शांत सोच-विचार के लिए समय निकालें। अच्छे विचारों के लोगों से जुड़े, हेल्दी हॉबी अपनाएं, प्रकृति की रक्षा प्रत्येक की जिम्मेदारी समझें। महान समाजसुधारकों के आदर्श, सोच को जीवन में अपनाएं। अच्छे काम करने का सुकून दुनिया में बेशकीमती है, छोटी सी जिंदगी है इसे तनावमुक्त रहकर हंसते मुस्कुराते हुए बिताएं।*

हमारे रिश्ते-नाते, आस-पड़ोस या परिचित में किसी के घर कोई खुशखबर हो तो हम मन के मन में जलन से भरते है, लोगों की मेहनत को नजरअंदाज करके खुद की किस्मत को कोंसते है, कि दूसरों के साथ क्यों अच्छा होता है, हमारे साथ क्यों नहीं। झूठा दिखावा और खुद का स्टैंडर्ड ऊंचा दिखाने के चक्कर में अक्सर बर्बादी के मुहाने में पहुँच जाते है, ये आज के समाज का घिनौना सच हैं। मनुष्य का अहंकार उसका सुख-चैन छीन लेता है और सुंदर शांत जीवन का मार्ग दुर्गम बना देता हैं। अहंकार मनुष्य के जीवन को विनाश की ओर धकेलता है, जैसे मनुष्य खुद ही अपनी मौत के लिए चिता सजा रहा हैं।

हमारे आसपास बहुत से बुरे घटनाओं से अनगिनत लोगों के दुःखद अंत की खबरें हमें झंझोड़ देती है, उदाहरण के लिए आज बहुत से अभिभावक बच्चों को विदेश भेजते है या बड़े शहरों में भेजते है और अहंकार से गर्वित होते है कि उनके बच्चे विदेशों में स्थायिक हो चुके है, परंतु अनेक बार ये ही बूढ़े माँ-बाप मर भी जाते है, फिर भी उनके बच्चे अंतिम संस्कार में उपस्थिति दर्शाना भी मुनासिब नहीं समझते, ये हमारे समाज की कड़वी सच्चाई हैं। दुनिया भर में हजारों ऐसे महान शख्सियत है जो नाम, शोहरत, रुतबा, पैसा होने के बावजूद सरल और सादगी पसंद जीवन यापन करते हैं, अनेक महान लोग दुनिया से चले जाने के बाद उनकी जिंदगीभर की कमाई में केवल कुछ जोड़ी कपड़े और किताबों का संग्रह देखने मिलता है, थोड़ी-बहुत संपत्ति होती भी है तो वे उसे दान कर चुके होते है, जबकि वे चाहते तो करोडो, अरबों रुपयों की संपत्ति बना सकते थे, लेकिन तब वे शायद अपने कर्मों से महान नहीं बन पाते।

अहंकार अक्सर हमारी झूठी आत्म-छवि को बचाने के लिए असलियत को तोड़-मरोड़ देता है, जिससे गलतियाँ मानना या आलोचना स्वीकार करना मुश्किल हो जाता है, अहंकार अगर हावी हो जाये तो खुद को सही साबित करने में लग जाते है, जिससे टकराव उत्पन्न होता हैं। अहंकार में मनुष्य खुद को महान या सर्वगुण संपन्न समझता है जिससे दूसरों के प्रति हीन भावना उत्पन्न होती हैं। अहंकार हमें दूसरों की राय और भौतिक सफलता की बहुत ज़्यादा परवाह करने पर मजबूर करता है, जिससे हमें चिंता और नाखुशी होती है, जीवन में उदासी छाती हैं। इससे लोग अच्छा करने के बजाय अच्छा दिखने को या शॉर्टकट लेने को प्राथमिकता देना पसंद करते हैं। अहंकार ज़िंदगी पर गहरा असर डालता है, बढ़ा हुआ अहंकार कुछ नया सीखने में रुकावट डालता है, हार होने के डर से विकास को रोकता है, और लगातार अन्यों से तुलना करके दुखी महसूस करता है, जबकि हमारे नियंत्रण में अहंकार हो तो अपनी शान बढ़ाने के बजाय हम खुद को बेहतर बनाने की कोशिश पर ध्यान केंद्रित करते है, जिससे समायोजित करने की क्षमता, गहरे रिश्ते और उत्पादकता बढ़ती हैं।

खुद को समझने के लिए अपने कार्य, व्यवहार, स्वभाव और इसका अन्यों पर असर इन सभी बातों का आत्मचिंतन करना बहुत जरुरी है, खुद का विश्लेषण करने के लिए समय निकालें और उन क्षेत्रों की पहचान करें जहाँ हमारा अहंकार हमारे निर्णयों और बातचीत को प्रभावित कर रहा हो। जीवन में सबसे जरूरी शुद्ध हवा, स्वच्छ जल, पोषक आहार है, और मन को संतोष है तो जीवन सुख से बीतता है, लेकिन लोग इसे प्राथमिकता देने के बजाय अहंकार, झूठा दिखावा और घमंड में सुकून खो बैठते हैं। लोग आज के दौर में, घर के आगे कोई पेड़ हो तो उसे काटकर वहां अतिक्रमण करना चाहते है, ताकि घर का दायरा बढ़ाया जा सकें, लेकिन ऐसी सोच ने पुरे देश में तापमान बढ़ाया है, यह किसी को नजर नहीं आता, हर कोई स्वार्थ के लिए जीते हुए प्रतीत होता हैं। स्वार्थ से अपना ध्यान हटाकर समाधानी सोच अपनायें।

विनम्रता और सीखना अपनाएँ, मानें कि हमको सब कुछ नहीं पता। सफलता के लिए नतीजों पर नहीं, कोशिश पर ध्यान दें। मैं हमेशा ही सही हूँ वाली सोच छोड़ दें। अपना ध्यान अपनी चिंताओं से हटाकर दूसरों की सेवा करने पर लगाएँ, सत्कर्म करें। रोजाना ध्यान, योग या शांत सोच-विचार के लिए समय निकालें। अच्छे विचारों के लोगों से जुड़े, हेल्दी हॉबी अपनाएं, प्रकृति की रक्षा प्रत्येक की जिम्मेदारी समझें। महान समाजसुधारकों के आदर्श, सोच को जीवन में अपनाएं। अच्छे काम करने का सुकून दुनिया में बेशकीमती है, छोटी सी जिंदगी है इसे तनावमुक्त रहकर हंसते मुस्कुराते हुए बिताएं।

***अहंकार एक धीमा जहर है, जो इंसान के गुणों को मार देता हैं।***

विचार

# निराश्रित गोवंश संरक्षण से आत्मनिर्भरता की इबारत लिख रहीं अलीगढ़ की महिलाएं

डॉ. अजीत रानाडे



उत्तर प्रदेश एक कृषि प्रधान प्रदेश है, जहाँ की ग्रामीण अर्थव्यवस्था का मूल ढांचा पारंपरिक रूप से खेती और पशुपालन पर टिका हुआ है। वर्तमान समय में ग्रामीण क्षेत्रों के समक्ष निराश्रित गोवंश का प्रबंधन एक बड़ी चुनौती बनकर उभरा है, जिससे न केवल फसलों की सुरक्षा प्रभावित होती है, बल्कि सामाजिक और आर्थिक संतुलन पर भी दबाव पड़ता है। इन परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए प्रदेश सरकार द्वारा संचालित 'मुख्यमंत्री निराश्रित/बेसहारा गोवंश सहभागिता योजना' एक ऐसी दूरदर्शी पहल सिद्ध हो रही है, जो पशु संरक्षण के साथ-साथ आर्थिक सुदृढ़ीकरण की दिशा में निर्णायक भूमिका निभा रही है। यह योजना केवल पशुओं को आश्रय देने तक सीमित नहीं है, बल्कि इसका विस्तार ग्रामीण परिवारों, विशेषकर महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने तक है। मिशन शक्ति 5.0 के साथ इस योजना का एकीकरण महिला सशक्तिकरण की अवधारणा को धरातल पर चरितार्थ कर रहा है।

योजना की संरचना को इस प्रकार तैयार किया गया है कि यह व्यावहारिक और सुलभ बनी रहे। इसके अंतर्गत स्थानीय सरकारी गोशालाओं में संरक्षित बेसहारा गोवंश को इच्छुक किसानों, पशुपालकों या आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों को सौंपा जाता है। पशुपालक की जिम्मेदारी पशु के उचित भरण-पोषण और सुरक्षा की होती है। इसके प्रतिफल के रूप में सरकार द्वारा पशुपालक को ?50 प्रतिदिन प्रति गोवंश के हिसाब से आर्थिक सहायता प्रदान की जाती है, जो प्रति माह लगभग रु. 1500 होती है। इस वित्तीय सहायता की सबसे महत्वपूर्ण कड़ी डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर (डीबीटी) प्रणाली है, जिसके माध्यम से यह राशि सीधे लाभार्थी के बैंक खाते में बिना किसी मध्यस्थ के पहुँचती है। एक व्यक्ति अधिकतम चार गोवंश प्राप्त कर सकता है, जिससे उसे मासिक रूप से एक सम्मानजनक आर्थिक संबल प्राप्त होता है।

अलीगढ़ जिले में इस योजना के क्रियान्वयन ने एक नई मिसाल पेश की है। जिला प्रशासन ने योजना को मिशन शक्ति अभियान से जोड़ते हुए महिलाओं को आर्थिक मोर्चे पर नेतृत्व प्रदान करने का अवसर दिया है। जिला प्रशासन ने जिले के विभिन्न विकास खंडों में 15 चयनित महिलाओं को दुधारू गोवंश सौंपे। यह प्रक्रिया महज एक वितरण कार्यक्रम नहीं था। बल्कि इसमें उनके जीवन में आर्थिक स्थिरता की शुरुआत हुई। प्रशासन द्वारा महिला लाभार्थियों को प्राथमिकता देकर उन्हें गृह-आधारित रोजगार से जोड़ा जा रहा है। मुख्य विकास अधिकारी और पशुपालन विभाग की टीम ने लाभार्थियों के पारदर्शी चयन से लेकर पशुओं के स्वास्थ्य प्रबंधन तक की एक सुव्यवस्थित प्रणाली विकसित की है। पशु चिकित्सा अधिकारियों द्वारा पशुओं का नियमित टीकाकरण और स्वास्थ्य परीक्षण से यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि पशुपालन में किसी भी प्रकार की तकनीकी या चिकित्सीय बाधा न आए।

अलीगढ़ में इस योजना के लाभार्थियों में ग्राम दबंथला की राजवती देवी जैसी अनेक महिलाएं, जो पूर्व में आजीविका के लिए दैनिक मजदूरी और दूसरों के खेतों पर निर्भर थीं, आज अपने घर पर पशुपालन के माध्यम से आय अर्जित कर रही हैं। ये महिलाएं इस योजना से प्राप्त होने वाली सरकारी सहायता राशि से पशु के आहार का खर्च वहन करती हैं, जबकि दुग्ध उत्पादन से होने वाली अतिरिक्त आय उनके परिवार के जीवन स्तर को ऊपर उठा रही है। इसी प्रकार जनपद में ग्राम सुनामई की हरदेवी का उदाहरण भी है जो बताता है कि जब महिलाओं के पास अपनी आय का स्वतंत्र स्रोत होता है, तो उनका आत्मविश्वास बढ़ता है और समाज में उनका सम्मान सुनिश्चित होता है। यहाँ की कई महिलाओं ने एक कदम आगे बढ़ते हुए दूध के साथ-साथ दही, घी और पनीर जैसे उत्पादों का निर्माण शुरू किया है, जो ग्रामीण स्तर पर लघु डेयरी उद्यम को बढ़ावा दे रहा है। योजना का एक अन्य सकारात्मक पक्ष कुपोषण के विरुद्ध अभियान भी है। पशुपालन से ग्रामीण परिवारों, विशेषकर बच्चों और गर्भवती महिलाओं को शुद्ध दूध की उपलब्धता सुनिश्चित हुई है, जिससे पोषण के स्तर में सुधार आ रहा है। यह योजना ग्रामीण आय में वृद्धि कर गरीबी के चक्र को तोड़ने में सहायक सिद्ध हो रही है। सड़कों और खेतों में घूमने वाले गोवंश को जब एक परिवार का संरक्षण मिलता है, तो उनकी सुरक्षा और स्वास्थ्य दोनों में गुणात्मक सुधार आता है। यह मॉडल सहभागिता के सिद्धांत पर आधारित है, जहाँ सरकार और नागरिक मिलकर एक सामाजिक समस्या का समाधान खोज रहे हैं। प्रशासनिक स्तर पर इस योजना की सफलता का मुख्य कारण निरंतर निगरानी और तकनीकी सहयोग है। लाभार्थियों को पशुपालन की वैज्ञानिक पद्धतियों का प्रशिक्षण दिया जा रहा है, जिससे वे सीमित संसाधनों में बेहतर परिणाम प्राप्त कर सकें। जिला प्रशासन की सक्रियता ने यह सुनिश्चित किया है कि योजना का लाभ वास्तव में पात्र व्यक्तियों तक पहुँचे।

यह पहल न केवल ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ कर रही है, बल्कि वोकल फॉर लोकल और आत्मनिर्भर भारत के राष्ट्रीय संकल्पों को स्थानीय स्तर पर साकार कर रही है। उत्तर प्रदेश सरकार की यह नीतिगत पहल दूरगामी परिणामों वाली है। यह ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार के नए अवसर सृजित करने के साथ-साथ पारंपरिक पशुपालन को पुनर्जीवित कर रही है। महिला लाभार्थियों की बढ़ती संख्या और उनके आर्थिक स्तर में सुधार से यह योजना उनके सामाजिक उन्नयन और आर्थिक सशक्तिकरण की महती आवश्यकता को सशक्त कर रही हैं। अलीगढ़ की महिलाओं द्वारा प्रस्तुत यह सफल मॉडल पूरे प्रदेश के लिए अनुकरणीय है।

साहित्य

## वन्दे मातरम् का सम्मान



संजय एम तराणेकर

वन्दे मातरम् की गूंज उठी,
भारत माँ की शान,
राष्ट्रगान-सा दर्जा पाकर,
हर दिल की पहचान।
माटी की खुशबू इसमें, नदियों का मधुर गान,
वीरों के बलिदानों से, महकता इसका सम्मान।

जब-जब ये गाते जाए, देशभक्ति
उमड़ पड़ती,
भारतमाता के चरणों में,
श्रद्धा खुद ही झुकती।
राष्ट्रगान संग इसका,
सम्मान और बढ़ जाएगा,
हर भारतीय के मन में, देशप्रेम दीप जलाएगा।

वन्दे मातरम् शब्द नहीं, जन-2
की अभिलाषा,
ये भारत की गौरव गाथा,
माँ भारती की भाषा।
150 वर्ष पूर्ण होने पर नए भारत को
दें दिशा, संस्कृति मंत्रालय से
यह सम्मान की थी आशा।
*(संदर्भ - वन्दे मातरम् गीत को राष्ट्रगान जैसा दर्जा)*



## राशिफल

**मेषः-** योजनाओं के फलीभूत होने से मन प्रसन्न होगा। मस्त-मौला मन व्यर्थ के कार्य में समय जाया कर महत्वपूर्ण कार्य के प्रति लापरवाह होगा।

**वृषभः-** नई घरेलू जिम्मेदारियों के पैदा होने से व्यय संभव। नये कार्य के क्रियान्वयन हेतु प्रयत्न तीव्र होगा। जरूरी कार्य की समय से पूर्ति करें।

**मिथुनः-** नये क्षेत्रों मे प्रयास से लाभ संभव। समस्याओं के समाधान से उत्साह में वृद्धि होगी। नये संबंधों के सहयोग से आर्थिक कठिनाइयां दूर होंगी।

**कर्कः-** सुख-साधनों की लालसा बढ़ेगी। महत्वपूर्ण कार्य की पूर्ति में असमर्थता जैसी स्थिति मन में निराशा पैदा करेगी। पुरानी घटनाओं के स्मरण से मन को कष्ट संभव। रोजगार में क्षमता का पूर्ण लाभ मिलेगा।

**सिंहः-** कोई महत्वपूर्ण निर्णय लेने में मन दुविधाग्रस्त होगा। मित्रवत संबंधों का लाभ प्राप्त होगा। आवेश में लिये गये निर्णय से पश्चाताप संभव।

**कन्याः-** मन को सकारात्मक दिशा की ओर केंद्रित करें। भाग्य से प्राप्त अच्छी बुरी सभी स्थितियों के साथ समझौतावादी बने। अपने सुख-दुख छोड़ परिजनों के सुख के बारे में सोचें। आलस्य कतई न करें।

**तुलाः-** पुरानी गलतियों से सीख लेते हुए वर्तमान को सुधारें। अच्छे कार्य से परिजनों के दिल में जगह बनायें। विद्यार्थी शिक्षा में लापरवाही न बरतें।

**वृश्चिकः-** भौतिक सुख-साधनों की लालसा बढ़ेगी। महत्वपूर्ण कार्य की पूर्ति में असमर्थता जैसी स्थिति मन को निराश करेगी। किसी नई दिशा में सकारात्मक सोच अवश्य रंग लायेगी।

**धनुः-** मूल्यवान समय को व्यर्थ के कार्य में न जाया करें। व्यावसायिक यात्रा द्वारा लाभ संभव। संवेदनशील शरीर ग्रहों की प्रतिकूलता से बीमार पड़ सकते हैं। जरूरी कार्य की पूर्ति समय से करें।

**मकरः-** सब कुछ सामान्य होते हुए भी मन अरुचि का शिकार होगा। रोजगार में लाभ के नये अवसर मिलेंगे। पिता के स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। किसी मेहमान के आगमन से घर में खुशहाल वातावरण रहेगा।

**कुंभः-** किसी की अस्वस्थता से परिवार में कष्टप्रद माहौल होगा। महत्वपूर्ण कार्यवश घर से दूर जाना पड़ सकता है।

**मीनः-** प्रतिभाओं के बावजूद हीन भाव प्रतिभाओं के लाभ से वंचित करेगा। कल्पनाओं में जीना छोड़ भौतिक जगत के अनुकूल चलने का प्रयत्न करें। जीवन साथी के स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें।

# घाटमपुर तापीय विद्युत परियोजना यूनिट-3 का सफल सिंक्रोनाइजेशन

प्रवीण मालवीय

उत्तर प्रदेश आज ऊर्जा क्षेत्र में एक नई पहचान बना रहा है। कभी बिजली की कमी और अनियमित आपूर्ति के लिए चर्चा में रहने वाला यह राज्य अब ऊर्जा उत्पादन, वितरण और प्रबंधन के क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धियां दर्ज कर रहा है। इस परिवर्तन के केंद्र में मा0 मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी का दूरदर्शी नेतृत्व और ऊर्जा क्षेत्र में निरंतर सुधारों को प्राथमिकता देने वाली नीतियां रही हैं। इसी क्रम में मा0 मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ जी के कुशल नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में मार्च 2026 के प्रथम सप्ताह में घाटमपुर तापीय विद्युत परियोजना की 660 मेगावाट क्षमता वाली यूनिट-3 का सफल सिंक्रोनाइजेशन करते हुए एक और महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की गई है।

यह उपलब्धि केवल एक तकनीकी सफलता नहीं, बल्कि उत्तर प्रदेश के ऊर्जा क्षेत्र में हो रहे व्यापक बदलाव का प्रतीक है। घाटमपुर परियोजना, जो कि नेवेली उत्तर प्रदेश पावर लिमिटेड द्वारा संचालित है, राज्य और केंद्र सरकार के समन्वित प्रयासों का उत्कृष्ट उदाहरण है। यह परियोजना एनएलसी इंडिया लिमिटेड और उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उत्पादन निगम लिमिटेड के संयुक्त उपक्रम के रूप में विकसित की जा रही है, जिसमें आधुनिक तकनीक और उच्च गुणवत्ता के मानकों का विशेष ध्यान रखा गया है।

घाटमपुर परियोजना की यूनिट-3 का 765 केवी ग्रिड से सफल सिंक्रोनाइजेशन प्रदेश के लिए एक ऐतिहासिक क्षण है। इससे न केवल विद्युत उत्पादन क्षमता में वृद्धि होगी, बल्कि प्रदेश के लाखों उपभोक्ताओं को बेहतर और निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित की जा सकेगी। अनुमान है कि परियोजना के पूर्ण रूप से संचालित होने पर प्रतिदिन लगभग 47.52 मिलियन यूनिट बिजली का उत्पादन होगा, जो प्रदेश की बढ़ती ऊर्जा आवश्यकताओं को पूरा करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

प्रदेश के मा0 मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के नेतृत्व में राज्य सरकार ने ऊर्जा क्षेत्र को प्राथमिकता देते हुए उत्पादन क्षमता बढ़ाने, वितरण व्यवस्था को सुदृढ़ करने और तकनीकी आधुनिकीकरण पर विशेष जोर दिया है। इसका परिणाम यह है कि आज उत्तर प्रदेश की कुल स्थापित विद्युत उत्पादन क्षमता निरंतर बढ़ रही है और घाटमपुर परियोजना की नई इकाई के जुड़ने से यह लगभग 13,388 मेगावाट तक पहुंचने की संभावना है। यह भी उल्लेखनीय है कि घाटमपुर परियोजना की यूनिट-1 और यूनिट-2 पहले ही क्रमशः दिसंबर 2024 और दिसंबर 2025 से सफलतापूर्वक संचालन में हैं। यह परियोजना चरणबद्ध तरीके से प्रगति कर रही है, जो सरकार की योजनाबद्ध कार्यशैली और प्रतिबद्धता को दर्शाती है। ऊर्जा क्षेत्र में इस प्रकार की निरंतर प्रगति उत्तर प्रदेश को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक मजबूत आधार तैयार कर रही है।

ऊर्जा उत्पादन के साथ-साथ राज्य सरकार पर्यावरण संरक्षण के प्रति भी पूरी तरह सजग है। घाटमपुर परियोजना में एफजीडी (Flue Gas Desulphurization) और एससीआर (Selective Catalytic Reduction) जैसी अत्याधुनिक तकनीकों का उपयोग किया जा रहा है, जिससे प्रदूषण नियंत्रण सुनिश्चित किया जा सके। इसके अतिरिक्त 'Zero Liquid Discharge' प्रणाली के माध्यम से जल संरक्षण और पर्यावरण संतुलन को भी प्राथमिकता दी जा रही है। उत्तर प्रदेश विकास और पर्यावरण संरक्षण के बीच संतुलन स्थापित करते हुए आगे बढ़ रहा है।

प्रदेश के ऊर्जा मंत्री श्री ए.के. शर्मा ने प्रदेश के लिए इस उपलब्धि को ऊर्जा क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया है। राज्य सरकार उपभोक्ताओं को विश्वसनीय, गुणवत्तापूर्ण और निर्बाध बिजली आपूर्ति उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है। ऊर्जा विभाग लगातार सुधारों और नवाचारों के माध्यम से अपनी कार्यक्षमता बढ़ा रहा है।

ऊर्जा क्षेत्र में यह प्रगति केवल बिजली उत्पादन तक सीमित नहीं है, बल्कि इसका सीधा प्रभाव औद्योगिक विकास, निवेश आकर्षण और रोजगार सृजन पर भी पड़ रहा है। पर्याप्त और स्थिर विद्युत आपूर्ति किसी भी राज्य के आर्थिक विकास की आधारशिला होती है, और उत्तर प्रदेश इस दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। बेहतर बिजली व्यवस्था से उद्योगों को प्रोत्साहन मिल रहा है और राज्य में निवेश भी बढ़ रहा है। प्रदेश में आर्थिक गतिविधियों को नई गति मिल रही है। इससे ग्रामीण क्षेत्रों में भी बिजली आपूर्ति में सुधार होगा, जिससे किसानों, छोटे व्यापारियों और आम नागरिकों को सीधा लाभ मिलेगा। बिजली की सुलभ उपलब्धता से सिंचाई, शिक्षा, स्वास्थ्य और लघु उद्योगों के विकास में तेजी आयेगी। राज्य सरकार इस आवश्यकता को पूरी गंभीरता से समझते हुए कार्य कर रही है।

मा0 मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश ने ऊर्जा क्षेत्र में जो उपलब्धियां हासिल की हैं, वे राज्य के समग्र विकास की कहानी को मजबूत बनाती हैं। घाटमपुर परियोजना की यूनिट-3 का सफल सिंक्रोनाइजेशन इसी सफलता श्रृंखला की एक महत्वपूर्ण कड़ी है। यह उपलब्धि न केवल वर्तमान आवश्यकताओं को पूरा करने में सहायक होगी, बल्कि भविष्य की ऊर्जा जरूरतों के लिए भी एक मजबूत आधार तैयार करेगी।

उत्तर प्रदेश आज ऊर्जा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता की ओर तेजी से अग्रसर है। निरंतर बढ़ता ऊर्जा उत्पादन, आधुनिक तकनीकों का उपयोग, पर्यावरणीय संतुलन और मजबूत नेतृत्व यह सभी तत्व मिलकर राज्य को एक नई ऊंचाई पर ले जा रहे हैं। आने वाले समय में उत्तर प्रदेश न केवल देश के अग्रणी राज्यों में अपनी पहचान मजबूत करेगा, बल्कि ऊर्जा के क्षेत्र में एक आदर्श मॉडल के रूप में उभर रहा है।

**स्वामी, मुद्रक व प्रकाशकः** जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***
(इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी) समाचार से संबंधित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा। आरएनआई UPHIN/2013/55887
**पत्राचार एवं व्यवसायिक कार्यालय : 5/295, विपुल खण्ड-5, गोमती नगर, लखनऊ-226010, मो. 9305748833, 7985738649, 9451244788, 9554964672,**
**For News :** samradhinewslko@gmail.com/samradhinews@gmail.com **For Official :** chiefeditorsamriddhinews@gmail.com

## खबरें एक नजर में

### कायस्थ महासभा ने नवनिर्वाचित कमेटी का किया सम्मान




**फतेहपुर।** आबू नगर स्थित आशीर्वाद पैलेस में जिला बार एसोसिएशन की नवनिर्वाचित कमेटी का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस दौरान कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ अधिवक्ता निताईदास ने किया तो कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिला बार एसोसिएशन के अध्यक्ष बाबू सिंह यादव व महामंत्री अनुराग नारायण मिश्रा मौजूद रहे। मंच में पूर्व महामंत्री प्रवीण द्विवेदी, चंदियाना वार्ड के सभासद संजय लाला, मौजूद रहे। कार्यक्रम का सफल संचालन अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के जिलाध्यक्ष विवेक श्रीवास्तव ने किया तो कार्यक्रम का आयोजन जिला बार एसोसिएशन के पूर्व वरिष्ठ उपाध्यक्ष एवं अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के प्रांतीय उपाध्यक्ष रामजी सहाय ने किया। इस दौरान नवनिर्वाचित कमेटी का माल्यार्पण कर अंगवस्त्र भेंटकर, प्रतीक चिह्न देकर स्वागत व सम्मान किया गया। वही अपने संबोधन में बोलते हुए जिला बार एसोसिएशन के अध्यक्ष बाबू सिंह यादव ने कहा कि जिस तरीके से उन्हें लोग सम्मान दे रहे हैं उनकी कोशिश होगी कि वह अधिवक्ता समाज के साथ-साथ हर समाज की आवाज बनकर उनके सुख-दुख में खड़े हो सके। इस अवसर पर महामंत्री अनुराग नारायण मिश्र ने कहा अधिवक्ताओं के मान सम्मान की रक्षा की जाएगी। इस अवसर पर नवनिर्वाचित कमेटी में वरिष्ठ उपाध्यक्ष चन्द्र प्रकाश गुप्त, उपाध्यक्ष,गणेश तिवारी कोषाध्यक्ष सुनील गुप्ता, हृदय राम श्रीवास्तव, पुष्पा मौर्या, ऐश्वर्या श्रीवास्तव, सनत कुमार, अनंत नारायण दुबे, छाया देवी, आयशा बानो, शाइस्ता बानो, आदित्य शर्मा, मंजुला राजपूत, नेकेता सोनकर, सतीश शर्मा, अविनाश कुमार सिंह, महाप्रसाद दुबे, बृजेश बाजपेई के साथ-साथ अधिवक्ता संजय पांडे, शुभम श्रीवास्तव सहित तमाम अधिवक्ताओं का स्वागत व सम्मान किया गया। इस अवसर पर अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के युवा जिलाध्यक्ष अतुल श्रीवास्तव, महामंत्री संजय सिन्हा, श्याम श्रीवास्तव, सागर एडवोकेट, तान्या सहित तमाम लोग मौजूद रहे। वही कार्यक्रम के आयोजक पूर्व वरिष्ठ उपाध्यक्ष रामजी सहाय ने आए हुए तमाम अतिथियों का आभार व्यक्त किया।

### जिलाधिकारी ने ग्राम पंचायत पसवारा के निर्माणाधीन खेल मैदानों का किया निरीक्षण



**महोबा।** जिलाधिकारी गजल भारद्वाज ने ग्राम पंचायत पसवारा में निर्माणाधीन खेल मैदान, बैडमिंटन एवं बास्केटबॉल कोर्ट के कार्यों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने निर्माण की प्रगति, गुणवत्ता तथा सुरक्षा मानकों की विस्तार से समीक्षा की। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि निर्माण कार्य निर्धारित समय सीमा के अंदर उच्च गुणवत्ता के साथ पूर्ण किया जाए। उन्होंने सामग्री की गुणवत्ता, ज़मीन के समतलीकरण, ड्रेनेज और कोर्ट के मानक आकारों की भी जांच की। इसके साथ ही उन्होंने निर्माण स्थल पर मौजूद इंजीनियरों एवं ठेकेदारों से कार्य की गति बढ़ाने और दैनिक प्रगति कार्य बढाने को कहा। जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया कि खेल सुविधाओं का विकास युवाओं के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है, और किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने कहा कि बैडमिंटन/बास्केटबॉल कोर्ट का निर्माण निर्धारित समय पर पूर्ण कर खेल प्रेमियों के लिए उपलब्ध करा दिया जाएगा।

### यमुना नदी के कटान से बचाव को गुढ़ा-बेरा में रिटेनिंग वॉल का भूमि पूजन



**रामपुरा (जालौन)।** विकास खंड रामपुरा क्षेत्र के यमुना नदी किनारे बसे ग्राम गुढ़ा एवं बेरा को बाढ़ और कटान से सुरक्षित करने के उद्देश्य से शुक्रवार को रिटेनिंग वॉल निर्माण कार्य का विधिवत भूमि पूजन किया गया। क्षेत्रीय विधायक मूलचन्द्र सिंह निरंजन ने ग्राम बेरा पहुंचकर वैदिक मंत्रोच्चार के बीच भूमि पूजन कर परियोजना का शुभारंभ किया। इस दौरान ग्रामीणों में खुशी और उत्साह का माहौल देखने को मिला। यमुना नदी में प्रतिवर्ष आने वाली बाढ़ से ग्राम बेरा एवं गुढ़ा क्षेत्र सबसे अधिक प्रभावित होते रहे हैं। नदी के तेज बहाव के कारण गांव के किनारों की उपजाऊ जमीन लगातार कटकर नदी में समाहित हो रही थी। कई स्थानों पर कटान इतना बढ़ गया था कि गांव और नदी के बीच की दूरी काफी कम रह गई थी, जिससे ग्रामीणों में भय का वातावरण बना रहता था। ग्रामीण लंबे समय से स्थायी सुरक्षा व्यवस्था की मांग कर रहे थे। क्षेत्रवासियों की मांग एवं विधायक मूलचन्द्र निरंजन के प्रयासों से शासन द्वारा लगभग 220 मीटर लंबी रिटेनिंग वॉल निर्माण परियोजना को स्वीकृति प्रदान की गई है। सिंचाई विभाग के अनुसार इस परियोजना की कुल लागत लगभग 6 करोड़ 87 लाख 56 हजार रुपये निर्धारित की गई है। इस परियोजना के पूर्ण होने से यमुना नदी की बाढ़ और कटान से ग्राम गुढ़ा एवं बेरा को काफी हद तक राहत मिलेगी तथा ग्रामीणों की कृषि भूमि और आबादी सुरक्षित रह सकेगी। भूमिपूजन कार्यक्रम में ब्लॉक प्रमुख अजीत सिंह सेंगर, जलशक्ति मंत्री प्रतिनिधि अरविंद चौहान, विधायक प्रतिनिधि महेश राजावत, संतोष प्रजापति, भरत भदौरिया, ज्योतिष कुरोति, रामू तिवारी, सहायक अभियंता मोहम्मद खालिद, वसीम राजा, आशीष कुमार सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

### ग्राम संतृप्तिकरण योजना में दहेलखण्ड व भदरेखी में लगी जन चौपाल



**कालपी (जालौन)।** शासन की ग्राम संतृप्तिकरण योजना के तहत शुक्रवार को महेवा ब्लॉक क्षेत्र के दहेलखण्ड तथा कदौरा ब्लॉक के भदरेखी गांव में जन चौपाल का आयोजन किया गया, जिसमें ग्रामीणों को शासन द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। गौरतलब हो कि पिछले दिनों मंडलायुक्त विमल कुमार दुबे ने सभी उप जिलाधिकारियों को ग्रामीण क्षेत्रों में जन चौपाल आयोजित करने के निर्देश दिए थे। इसी क्रम में शुक्रवार को एसडीएम मनोज कुमार सिंह की अगुवाई में महेवा ब्लॉक क्षेत्र के ग्राम दहेलखण्ड में कार्यक्रम आयोजित हुआ। इस दौरान एसडीएम ने ग्रामीणों को निर्धन परिवारों के संतृप्तिकरण के लिए संचालित योजनाओं की जानकारी देते हुए बताया कि शादी अनुदान, विधवा कल्याण एवं अन्य सामाजिक योजनाएं पात्र लोगों के लिए चलाई जा रही हैं, लेकिन जानकारी के अभाव में कई पात्र लोग लाभ से वंचित रह जाते हैं। उन्होंने गांव में संचालित आवास, पेंशन तथा अन्य योजनाओं की समीक्षा की और ग्राम प्रधान व पंचायत सचिव को आवश्यक निर्देश दिए। एसडीएम ने कहा कि गर्मी का मौसम चल रहा है, इसलिए गांवों में कोई भी हैंडपंप खराब नहीं रहना चाहिए। उन्होंने गांव की सफाई व्यवस्था एवं गौशाला का भी निरीक्षण किया। कदौरा ब्लॉक क्षेत्र के भदरेखी गांव में नायब तहसीलदार मुकेश कुमार ने जन चौपाल लगाकर ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं तथा 29 विभागों द्वारा संचालित जनहितकारी योजनाओं की जानकारी दी। कार्यक्रम में विभिन्न विभागों के अधिकारी, ग्राम प्रधान एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

# डीएम ने रेडक्रॉस भवन में रक्तदानियों को किया सम्मानित

- थैलेसीमिया से पीड़ित बच्चे कृष्णा का केक काटकर जन्मदिन मनाया
- ज्यादा से ज्यादा लोगों को रक्तदान के लिए करें प्रेरित: डीएम

**फतेहपुर, समृद्धि न्यूज़।**

आज विश्व रेडक्रास दिवस के अवसर पर इंडियन रेडक्रास सोसाइटी के तत्वावधान में इस वर्ष की थीमष्मानव बंधुत्वष्के भाव को हृदय में रखकर कार्यकारी चेयरमैन व कार्यकारिणी सदस्य इंडियन रेडक्रास सोसाइटी उत्तर प्रदेश डॉ अनुराग श्रीवास्तव के नेतृत्व में रक्तदान शिविर का आयोजन रेडक्रास भवन में किया गया। सर्वप्रथम मुख्य अतिथि जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स जी को डॉ अनुराग द्वारा पुष्पगुच्छ भेंटकर स्वागत किया गया साथ ही उपस्थित सदस्यों ने भी पुष्पगुच्छ भेंटकर स्वागत किया ततपश्चात जिलाधिकारी द्वारा कार्यक्रम का शुभारंभ फीता काटकर किया गया। फिर भारतमाता व रेडक्रास के संस्थापक सर जॉन हेनरी ड्यूनेंट की प्रतिमा में जिलाधिकारी द्वारा माल्यार्पण किया गया फिर उपस्थित सभी सदस्यों ने भी प्रतिमा में पुष्पांजलि दी। फिर मुख्य अतिथि जिलाधिकारी व विशिष्ट अतिथि प्राचार्य मेडिकल कालेज डॉ राजेश मौर्य, उपप्राचार्य डॉ प्रदीप कुमार, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. राजेश कुमार को पुष्पगुच्छ व प्रतीक चिन्ह भेंट किया गया। साथ ही विश्व थैलेसीमिया दिवस के अवसर पर थैलेसीमिया पीड़ित बच्चे कृष्णा के साथ जिलाधिकारी ने केक काटकर बच्चे को खिलाया व बच्चे को उपहार भेंट किया। फिर रक्तदानियों को जिलाधिकारी व कार्यकारी चेयरमैन द्वारा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। ततपश्चात जिलाधिकारी द्वारा गोद




लिए हुए 21 क्षय रोगियों को पोषण सामग्री प्रदान की। रक्तदानियों में डॉ निशात शहाबुद्दीन जिला क्षय रोग अधिकारी, कृष्ण कुमार सिंह, शहनूर आलम, नीरज श्रीवास्तव, ज्योत्सना श्रीवास्तव, चौतन्य कुमार, मुजाहिद खान, दीपक कुमार, सचिन कुमार गुप्ता, विनोद कुमार, जगदीश मौर्य एडवोकेट, मुहम्मद बिलाल रहे। इससे पूर्व प्रातः 7 बजे डॉ अनुराग द्वारा जिला अस्पताल में महिला वार्ड में भर्ती मरीजों को फल व बिस्कुट का वितरण किया ततपश्चात प्रातः 8 बजे प्राथमिक विद्यालय महाजरी कांशीराम कालोनी( महर्षि विद्या मंदिर के पीछे) के बच्चों को पठन पाठन सामग्री( कॉपी, पेंसिल, रबर, कटर)खाद्य सामग्री बिस्कुट, टॉफी का वितरण किया गया। इस अवसर पर इंडियन रेडक्रास सोसाइटी आजीवन सदस्य डॉ रजिया सुल्ताना, रीता सिंह तोमर, साधना चौरसिया, अजीत सिंह, उमेश श्रीवास्तव, संजय श्रीवास्तव, राजा सिंह, सुरेश चंद्र श्रीवास्तव, अभिनव श्रीवास्तव, गोरेलाल, भक्तदास, पुनीत वीर विक्रम, वेदप्रकाश गुप्ता, राशिद हुसैन सिद्दीकी, प्रशांत चतुर्वेदी, सुरेश कुमार श्रीवास्तव, हिमांशु श्रीवास्तव, जिला अस्पताल रक्तकेन्द्र से डॉ डी के वर्मा, इंडियन रेडक्रास सोसाइटी रक्तकेन्द्र समिति से अशोक शुक्ल, कौशल श्रीवास्तव, अखिलेश कुमार, नरेंद्र सिंह, विनोद कुमार, कमला प्रसाद सहित तमाम सम्मानित आजीवन सदस्य उपस्थित रहे।

## शादीशुदा प्रेमिका की गला दबाकर हत्या

- विवाद के बाद वारदात, 2-3 साल से साथ रह रहे थे दोनों



**फतेहपुर।** गाजीपुर थाना क्षेत्र के बहादुरपुर गांव में शुक्रवार दोपहर प्रेमी राजपाल 26 वर्ष ने अपनी शादीशुदा प्रेमिका लालती देवी उम्र 24 वर्ष की गला दबाकर हत्या कर दी और मौके से फरार हो गया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।जानकारी के मुताबिक मृतका लालती देवी का मायका असोथर थाना क्षेत्र के कैथन पुरवा गांव में है। उसकी शादी थरियांव थाना क्षेत्र के नयापुरवा गांव में हुई थी। लेकिन पिछले 2 साल से लालती देवी बहादुरपुर गांव निवासी राजपाल के साथ मायके में ही अपनी बेटी के साथ रह रही थी।बताया जा रहा है कि शुक्रवार दोपहर किसी बात को लेकर राजपाल और लालती देवी के बीच कहासुनी हो गई। विवाद इतना बढ़ा कि गुस्से में आकर राजपाल ने लालती देवी का गला दबा दिया। मौके पर ही लालती की मौत हो गई। वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी राजपाल फरार हो गया।सूचना पर गाजीपुर थाना पुलिस मौके पर पहुंची। फॉरेंसिक टीम को भी बुलाया गया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। थानाध्यक्ष ने बताया कि आरोपी राजपाल की तलाश में दबिश दी जा रही है। परिजनों की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जाएगी। गांव में घटना को लेकर सनसनी फैल गई है।

## विश्व थैलेसीमिया दिवस: शिविर में 26 ने किया रक्तदान

**फतेहपुर, समृद्धि न्यूज़।**

- सक्षम प्राणदा प्रकोष्ठ, सक्षम की जिला इकाई एवं सर्व फार ह्यूमैनिटी फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान हुआ आयोजन

विश्व थैलेसीमिया दिवस के अवसर पर आज सक्षम प्राणदा प्रकोष्ठ, सक्षम की जिला इकाई फतेहपुर एवं सर्व फार ह्यूमैनिटी फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में मानस रक्त केंद्र, गोपाल नगर में एक विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का आयोजन सक्षम के प्रांत उपाध्यक्ष पीयूष द्विवेदी के मार्गदर्शन में तथा प्राणदा प्रकोष्ठ के प्रांत अध्यक्ष गुरमीत सिंह बग्गा के नेतृत्व में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ डीएवी किड्स केयर स्कूल की प्रिंसिपल, गीतांजलि सिंह जी एवं राष्ट्रपति अवॉर्डी व प्रथमिक स्कूल अस्ती की प्रिंसिपल आसिया फारुकी जी द्वारा संयुक्त रूप से फीता काटकर किया गया। उद्घाटन अवसर पर उपस्थित सभी लोगों ने रक्तदान को मानवता की सबसे बड़ी सेवा बताते हुए अधिक से अधिक लोगों को इस पुनीत कार्य से जुड़ने का आह्वान किया। रक्तदान शिविर में उपस्थित युवाओं एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं में विशेष उत्साह देखने को मिला। उत्कृष्ट काउंसलिंग एवं जागरूकता के परिणामस्वरूप सक्षम के चरैवेति आयाम के प्रांत प्रमुख धीरेन्द्र गुप्त, गीतांजलि सिंह तथा अन्य प्रथम बार रक्तदान करने वाले युवाओं ने भी बढ़-चढ़कर सहभागिता की। प्रथम बार रक्तदान करने वाले प्रतिभागियों ने कहा कि रक्तदान करने के बाद उन्हें आत्मिक संतोष की अनुभूति हुई तथा भविष्य में भी नियमित रूप से रक्तदान करने का संकल्प लिया। थैलीसीमिया दिवस के मौके पर 26 रक्तदाताओं ने रक्तदान किया, रक्तदान करने वालो में मो. बशीर, शिव बहादुर, योगेश कुमार, मनीष कुमार,पुष्पेंद्र सिंह,सक्षम के जिला सचिव सीताराम सिंह चौहान, युवा आयाम प्रमुख नवीन सिंह चौहान, रोजगार आयाम प्रमुख राजेश कुमार, प्राथमिक शिक्षक प्रवेश अवस्थी, सचिन प्रभाकर, मोहम्मद आलम, गीतांजलि सिंह, हितेंद्र सिंह, जितेंद्र शुक्ला, धीरेंद्र गुप्ता, शोएब हुसैन, मोहम्मद अली, अनुज कुमार, तुषार श्रीवास्तव, मुकेश भारती, गोलू, दीपराज गुप्ता, अरविंद, योगेंद्र, विजय सिंह,रोहित सामाजिक कार्यकर्ताओं एवं युवाओं ने रक्तदान कर अपनी सहभागिता सुनिश्चित की। शिविर में उपस्थित सभी रक्तदाताओं का माल्यार्पण एवं प्रमाण पत्र देकर उत्साहवर्धन किया गया। कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने कहा कि थैलेसीमिया जैसी गंभीर बीमारी से पीड़ित बच्चों एवं मरीजों को नियमित रूप से रक्त की आवश्यकता होती है।शिविर में महिलाओं, युवाओं एवं विभिन्न सामाजिक संगठनों की सक्रिय भागीदारी ने यह सिद्ध कर दिया कि फतेहपुर जनपद में सेवा कार्यों के प्रति लोगों में जागरूकता लगातार बढ़ रही है। आयोजकों ने कहा कि भविष्य में भी ऐसे जनहितकारी कार्यक्रम निरंतर आयोजित किए जाते रहेंगे ताकि जरूरतमंद मरीजों को समय पर रक्त उपलब्ध कराया जा सके। रक्तदान शिविर पूर्णतः सफल एवं प्रेरणादायी वातावरण में सम्पन्न हुआ, जिसमें कुल 26 यूनिट रक्त संग्रहित किया गया। कार्यक्रम के अंत में पियूष द्विवेदी, गुरमीत सिंह बग्गा, सीताराम सिंह चौहान ने चिकित्सकीय टीम डॉ. कैलाश पटेल, अमन यादव, अनामिका, अनुस, अंजलि, विष्णु व सहयोगी संस्थाओं एवं उपस्थित गणमान्य नागरिकों का आभार व्यक्त कर कहा कि रक्तदान महादान है और यह किसी भी जरूरतमंद के लिए जीवनदान साबित हो सकता है।

**जल जीवन मिशन के प्रभाव मूल्यांकन का दूसरा दिन**

## अमौली और हथगांव में जांची गई योजनाओं की जमीनी हकीकत

**फतेहपुर, समृद्धि न्यूज़।**

जल जीवन मिशन के अंतर्गत संचालित पेयजल योजनाओं के स्थलीय निरीक्षण और प्रभाव मूल्यांकन का कार्य निरंतर जारी है। प्रो. राजेन्द्र सिंह (रज्जू भैया) विश्वविद्यालय, प्रयागराज की विशेषज्ञ टीम द्वारा आज दूसरे दिन विकास खण्ड अमौली की ग्राम पंचायत उदुपुर, विकास खण्ड हथगाँव की ग्राम पंचायत अजतूपुर और विकास खंड ऐराया की ग्राम पंचायत सराय इदरीस और लाडलेपुर में प्राथमिक विद्यालय, पंचायत भवन तथा घर-घर जाकर लोगों से संवाद कर विस्तृत सर्वेक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान विश्वविद्यालय की टीम ने पाया कि घर-घर नल से जल पहुँचने के कारण ग्रामीणों, विशेषकर महिलाओं के दैनिक जीवन में क्रांतिकारी बदलाव आया है। शुद्ध पेयजल की नियमित आपूर्ति से दूषित जल से होने वाली बीमारियों (जैसे हैजा, टाइफाइड) के मामलों में भारी कमी दर्ज की गई है।ग्रामीणों ने बताया कि पहले उन्हें पानी के लिए दूर-दराज के हैंडपंपों पर निर्भर रहना पड़ता था, लेकिन अब घर में ही जल उपलब्ध होने से समय और श्रम की बचत हो रही है।टीम ने उदुपुर और अजतूपुर में नवनिर्मित जल टंकियों,



पाइपलाइन वितरण नेटवर्क और जल की शुद्धता के मानकों की तकनीकी समीक्षा की। डॉ. अशोक मौर्या के नेतृत्व में टीम ने ग्राम जल एवं स्वच्छता समिति के सदस्यों और ग्राम प्रधानों के साथ बैठक की। इस दौरान योजनाओं के रख-रखाव और भविष्य में निरंतरता सुनिश्चित करने पर चर्चा हुई। मूल्यांकन टीम में विश्वविद्यालय के विशेषज्ञ डॉ. अशोक मौर्या, मुकेश कुमार कन्नौजिया, अभिजात सिंह, अभिजीत तिवारी और सौरभ सिंह शामिल रहे। मौके पर जिला समन्वयक राजमुनि यादव, सहायक अभियंता आशीष कुशवाहा, संबंधित विकास खण्डों के अवर अभियंता उज्ज्वल कुमार, माबरजा, मोहित कुमार, आई.एस.ए. कोऑर्डिनेटर शिवबहादुर सिंह चन्देल, प्रोजेक्ट मैनेजर मो. सऊद सिद्दीकी, कंस्ट्रक्शन एजेंसी के प्रतिनिधि अचल सिंह, ग्राम प्रधानगण और बड़ी संख्या में स्थानीय ग्रामीण उपस्थित रहे।

### जनसुनवाई में शिकायतें सुन अधिकारियों को दिए निस्तारण के निर्देश

**उरई (जालौन)।** शुक्रवार को जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने कलेक्ट्रेट स्थित कार्यालय कक्ष में आयोजित जनसुनवाई के दौरान दूर-दराज से आए फरियादियों की समस्याओं को गंभीरता पूर्वक सुना तथा संबंधित अधिकारियों को शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। जनसुनवाई में राजस्व, पुलिस, नगर निकाय, विद्युत, सड़क, पेंशन, राशन कार्ड एवं भूमि विवाद से संबंधित प्रकरण प्रमुख रूप से सामने आए। जिलाधिकारी ने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप प्रत्येक शिकायत का पारदर्शी एवं संतोषजनक निस्तारण किया जाए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि शिकायतों के निस्तारण में लापरवाही अथवा अनावश्यक विलंब किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

## मां की डांट से क्षुब्ध युवक ने फांसी लगाकर दी जान, मचा कोहराम

**माधौगढ़ (जालौन)।** माधौगढ़ कस्बे के मालवीय नगर मोहल्ले में मां की डांट से आहत एक युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना से परिवार में कोहराम मच गया। मालवीय नगर निवासी 23 वर्षीय विकास दोहरे शराब पीने का आदी था। परिजनों ने बताया कि गुरुवार शाम वह नशे की हालत में घर पहुंचा था। इस पर उसकी मां माया देवी ने उसे शराब की लत छोड़ने और सही ढंग से जीवन जीने की सलाह देते हुए फटकार लगाई। मां की डांट से नाराज होकर विकास अपने कमरे में चला गया और अंदर से दरवाजा बंद कर लिया। शुक्रवार सुबह काफी देर तक कमरे का दरवाजा नहीं खुलने पर परिजनों को चिंता हुई। मां ने कई बार आवाज लगाई, लेकिन अंदर से कोई प्रतिक्रिया नहीं मिली। इसके बाद परिजनों ने पड़ोसियों को बुलाया और पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही माधौगढ़ कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची। ग्रामीणों की मदद से कमरे का दरवाजा तोड़ा गया। अंदर का दृश्य देखकर सभी सन्न रह गए। विकास का शव पंखे से साड़ी के सहारे लटका मिला। पुलिस ने शव को नीचे उतरवाकर पंचनामा भरने के बाद पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया। घटना के बाद परिवार के लोगों का रो-रोकर बुरा हाल है और मोहल्ले में शोक का माहौल बना हुआ है। कोतवाली प्रभारी अभिलाष मिश्रा ने बताया कि प्रथम दृष्ट्या मामला आत्महत्या का प्रतीत हो रहा है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# डीएम बोले- अब सड़क हादसों पर लापरवाही नहीं होगी बर्दाश्त

- टोल प्लाजा पर 24 घंटे चलेगा जागरूकता अभियान
- रॉन्ग साइड व ओवरस्पीडिंग पर करें कठोर कार्रवाई

**उरई (जालौन), समृद्धि न्यूज़।**

जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक कर सड़क दुर्घटनाओं पर प्रभावी नियंत्रण एवं यातायात व्यवस्था को अनुशासित बनाने को लेकर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

जिलाधिकारी ने हाल ही में जोल्हूपुर के पास हुई सड़क दुर्घटना




का उल्लेख करते हुए कहा कि चालक को नींद आने के कारण हुई यह दुर्घटना बेहद गंभीर हुई है, उक्त दुर्घटना के ऑडिट के लिए एसडीएम, सीओं, एआरटीओ, पीडब्ल्यूडी अधिशासी अभियंता सीडी 3 और एनएचएआई के अधिकारियों सहित टीम गठित की गई है। उन्होंने निर्देश दिए कि सभी टोल प्लाजा पर पब्लिक अनाउंसमेंट सिस्टम के माध्यम से 24 घंटे सड़क सुरक्षा संबंधी संदेश प्रसारित किए जाएं तथा थके हुए वाहन चालकों को रेस्ट एरिया में विश्राम करने के लिए प्रेरित किया जाए। उन्होंने परिवहन विभाग को वाहन चालकों एवं परिचालकों की नियमित स्वास्थ्य जांच और दक्षता परीक्षण के लिए विशेष शिविर आयोजित करने के निर्देश दिए। साथ ही हाईवे किनारे अवैध रूप से खड़े वाहनों, रॉन्ग साइड चलने वालों, ओवरस्पीडिंग, नशे में वाहन चलाने, हेलमेट और सीट बेल्ट का प्रयोग न करने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई सुनिश्चित करने को कहा। जिलाधिकारी ने बेसिक शिक्षा अधिकारी एवं जिला विद्यालय निरीक्षक को स्कूलों और कॉलेजों में नियमित सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम चलाने के निर्देश दिए। उन्होंने नाबालिगों द्वारा वाहन चलाने के मामलों में अभिभावकों के विरुद्ध भी कार्रवाई सुनिश्चित करने को कहा। साथ ही स्कूल वाहनों की फिटनेस एवं सुरक्षा मानकों की नियमित जांच के निर्देश दिए। शहरी यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए जिलाधिकारी ने शहरी यातायात व्यवस्था को व्यवस्थित करने के लिए विकास प्राधिकरण सचिव, नगर मजिस्ट्रेट एवं अधिशासी अधिकारी नगर पालिका उरई को निर्देश दिए की सड़कों पर अनावश्यक पार्किंग और दुकानों के बाहर अतिक्रमण की प्रवृत्ति पर प्रभावी रोक लगाई जाए तथा व्यवस्थित पार्किंग व्यवस्था विकसित की जाए। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी केके सिंह, नगर मजिस्ट्रेट सुनील कुमार, एआरटीओ राजेश कुमार, जिला विद्यालय निरीक्षक राजकुमार पंडित, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी चंद्रप्रकाश सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

### एसपी की उपस्थिति में मुकदमाती मादक पदार्थों का किया गया विनष्टीकरण



**महोबा।** मादक पदार्थों के निस्तारण एवं विनष्टीकरण के संबंध में निर्गत शासनादेशों/निर्देशों के अनुपालन में पुलिस लाइन में पुलिस अधीक्षक शशांक सिंह (अध्यक्ष) एवं नामित समिति के अन्य सदस्यगणों की उपस्थिति में जनपद के विभिन्न थानों में पंजीकृत मुकदमों से संबंधित मादक पदार्थों का विधिवत निस्तारण एवं विनष्टीकरण किया गया। इस दौरान विनष्टीकरण समिति के समक्ष नियमानुसार समस्त मुकदमाती मादक पदार्थों को प्रस्तुत कर उनका सत्यापन एवं तौल मशीन से मापन कराया गया, जिसके उपरांत उन्हें इंसीनरेटर मशीन के माध्यम से सुरक्षित एवं वैज्ञानिक तरीके से नष्ट किया गया। बताया है कि विनष्टीकरण की कार्यवाही के अंतर्गत 17.9 किलोग्राम गांजा तथा 16 ग्राम 31 मिलीग्राम स्मैक सहित कुल 17 किलोग्राम 916 ग्राम 31 मिलीग्राम मादक पदार्थों को नष्ट किया गया। यह संपूर्ण प्रक्रिया जनपद स्तरीय मादक पदार्थ विनष्टीकरण समिति की देखरेख में संपन्न कराई गई। पारदर्शिता सुनिश्चित करने हेतु सम्पूर्ण कार्यवाही की वीडियोग्राफी एवं फोटोग्राफी भी कराई गई। पुलिस अधीक्षक द्वारा इस अवसर पर निर्देशित किया गया कि भविष्य में भी मादक पदार्थों के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई करते हुए नियमानुसार उनके त्वरित निस्तारण एवं विनष्टीकरण की कार्यवाही सुनिश्चित की जाए, जिससे समाज में नशे के दुष्प्रभावों पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित किया जा सके।

# ट्रैक्टर चोरी की घटना का खुलासा, पुलिस मुठभेड़ में 3 बदमाश गिरफ्तार, अन्तर्राज्यीय गैंग का पर्दाफाश

- कब्जे से चोरी के ट्रैक्टर-ट्रॉली सहित 3 अन्य संदिग्ध ट्रैक्टर बरामद
- गोली लगने से घायल दो बदमाशों को इलाज को कराया भर्ती, 2 अवैध तमंचा व 4 कारतूस बरामद

**महोबा, समृद्धि न्यूज।**

जनपदीय स्वाट व सर्विलांस के साथ थाना पुलिस टीम ने चोरी की घटना का खुलासा कर पुलिस मुठभेड़ में चोरी के ट्रेक्टर ट्राली सहित 3 बदमाशों को गिरफतार किया है। जिसमें पुलिस की गोली लगने से घायल दो बदमाशों को उपचार हेतु भर्ती कराया गया है। बताया है कि 1 मई 2026 को थाना चरखारी क्षेत्र अन्तर्गत मोहल्ला रायनपुर निवासी दीनदयाल पुत्र भान सिंह के द्वारा थाना में शिकायती प्रार्थना पत्र प्रस्तुत कर बताया गया कि दिनांक- 30 अप्रैल 2026 की रात्रि में उसका ट्रैक्टर मय ट्राली के अज्ञात चोरों द्वारा चोरी कर लिया गया है। इस सूचना पर थाना चरखारी में मु.अ.सं. 72/26 धारा 303(2) बीएनएस के तहत अभियोग पंजीकृत किया गया। पुलिस अधीक्षक शशांक सिंह द्वारा उक्त चोरी की घटना का संज्ञान लिया गया एवं घटना की गंभीरता को देखते हुए अपर पुलिस अधीक्षक वन्दना सिंह



एवं क्षेत्राधिकारी रविकांत गोंड के निकट पर्यवेक्षण में थाना चरखारी, जनपदीय स्वॉट एवं सर्विलांश के साथ पुलिस टीमों का गठन किया गया। गठित पुलिस टीमों ने घटना के संबंध में वैज्ञानिक साक्ष्यों एवं मुखबिर तंत्र की सूचना के आधार पर 7/8 मई 2026 की रात्रि में पुलिस टीम द्वारा थाना क्षेत्र में चेकिंग, संदिग्ध व्यक्ति/वाहन की तलाशी एवं अपराध नियंत्रण हेतु भ्रमणशील थे। इसी दौरान मुखबिर खास से सूचना प्राप्त हुई कि कस्बा चरखारी से चोरी की गई ट्रैक्टर-ट्रॉली को बेचने के उद्देश्य से कुछ बदमाश गुढ़ा से पनवाड़ी होते हुए मध्यप्रदेश की ओर जाने वाले हैं तथा उनके पास अवैध हथियार भी हैं। सूचना पर पुलिस टीम द्वारा गौरहारी व भटेवरा कलां के बीच स्थित टूटी पुलिया के पास घेराबंदी कर एम्बुश लगाया गया। कुछ समय पश्चात संदिग्ध ट्रैक्टर-ट्रॉली आती



पुलिस अधीक्षक शशांक सिंह ने बताया कि 1 मई 2026 को थाना चरखारी में दीनदयाल पुत्र भानसिह द्वारा प्रार्थना पत्र देकर 30 अप्रैल 2026 की रात्रि को ट्रेक्टर ट्राली चोरी होने की शिकायत पर पुलिस ने अभियोग पंजीकृत किया था। इस घटना को गंभीरता से लिया। जिसके खुलासा को टीमों को लगाया गया, चेकिंग के दौरान भटेवरा कला रोड टूटी पुलिया के पास टीम को ट्रेक्टर ट्राली आती दिखाई देने पर रोकने के दौरान पुलिस पर फायरिंग कर दी, जबाबी आत्मरक्षार्थ कार्यवाही में दो बदमाश गजेन्द्र बघेल व रंजीत बघेल घायल तथा रविन्द्र बघेल सहित तीन बदमाशों के पास से ट्रेक्टर ट्राली व तमंचे कारतूस तथा नगदी बरामद किए गये है। घायलों को इलाज हेतु भर्ती कराया गया है।

दिखाई दी, जिसे पुलिस टीम द्वारा रोकने का प्रयास किया गया। पुलिस को देखकर बदमाश ट्रैक्टर छोड़कर भागने लगे तथा पुलिस टीम पर जान से मारने की नीयत से अवैध तमंचों से फायरिंग कर दी। पुलिस टीम द्वारा आत्मरक्षार्थ जवाबी कार्रवाई की गई, जिसमें दो बदमाश घायल हो गये, इस दौरान 02 घायल अभियुक्तों सहित कुल तीन अभियुक्तों को मौके से गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों की पहचान गजेन्द्र बघेल पुत्र पानसिंह उम्र 33 वर्ष नि. ग्राम गौसपुर थाना सरायछोला जनपद मुरैना (म0प्र0) (पुलिस मुठभेंड में घायल), रंजीत बघेल पुत्र सुरेन्द्र सिंह उम्र 21 वर्ष नि. ग्राम गौसपुर थाना सरायछोला जनपद मुरैना (मप्र) (पुलिस मुठभेंड में घायल), रविन्द्र बघेल पुत्र रामप्रसाद उम्र 26 वर्ष निवासी सिद्धनगर कॉलोनी थाना कोतवाली मुरैना (मप्र) के रूप में हुई। अभियुक्तों के कब्जे से चोरी का ट्रैक्टर महिन्द्रा 475 DI मय ट्रॉली, 2 अदद अवैध तमंचा 315 बोर, 2 अदद जिन्दा कारतूस 315 बोर, 2 अदद खोखा कारतूस 315 बोर, 2 मोबाइल फोन नगद रुपये बरामद किये गये।, 3 संदिग्ध ट्रैक्टर बरामद जिसमें से 2 ट्रैक्टर आयसर कम्पनी व 1 ट्रैक्टर सौनालिका कम्पनी का बरामद किए गये।

विश्व रेडक्रॉस दिवस पर मानवता की सेवा ,सहायता की व्यक्त की गई प्रतिबद्धता

# एमलसी ने मरीजों को फल बांटकर की स्वस्थ्य होने की कामना

**बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**

विश्व रेडक्रॉस दिवस और विश्व थैलीसीमिया दिवस के अवसर पर जिला चिकित्सालय और जिला महिला चिकित्सालय में भर्ती मरीजों को फल और अन्य आवश्यक सामग्री वितरण कर सेवा सहायता की प्रतिबद्धता दोहराई गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एम.एल.सी. एवंसभापति - विद्युत व्यवस्था संबंधी जाँच समिति, उ.प्र. अंगद कुमार सिंह ने मरीजों को फल एवं आवश्यक सामग्री वितरित कर मरीजों कुशल क्षेम लिया। एमएलसी का स्वागत अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. डीके. श्रीवास्तव व रेडक्रॉस सोसाइटी के चेयरमैन व सभापति शैलेन्द्र सिंह ने



किया। ब्लड बैंक में रक्तदाताओं को सम्मानित किया वहीं थैलीसीमिया से प्रभावित बच्चों को गिफ्ट देकर उनका हौसला बढ़ाया गया। बालाजी बचपन के प्रबंधक अंकुर माथुर ने बताया कि थैलीसीमिया से पीड़ित बच्चों को आज प्रोत्साहित करना आवश्यक है साथ ही इस बीमारी से लड़ने के लिए जागरूक किया गया गया हमज़ा, अंश कुमार, शुभ, सुधांशु वर्मा, अर्श, तफसीन, करीमा, दानिश आदि को उपहार दिया गया। थैलीसीमिया से लड़ने के लिए जिन व्यक्तियों ने लगातार रक्तदान किया उन्हें भी सम्मानित किया गया। जिसमें एड राजा सिंह, सीताकांत, अद्भुत सिंह, गौरव तिवारी, जय गुप्ता, नवीन, निखिल, रमेश, सोनम, अना खान, शगुन रस्तोगी एवं दारा सिंह रहे। वहीं मुख्य अतिथि अंगद सिंह ने कहा कि रक्तदान-महादान के वाक्य से थैलीसीमिया से पीड़ित बच्चों को जीवन दान मिलेगा जिले की टीम बधाई के पात्र है इस अवसर पर हुमायूँ नईम खान, वाइस चेयरमैन, संरक्षक सदस्य आशीष वर्मा, दीपक जैन, प्रबन्ध कार्यकारिणी सदस्य - अंकुर माथुर, सदस्य राजेश अरोड़ा बब्बू, राजीव श्रीवास्तव, रत्नेश कुमार, सतीश यादव, एड. शाइस्ता अख्तर, एड. सोनू वर्मा, नेहा सिंह आनंद, डा. मंजू लता गुप्ता, एड. राजा सिंह, एड. शशांक जायसवाल, डॉ. शशि जायसवाल, रामेंद्र दीपक, एड. कमलेश कुमार, अजय कुमार मिश्रा आदि उपस्थित रहे। इस अवसर पर केंद्रीय कार्यालय से प्राप्त प्रमाणपत्र नीता अवस्थी, हरपाल सिंह, रोहितस्व दीक्षित, बाबू लाल वर्मा, शत्रुहन लाल वर्मा को स्मृति चिन्ह के साथ सम्मानित किया गया। विश्व रेड क्रॉस दिवस के अवसर पर एड शशांक जायसवाल सहित पांच अन्य लोगों ने रक्तदान किया जिन्हें भी सम्मानित किया गया। र्यक्रम में सचिव रेडक्रॉस डॉ राजीव सिंह ,आफताब अंसारी ,सीएमएस जेपी मौर्य, महिला चिकित्सालय सीएमएस डॉक्टर प्रदीप कुमार, रक्त कोष प्रभारी डॉक्टर बीपी सिंह, काउंसलर पंकज वर्मा आदि उपस्थित रहे।

रक्तदाता, स्वयं सेवक किए गए सम्मानित

# ग्राम्यांचल में हुआ यूपी बोर्ड के मेधावियों का सम्मान

**हैदरगढ़,बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**

तहसील मुख्यालय स्थित ग्राम्यांचल इंटर कॉलेज में शुक्रवार सुबह प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित किया गया।जिसमें यूपी बोर्ड की हाईस्कूल व इंटरमीडिएट परीक्षा में विद्यालय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले मेधावियों को सम्मानित किया गया। सम्मान समारोह कार्यक्रम में कृष्ण कुमार द्विवेदी राजू भैया, शरद अवस्थी, शिवकुमार चतुर्वेदी, सरवर सिद्दीकी, प्रधानाचार्य प्रेम कुमार गुप्ता आदि ने हाईस्कूल की बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभाशाली बच्चों में प्रथम स्थान पर परी 90 द्वितीय स्थान पर प्रिया कुमारी 87 तथा तृतीय स्थान पर मधुबाला ने 86 अंक तथा इंटरमीडिएट में प्रथम स्थान पर ऋषभ



गिरी 82 द्वितीय स्थान पर दर्शिका शुक्ला 81 अक्षिता मिश्रा 80.6 प्रतिशत तथा प्राची निर्मल 80 प्रतिशत अंक हासिल कर विद्यालय व क्षेत्र का नाम रोशन करने वाले मेधावियों को मेडल, प्रतीक चिन्ह तथा उपहार के रूप में रिस्ट वॉच देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम का संचालन शिक्षिका कुसुम राठौर ने किया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से सूर्यकुमार शर्मा, सौम्या शुक्ला, व्यापार मंडल उपाध्यक्ष शादाब खान,

बीटीसी विभाग के प्रवक्ता विमल कुमार यादव, मूलचंद्र यादव उप-प्रधानाचार्य देवी बख्श सिंह, अशोक कुमार यादव, श्रीमती सुलेखा सहित बड़ी संख्या में अभिभावक व क्षेत्रीय गणमान्य नागरिक उपस्थित रहें।

# न्यायालय के आदेश से पत्नी सहित आठ ससुरालियों पर मुकदमा दर्ज

**हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।**

अदालत के आदेश पर थाना सुबेहा पुलिस ने सास ससुर साले व पत्नी सहित 8 आरोपियों के खिलाफ गंभीर धाराओं मे मुकदमा दर्ज कर लिया है। थाना क्षेत्र के नीमामऊ गांव निवासी अर्जुन कुमार कनौजिया का विवाह तीन वर्ष पूर्व क्षेत्र के ही बनकोट गांव निवासी शिवनारायण की पुत्री सुमन के साथ हुआ था। दो माह पूर्व पति पत्नी में शहर में जाकर साथ रहने की बात को लेकर मतभेद पैदा हो गए। ससुराल मे रह रही पत्नी ने अपने मायके वालों को फोन करके बुला लिया। जिसके बाद अनेक वाहनों पर सवार होकर पिता शिवनारायण साले लवकुश व आशीष सहित 8 लोग पुत्री की ससुराल नीमामऊ गांव आ धमके। मायके वाले बेटी के ससुराल पहुचतें ही जमकर तांडव मचाया। दामाद अर्जुन व बचाने आये समधी व समधिन की जमकर पिटाई कर डाली। यहीं नहीं साले लवकुश ने दाँतो से अपने जीजा अर्जुन कुमार की नाक भी काट लिया था। जिसके चलते वह लहू लुहान होकर जमीन पर गिर गए थे। जिनका इलाज काफी दिनों तक इधर उधर अस्पतालो मे चलता रहा। उस दौरान सुबेहा पुलिस ने मामूली धाराओं में मुकदमा दर्ज करके अपने कर्तव्यों से इतिश्री कर लिया। इधर अर्जुन कुमार न्याय पाने के लिए अदालत की शरण में चले गए। अदालत ने आरोपी ससुर शिवनारायण साले लव कुश आशीष प्रेम नारायण शिवनारायण व पत्नी सुमन सहित दो अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने का आदेश दे दिया।

# सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की खराब पड़ी एक्सरे मशीन

**रामसनेहीघाट बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**

▸ क्षेत्रवासियों ने की नई डिजिटल एक्स-रे मशीन उपलब्ध कराने की मांग

स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लगी करीब 36 वर्ष पुरानी एक्स-रे मशीन अब मरीजों और स्वास्थ्यकर्मियों के लिए चिंता का कारण बनती जा रही है। वर्ष 1991 में स्थापित यह मशीन लगातार उपयोग के चलते जर्जर हो चुकी है, लेकिन मरीजों की बढ़ती संख्या के कारण आज भी इसी के सहारे जांच कार्य किया जा रहा है।

अस्पताल सूत्रों के अनुसार पुरानी तकनीक की इस मशीन से अधिक रेडिएशन निकलने की आशंका बनी रहती है, जिसका असर मरीजों के साथ-साथ एक्स-रे कक्ष में कार्यरत कर्मचारियों के स्वास्थ्य पर भी पड़ सकता है। तकनीकी विशेषज्ञों ने मशीन पर अधिक दबाव न डालने और प्रतिदिन सीमित संख्या में एक्स-



रे करने की सलाह दी है, लेकिन मरीजों की भारी भीड़ के चलते लंबे समय से रोजाना 50 से 60 तक एक्स-रे किए जा रहे हैं।

करीब 15 दिन पहले मशीन अचानक खराब हो गई थी, जिसके चलते आठ दिनों तक मरीजों को एक्स-रे सुविधा नहीं मिल सकी। इस दौरान दुर्घटना, हड्डी और सीने से जुड़ी जांच के लिए आए मरीजों को निजी जांच केंद्रों का सहारा लेना पड़ा, जहां खासकर आर्थिक रूप से कमजोर लोगों को अतिरिक्त खर्च उठाना पड़ा।

स्थानीय लोगों का कहना है कि अस्पताल में आधुनिक डिजिटल एक्स-रे मशीन लगाए जाने से न केवल जांच की गुणवत्ता और गति में सुधार होगा, बल्कि रेडिएशन का खतरा भी काफी कम हो जाएगा। क्षेत्रवासियों ने स्वास्थ्य विभाग से जल्द नई डिजिटल एक्स-रे मशीन उपलब्ध कराने की मांग की है, ताकि गरीब मरीजों को सुरक्षित और सुलभ उपचार मिल सके।

# भिटरिया चौराहे पर रात में सांड़ ने मचाया आतंक, कई लोग घायल

**रामसनेहीघाट बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**

▸ सांड के पकड़े जाने के बाद क्षेत्रवासियों ने राहत की सांस ली

नगर पंचायत रामसनेहीघाट के भिटरिया चौराहे पर गुरुवार रात एक आक्रामक सांड़ ने जमकर आतंक मचा दिया। सांड़ ने राहगीरों और बाइक सवारों पर हमला कर दिया, जिससे बाजार में अफरातफरी का माहौल बन गया।

कई लोग जान बचाने के लिए इधर-उधर भागे, जबकि कुछ लोग गिरकर घायल हो गए। स्थानीय लोगों के अनुसार, यह गोवंश पिछले कई दिनों से राहगीरों के लिए परेशानी का कारण बना हुआ था। लोगों का कहना है कि सांड का व्यवहार असामान्य और आक्रामक हो गया था, जिससे उसके बीमार होने की आशंका जताई जा रही है। घटना की सूचना मिलते ही नगर पंचायत प्रशासन सक्रिय हो गया। अधिशासी अधिकारी संतोष कुमार चौधरी के निर्देश पर टीम ने तत्काल अभियान चलाया। सुपरवाइजर उत्कर्ष मिश्रा (गोलू) और सरयू प्रसाद ने अपने सहयोगियों के साथ सचल पशु पकड़ने वाले वाहन की मदद से काफी मशक्कत के बाद बेकाबू सांड को काबू में कर सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया। अभियान के दौरान स्थानीय लोगों ने भी प्रशासन का सहयोग किया। सांड के पकड़े जाने के बाद क्षेत्रवासियों ने राहत की सांस ली।

## न्यायालयों में आयोजित होगी राष्ट्रीय लोक अदालत

**बाराबंकी।** उप्र राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के अनुपालन में तथा माननीय जनपद न्यायाधीश/ अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बाराबंकी प्रतिमा श्रीवास्तव के निर्देशानुसार आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन दिनांक 09 मई 2026 (द्वितीय शनिवार) को जनपद न्यायालय परिसर बाराबंकी सहित विभिन्न न्यायालयों में किया जाएगा। राष्ट्रीय लोक अदालत का शुभारंभ जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बाराबंकी श्रीमती प्रतिमा श्रीवास्तव द्वारा प्रातः 10 :00 बजे जनपद न्यायालय परिसर में किया जाएगा। राष्ट्रीय लोक अदालत के माध्यम से अधिक से अधिक वादों का निस्तारण आपसी सुलह-समझौते के आधार पर कराया जाएगा, जिससे वादकारियों को त्वरित, सस्ता एवं सुलभ न्याय प्राप्त हो सके। राष्ट्रीय लोक अदालत में प्रीलिटिगेशन स्तर के विवादों में धारा 138 पराक्रम्य लिखत अधिनियम (एनआई एक्ट), बैंक वसूली वाद, श्रम विवाद, विद्युत एवं जल बिल विवाद (अशमनीय वादों को छोड़कर), आपराधिक शमनीय वाद, पारिवारिक विवाद एवं अन्य व्यवहारिक वादों का निस्तारण किया जाएगा।

# ग्राम पंचायत पचेहरा में करोड़ों के घोटाले का आरोप

▸ प्रधान प्रतिनिधि और सचिव पर कार्रवाई की मांग तेज

**सीतापुर,हरगांव,समृद्धि न्यूज़।**

ग्राम पंचायत पचेहरा, विकास खण्ड हरगांव में भारी वित्तीय अनियमितताओं और भ्रष्टाचार का मामला सामने आया है। प्रदेश उपाध्यक्ष, सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी, सुनील कुमार राजवंशी ने डीएम को भेजे गए पत्र में प्रधान प्रतिनिधि अंकित सिंह उर्फ साहिल सिंह और ग्राम पंचायत सचिव नौशाद अली पर लाखों रुपये के गबन का आरोप लगाते हुए तत्काल जाँच और कार्रवाई की मांग की है।

शिकायत में कहा गया है कि पंचायत में हैण्डपम्पों की मरम्मत एवं रिबोर के नाम पर भारी-भरकम



भुगतान किया गया है, जबकि साइट पर वास्तविक स्थिति बिल्कुल विपरीत है।

लगभग 70 प्रतिशत हैण्डपम्प आज भी खराब पड़े हुए हैं, जिससे भीषण गर्मी में ग्रामीण पीने के पानी के लिए परेशान हैं। कागजों में सभी मरम्मत कार्य पूर्ण दिखाए गए हैं, राजवंशी ने अपने पत्र में आरोप लगाया है कि सचिव द्वारा प्रधान प्रतिनिधि अंकित सिंह उर्फ साहिल सिंह के नाम पर फर्जी मजदूरी दिखाकर भुगतान किया गया है, जो स्पष्ट रूप से भ्रष्टाचार और नियमों के उल्लंघन की श्रेणी में आता है। शिकायत में कहा गया है कि इन सभी अनियमितताओं के चलते ग्राम पंचायत में भ्रष्टाचार का बोलबाला है और ग्रामीण मूलभूत सुविधाओं से वंचित हैं। इसी क्रम में जिलाधिकारी से मांग की गई है कि मामले की तेज और निष्पक्ष जाँच कराई जाए, फर्जी भुगतान और घोटाले की वित्तीय जाँच हो, जाँच पूरी होने तक संबंधित सचिव और प्रधान प्रतिनिधि को कार्यमुक्त/ निलंबित किया जाए, तथा दोषियों के विरुद्ध कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाए।

राजवंशी ने कहा कि जिलाधिकारी के हस्तक्षेप से न केवल भ्रष्टाचार पर रोक लगेगी, बल्कि ग्रामीणों को भी न्याय मिल पाएगा।

# संदिग्ध परिस्थितियों में मिला स्कूटी चलाक युवक का शव

▸ पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा

**बेलहरा बाराबंकी , समृद्धि न्यूज।**

मोहम्मदपुर खाला थाना क्षेत्र में स्कूटी सवार युवक का शव संदिग्ध परिस्थितियों में सड़क किनारे पड़ा मिला।मृतक भतीजी की शादी में शामिल होने आया था। सूचना पर पहुचे परिजनों ने हत्या की आशंका जताई है। पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।थाना क्षेत्र के राममंडई निवासी शिव बहादुर सिंह के यहां गुरुवार को बेटी की शादी थी,शादी की सारी व्यवस्थाए टेढ़ी पुलिया स्थित बिबियापुर मोड़ पर अवध मैरिज लान मे की गई थी।भतीजी की शादी होने पर जनपद गोंडा के थाना मोतीगंज क्षेत्र के संजौरा निवासी सुजीत सिंह (30) भी शादी में शामिल होने के लिए आया था। रात करीब 11 बजे उसका शव बनमऊ-बुढ़ानापुर मार्ग के नदवा गांव के पास सड़क किनारे स्कूटी समेत पड़ा मिला। सड़क किनारे शव मिलने की सूचना से क्षेत्र में सनसनी फैल गई और धीरे धीरे लोगो का मजमा लग गया। सूचना पर पहुंचे परिजनों ने सुजीत की हत्या की आशंका जताते हुए सूचना पुलिस को दी। मौके पर अतिरिक्त इस्पेक्टर वीर सिंह,सूरतगंज चौकी इंचार्ज उमेश कुमार वर्मा पहुचे और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# 24 घंटे में पुलिस ने शिशु को पहुंचाया मां के पास

▸ आरोपियों मे निःसंतान दम्पत्ति व उसकी बहन भी शामिल

**रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

रायबरेली मे एक दिन पहले सीएचसी से चोरी हुए तीन माह के बच्चे को पुलिस ने बरामद कर लिया है। पुलिस ने तीन आरोपियों को भी गिरफ्तार किया है। आरोपियों मे निःसंतान दम्पत्ति व उसकी बहन शामिल हैं। मामला भदोखर थाना इलाके के सीएचसी बेलाभेला का है। यहाँ कल उस समय एक तीन माह का बच्चा चोरी हो गया था जब उसकी मां उसे रूटीन चेकअप और वैक्सीनेशन के लिए लाई थी। उसी दौरान एक महिला ने उसे बातों मे उलझाया और दूसरी महिला उसे लेकर फरार हो गई। बातों मे उलझाने वाली महिला भी




थोड़ी देर मे वहाँ से गायब हो गई। घबराई हुई मां ने पुलिस को मामले की सूचना दी। पुलिस तत्काल कार्रवाई करते हुए दर्जनों सीसीटीवी खंगाले तो बाइक पर एक पुरुष और दो महिलाएं बच्चा ले जाते हुए ट्रेस हो गईं। पुलिस ने आगे और सीसीटीवी खंगालते हुए आरोपी राहुल त्रिवेदी उसकी पत्नी वर्षा त्रिवेदी और बहन नमिता को मिल एरिया थाना इलाके मे गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ मे राहुल त्रिवेदी ने बताया कि वह पेशे से किसान है और लगभग बारह वर्ष पहले उसका विवाह हुआ था। उसने बताया कि इतना समय बीत जाने के बाद भी उसके कोई संतान नहीं हो रही थी इसलिए उन लोगों ने बच्चा चोरी किया था। पुलिस ने बच्चे को सकुशल बरामद कर तीनों आरोपियों को जेल भेज दिया है।

# निर्धारित समयावधि में उपलब्ध कराये जायें प्रमाणपत्रः डीएम

**सीतापुर, समृद्धि न्यूज़।**

जिलाधिकारी डॉ. राजागणपति आर. की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जनपद स्तर पर गठित जिला ई-गवर्नेस सोसायटी (डीईजीएस) की समीक्षा बैठक सम्पन्न हुयी। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने निर्देश दिये कि ई-डिस्ट्रिक्ट के माध्यम से जनता को उपलब्ध कराये वाली सेवाएं समयबद्ध रूप से जारी करायी जायें। उन्होंने कहा कि सभी प्रकार के प्रमाण-पत्र निर्धारित समयावधि में उपलब्ध कराये जायें। जिलाधिकारी ने ई-डिस्ट्रिक्ट से संबंधित अवस्थापना सुविधाओं संबंधी प्रस्तावों पर भी विस्तारपूर्वक चर्चा की एवं आवश्यक सुविधाओं हेतु अनुमोदन भी प्रदान किये।

जिलाधिकारी ने निर्देश दिये कि आईजीआरएस पोर्टल जनसुनवाई एवं अन्य सभी माध्यमों से प्राप्त शिकायतों का निस्तारण सुनिश्चित किया जाये। उन्होंने कहा कि कोई भी शिकायत डिफाल्टर श्रेणी




में न हो, यह भी सुनिश्चित किया जाये। बैठक के दौरान उन्होंने कहा कि संचालित परियोजनाओं के कार्यों को समय से पूरी गुणवत्ता के साथ पूर्ण कराया जाये। विद्युत आपूर्ति एवं बिलिंग से संबंधित शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जाये। उन्होंने कहा कि गर्मी के मौसम के दृष्टिगत विद्युत की सुचारू आपूर्ति हेतु समुचित प्रबंध सुनिश्चित किये जायें। जिलाधिकारी ने कहा कि खराब ट्रांसफार्मर समय से ठीक कराये जायें। लक्ष्य के अनुरूप राजस्व वसूली के निर्देश भी जिलाधिकारी ने दिये। उन्होंने कहा कि प्रभावी प्रवर्तन कार्यवाही भी सुनिश्चित की जाये। बैठक के दौरान विद्युत विभाग के सभी अधिशासी अभियन्ता, कार्यदायी संस्थाओं के प्रतिनिधि एवं संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# डीएम ने ग्राम पंचायत भीख एवं जगतपुर का किया निरीक्षण

शासन की प्राथमिकता के अनुरूप गांवों में स्वच्छ वातावरण बनाए रखने के लिए विभाग समन्वय के साथ कार्य करें

**रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

जिलाधिकारी सरनीत कौर ब्रोका ने पंचायती राज विभाग द्वारा संचालित स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) 2.0 अन्तर्गत विकास खण्ड-जगतपुर की ग्राम पंचायत-भीख में निर्मित प्लास्टिक वेस्ट अपशिष्ट प्रबन्धन केन्द्र एवं ग्राम पंचायत-जगतपुर में निर्मित ठोस अपशिष्ट प्रबन्धन केन्द्र, आर.आर.सी., कम्पोस्ट पिट तथा फिल्टर चैम्बर का स्थलीय निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने जिला पंचायत राज अधिकारी सौम्य शील सिंह एवं खंड विकास अधिकारी प्रवीण कुमार त्रिपाठी को रोस्टर बनाकर प्लास्टिक



अपशिष्ट एकत्रित करने की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए साथ ही अधिशासी अभियन्ता, लोक निर्माण विभाग को प्लास्टिक अपशिष्ट केन्द्रों से प्राप्त प्लास्टिक को सड़क निर्माण के कार्यों में उपयोग किए जाने हेतु निर्देशित किया गया।जिलाधिकारी ने पंचायत राज विभाग द्वारा चलाई जा रही योजनाओं के प्रति संतोष व्यक्त करते हुए उन्होंने समस्त प्लास्टिक अपशिष्ट केंद्रों पर विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने हेतु जिला पंचायत राज अधिकारी को तत्काल शासन को प्रस्ताव भेजने हेतु निर्देशित किया गया। जिलाधिकारी ने गांव का भ्रमण कर साफ-सफाई, पेयजल, सड़क एवं अन्य मूलभूत व्यवस्थाओं का भी निरीक्षण किया तथा ग्रामीणों से संवाद कर उनकी समस्याओं की जानकारी प्राप्त की।

उन्होंने कहा कि शासन की प्राथमिकता के अनुरूप गांवों में स्वच्छ एवं सुव्यवस्थित वातावरण बनाए रखने हेतु सभी संबंधित विभाग समन्वय के साथ कार्य करें।

निरीक्षण के दौरान जिला सलाहकार स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) राहुल सिंह, प्रेरित कटियार, सहायक विकास अधिकारी (पंचायत) अनिल कुमार एवं अन्य ग्रामवासी उपस्थित रहे।

## झाड़ियों में मिला दिव्यांग ऑटो चालक का शव, हत्या की आशंका

**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।** जामो थाना क्षेत्र के अंतर्गत पंडित का पुरवा के पास शुक्रवार को एक अधेड़ का खून से लथपथ शव झाड़ियों में पड़ा मिलने से हड़कंप मच गया। शव मिलने की सूचना पर स्थानीय लोगों ने तत्काल पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। मृतक की पहचान राजेश यादव पुत्र शंभू यादव उम्र लगभग 48 वर्ष निवासी भगवान दीन दुबे का पुरवा, थाना जामो के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि मृतक टेंपो चलाता था। घटना स्थल से कुछ दूरी पर उसका टेंपो भी खड़ा मिला है। परिजनों ने युवक की हत्या किए जाने की आशंका जताई है। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है तथा आसपास के लोगों से पूछताछ कर रही है।

## एसपी ने पुलिस लाइन में रात्रि गणना का लिया जायजा

**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।** बृहस्पतिवार को देर शाम अपराध नियंत्रण एवं कानून व्यवस्था को चुस्त-दुरुस्त बनाए रखने हेतु में



पुलिस अधीक्षक सरवणन टी. द्वारा रिजर्व पुलिस लाइन अमेठी का औचक निरीक्षण करते हेतु रात्रि गणना का जायजा लिया गया तथा पुलिस बल की उपस्थिति को जांचा गया तथा उपस्थित पुलिसकर्मियों की वर्दी और उनके टर्नआउट का बारीकी से निरीक्षण किया गया। उन्होंने सभी को अनुशासित रहने और निर्धारित वर्दी को गरिमा के साथ धारण करने के निर्देश दिए। उन्होंने गणना में मौजूद पुलिस अधिकारी कर्मचारीगण को सोशल मीडिया पॉलिसी से अवगत कराते हुये उसके प्रभावी अनुपालन, ड्यूटी में सतर्कता बरतने, प्रभावी गश्त कर चेकिंग करने, सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम व ड्यूटी आते-जाते समय वाहन चलाने के दौरान पुलिसकर्मियों को सीटबेल्ट लगाने व हेलमेट पहनने आदि के संबन्ध में आवश्यक आदेश निर्देश दिये गये। तत्पश्चात पुलिस अधीक्षक द्वारा रिजर्व पुलिस लाइन अमेठी में विभिन्न रजिस्टरों एवं अभिलेखों को चेक कर अद्यावधिक रखने हेतु आवश्यक निर्देश दिये गये। इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक ज्ञानेन्द्र कुमार सिंह, क्षेत्राधिकारी लाइन्स श्वेताभ भास्कर, प्रतिसार निरीक्षक अमेठी व अन्य अधिकारी कर्मचारीगण मौजूद रहे।

# सात किलो गांजा के साथ तीन तस्कर गिरफ्तार

**अमेठी,समृद्धि न्यूज़।**

एसपी सरवणन टी. के निर्देशन में अपराधियों की धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे ऑपरेशन चक्रव्यूह अभियान के तहत क्षेत्राधिकारी तिलोई दिनेश कुमार मिश्रा के नेतृत्व में मोहनगंज पुलिस द्वारा संदिग्धों की चेकिंग के दौरान 2 अभियुक्तों मुकेश कुमार सिंह उर्फ रामू पुत्र चन्द्रचूण सिंह निवासी ग्राम उत्तरपारा थाना मोहनगंज व शिवकुमार पुत्र मोहन निवासी ग्राम रेवरी मजरे उत्तरपारा को गिरफ्तार किया गया है। तलाशी से मुकेश कुमार सिंह के कब्जे से 14 पुड़िया अवैध गांजा व शिवकुमार के कब्जे से 12 पुड़िया गांजा बरामद हुआ है। पूछताछ में ज्ञात हुआ कि वह दोनों गांजा बेचते हैं जिन्हें राजदेव पुत्र



रामस्वरूप निवासी ब्रह्मनी थाना फुरसतगंज द्वारा गांजा बेचने के लिये दिया जाता है। राजदेव दोनों अभियुक्तों को गांजा देने आने वाला था जिसे गिरफ्तार दोनों अभियुक्तों की निशानदेही पर थानाक्षेत्र से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त राजदेव के कब्जे से एक झोले में 3 बंडल में कुल 3 किलोग्राम गांजा बरामद हुआ है। अभियुक्त राजदेव द्वारा हाल ही में मुकेश और शिवकुमार को 6 किलोग्राम गांजा दिया गया था जिसमें से कुछ गांजा अभियुक्त मुकेश व शिवकुमार द्वारा बेच दिया गया था शेष गांजा भूपसिंह की पुलिया के नीचे से 2 अलग-अलग झोलों में से 4 पैकेट में कुल 4 किलोग्राम गांजा बरामद हुआ है। तीनों अभियुक्तों के कब्जे व निशानदेही से कुल 7 किलोग्राम गांजा बरामद हुआ। पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है।

# मुड़ते ट्रक से भिड़ी बारातियों से भरी बोलेरो, काटा हंगामा

**अमेठी,समृद्धि न्यूज़।**

कोतवाली क्षेत्र जगदीशपुर अंतर्गत कस्बा जगदीशपुर चौराहे के जामों मोड पर एक हैरान कर देने वाला मामला सामने आया है, जहां बारातियों से भरी तेज़ रफ्तार बोलेरो अनियंत्रित होकर मोड़ पर मुड़ रही ट्रक में जा घुसी। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। बताया जा रहा है कि बोलेरो में सवार बाराती हादसे के बाद गुस्से में आ गए और ट्रक ड्राइवर के साथ मारपीट शुरू कर दी। देखते ही देखते नेशनल हाईवे के बीच चौराहे पर भारी हंगामा होने लगा। सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे वीडियो में



साफ देखा जा सकता है कि बोलेरो सवार लोग सड़क पर जमकर हुड़दंग मचा रहे हैं। हलांकि समृद्धि न्यूज़ वायरल हो रहे वीडियो की पुष्टि नहीं करता। मौके पर लोगों की भारी भीड़ जमा हो गई, जिससे ट्रक चालक भी दहशत में आ गया। राहगीरों ने स्थिति बिगड़ती देख तुरंत पुलिस को सूचना दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने स्थिति को नियंत्रित किया। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी हुई है।

# सड़क हादसे में भाजपा नेता की मौत, शोक की लहर

▸ तिलक समारोह से लौटते समय हरदोई के मटियामऊ मोड़ पर अनियंत्रित होकर खाई में जा गिरी कार

**जलालाबाद, समृद्धि न्यूज़।**

क्षेत्र के कस्बा जसोदा निवासी युवा भाजपा नेता प्रशांत त्रिपाठी की सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। हादसे की सूचना मिलते ही क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। उनके आवास पर भाजपा नेताओं, जनप्रतिनिधियों और समर्थकों की भीड़ उमड़ पड़ी। तिर्वा विधायक कैलाश राजपूत, छिबरामऊ विधायक अर्चना पांडेय तथा वीर सिंह भदौरिया समेत कई नेता श्रद्धांजलि देने पहुंचे और स्वजन को ढांढस बंधाया।



स्वजनों को ढांढस बंधाती विधायिका अर्चना पांडेय व अन्य जनप्रतिनिधि, मृतक का फाइल फोटो

समाजवादी पार्टी के पूर्व विधायक कल्याण सिंह दोहरे, नेम सिंह यादव ने भी पहुंचकर शोक संवेदना व्यक्त की। बताया गया कि प्रशांत त्रिपाठी बीती रात अपनी थार कार से सीतापुर जनपद के सिधौली में आयोजित एक पारिवारिक तिलक समारोह से वापस घर लौट रहे थे। इसी दौरान हरदोई जिले के मटियामऊ मोड़ के पास उनकी कार अनियंत्रित होकर खाई में जा गिरी। हादसे में कार सवार पांच लोग घायल हो गए। गंभीर रूप से घायल प्रशांत त्रिपाठी को उपचार के लिए कानपुर के रीजेंसी अस्पताल ले



जाया जा रहा था, लेकिन रास्ते में ही उन्होंने दम तोड़ दिया। हादसे की खबर मिलते ही स्वजन में कोहराम मच गया। प्रशांत त्रिपाठी पूर्व जिला पंचायत सदस्य गोपाल त्रिपाठी के पुत्र थे। तथा भाजपा संगठन में सक्रिय युवा चेहरा माने जाते थे।

उनका पार्थिव शरीर आवास पहुंचते ही बड़ी संख्या में समर्थक, भाजपा कार्यकर्ता और विभिन्न दलों के लोग अंतिम दर्शन के लिए पहुंच गए। मृतक की मां अरुणा त्रिपाठी और पत्नी मानसी का रो- रोकर बुरा हाल है। वह अपने पीछे पांच वर्षीय बेटी कनिका को छोड़ गए हैं।

# रामनगर में बनेगा अपशिष्ट जल पम्पिंग स्टेशन

▸ शासन ने पहली किश्त में जारी किए दो करोड़ रुपये



**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।**

नगर पालिका परिषद के रामनगर वार्ड संख्या-3 स्थित पश्चिमी बाईपास के पास अपशिष्ट जल एवं बाढ़ निकासी की समस्या के समाधान के लिए, शासन ने बड़ी सौगात दी है। उत्तर प्रदेश शासन ने सीवरेज एवं जल निकासी योजना के अंतर्गत प्रस्तावित अपशिष्ट जल/बाढ़ पम्पिंग स्टेशन एवं नाला निर्माण परियोजना को 837.94 लाख रुपये की वित्तीय स्वीकृति प्रदान कर दी है। साथ ही प्रथम किश्त के रूप में 2 करोड़ रुपये की धनराशि भी अवमुक्त कर दी गई है। भाजपा जिला उपाध्यक्ष विपिन द्विवेदी एडवोकेट ने बताया कि बरसात के दिनों में जलभराव की समस्या से लोगों को जूझना पड़ रहा था। हालांकि इसके लिए पालिका प्रशासन ने भी पहल की थी और पानी निकासी के लिए एस्टीमेट बनाकर शासन को भेजा था।

बाद में उन्होंने यह समस्या एमएलसी मानवेंद्र प्रताप सिंह गुरुजी के समक्ष रखी और फिर उन्होंने नगर विकास मंत्री एके शर्मा से मिलकर समस्या के निराकरण का प्रस्ताव रखा। इस आधार पर अब शासन ने इस योजना को स्वीकृत करते हुए पहली किस्त के रूप में 2 करोड़ रुपए भी अवमुक्त कर दिए हैं। अब शीघ्र ही यह काम नगर में शुरू कराया जाएगा। इस योजना के पूरा हो जाने से नगर के मोहल्ला रामनगर, सुभाष नगर व आर्य नगर के लोगों को जलभराव की समस्या से निजात मिलेगी। विपिन द्विवेदी ने बताया कि सीएंडडीएस उत्तर प्रदेश जलनिगम नगरीय की देखरेख में प्रेम इंटर प्राइजेज गोरखपुर की कार्यदायी संस्था द्वारा यह कार्य कराया जाएगा। एक सप्ताह में भूमि पूजन कराया जाएगा।

# हवन पूजन के साथ हुआ वी मॉल का शुभारंभ

**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

पीपल वाली गली फर्रुखाबाद चौराहे के निकट वी मॉल का हवन-पूजन के साथ भव्य उद्घाटन किया गया। पंडित रामनरेश मिश्रा द्वारा हवन कराया गया। यजमान वासु गुप्ता, रीना गुप्ता, सुरभि गुप्ता, रुबी गुप्ता, अनामिका गुप्ता, लाड़ो गुप्ता, सेजल गुप्ता, प्रभात गुप्ता, प्रवीण गुप्ता, प्रभाकर गुप्ता, आशु गुप्ता, नमन गुप्ता, कार्तिक गुप्ता, खुशी, नव्या, दक्ष, लक्ष्य, सुमित गुप्ता आदि पूरे परिवार सहित कार्यक्रम में शामिल हुए।

परिवार के वरिष्ठ महेश चंद्र अग्रवाल ने फीता काटकर मॉल का शुभारंभ किया। वासु गुप्ता ने बताया यहां सभी प्रकार की किराना सामग्री, दैनिक उपयोग की वस्तुएं तथा ब्रांडेड प्रोडक्ट्स उचित मूल्यों पर उपलब्ध होंगे। हमारा प्रयास है कि ग्राहकों को



एक ही छत के नीचे बेहतर सेवाएं मिलें। मुख्य अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष मनोज दुबे ने कहा नगर में आधुनिक शॉपिंग की दिशा में वी मॉल एक सकारात्मक कदम है। इससे स्थानीय व्यापार को बढ़ावा मिलेगा, रोजगार के अवसर पैदा होंगे और शहर की आर्थिक गतिविधियां मजबूत होंगी। विशिष्ट अतिथि उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के अध्यक्ष शैलेंद्र गुप्ता लालू ने कहा व्यापारियों के हित में ऐसे उद्यम सराहनीय हैं। वी मॉल गुणवत्ता और सस्ती दरों का बेहतरीन संयोजन लेकर आया है, जो स्थानीय बाजार को नई दिशा देगा। विशिष्ट अतिथि किराना एसोसिएशन के प्रदीप गुप्ता ने कहा यह मॉल छोटे व्यापारियों और उपभोक्ताओं दोनों के लिए फायदेमंद साबित होगा। संगठित और पारदर्शी व्यापार की मिसाल बनेगी।

कार्यक्रम में दिलीप गुप्ता, आनंद गुप्ता महिंद्रा, रेस्टोरेंट एसोसिएशन के अध्यक्ष वीर गोयल, चंद्रभान गुप्ता मुन्ना, प्रियांशु गुप्ता सहित बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक और व्यापारी मौजूद रहे।

# बस्ता प्रतियोगिता में भैया बहनों ने दिखाई प्रतिभा

**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

श्रीमती गंगा देवी चतुर्वेदी सरस्वती विद्या मंदिर इण्टर कालेज में आयोजित वर्गशः बस्ता प्रतियोगिता में भैया बहनों ने अपनी प्रतिभा दिखाई। निर्णायक विष्णु स्वरूप पाठक और आनन्द श्रीवास्तव ने गहनता से निरीक्षण कर परिणाम घोषित किया। शिशुवाटिका में संहिता ने प्रथम, तनय दीक्षित ने द्वितीय, शिवांश दीक्षित और अपूर्व ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

शिशु वर्ग में आयांश ने प्रथम, हर्ष दीक्षित ने द्वितीय और अंजली ने तृतीय स्थान, बाल वर्ग में दीक्षा चौहान ने प्रथम, आराध्या यादव ने द्वितीय एवं अदिति ने तृतीग स्थान, किशोर वर्ग में स्वर्णिमा ने प्रथम,



जिया यादव ने द्वितीय और कार्तिक दीक्षित, समृद्धि राठौर, अनिकेत तोमर ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

तरुण वर्ग में नव्या दिवेदी ने प्रथम, प्रियांशी ने द्वितीय तथा सृष्टि दुबे व मानवी तिवारी ने संयुक्त रूप से तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्रधानाचार्य अनिल कुमार शुक्ल ने आए हुए अतिथियों को सम्मानित कर उनका आभार व्यक्त किया।

# जल्द होगा आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों की समस्याओं का समाधानः विधायक

▸ स्मार्टफोन वितरण आयोजित समारोह में बोले विधायक

**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

तहसील के सभागार में आयोजित हाइटेक 5 प्रतिशत स्मार्टफोन वितरण समारोह में मुख्य अतिथि विधायक एवं पूर्व राज्य मंत्री अर्चना पांडेय ने कहा आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों की समस्याओं का समाधान जल्द होगा। विधायक ने कहा समाज की अंतिम पंक्ति पर खड़े व्यक्ति से लेकर सरकार के लिए काम कर रहे कर्मचारियों तक सरकार की पूरी निगाह रहती है। मानदेय बढ़ाने की बात पर कहा कि आपके लिए कुछ न कुछ जल्द होगा। मैं आपकी समस्याओं को लेकर मुख्यमंत्री से लगातार बात कर रही हूं। समाधान अवश्य होगा। एसडीएम ज्ञानेंद्र कुमार द्विवेदी ने कार्यकत्रियों



को बधाई देते हुए कहा उम्मीद है कि उनका मानदेय ज़रूर बढेगा। अपने नए स्मार्टफोन का प्रयोग स्व जनगणना में भी करें। सुपरवाइजर इस बारे में उनकी सहायता करें। इससे सरकार को भी लगेगा कि स्मार्टफोन का सदुपयोग हो रहा है। सीडीपीओ रमाकांति ने बताया यहां 235 आंगनबाड़ी कार्यकत्री हैं। इनमें से 100 को आज स्मार्टफोन दिया जा रहा है। नोडल शशिकांत ने कहा इस पहल का मुख्य उद्देश्य जमीनी स्तर पर बाल विकास और महिला कल्याण योजनाओं की रीयल-टाइम मॉनिटरिंग सुनिश्चित करना है। नोडल अर्चना वर्मा ने कहा आंगनबाड़ी केंद्रों को तकनीकी रूप से सक्षम बनाया जा रहा है। स्मार्ट फोन के माध्यम से कार्यकर्ता पोषण ट्रैकर ऐप पर बच्चों के वजन, लंबाई और टीकाकरण का विवरण तुरंत अपलोड कर सकेंगी। इससे डेटा में होने वाली देरी और गड़बड़ी की गुंजाइश खत्म होगी।

कार्यक्रम में मुख्य सेविका स्नेहा, प्रतिभा, नम्रता चतुर्वेदी, विशेष सहयोगी सुपरवाइजर सोनाक्षी एवं शिवानी सहित आंगनबाड़ी कार्यकत्रियां मौजूद रहीं।

## खबरें एक नजर में

### समेकित विशेष माध्यमिक विद्यालय में प्रवेश प्रारम्भ



**छिबरामऊ, कन्नौज।** नगर में पूर्वी बाईपास पर जेएस सीनियर सेकेंडरी स्कूल के पीछे स्थित समेकित विशेष माध्यमिक विद्यालय के प्रधानाचार्य दिनेश चन्द्र दुबे ने अवगत कराया है कि दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग, उत्तर प्रदेश द्वारा संचालित इस विद्यालय में शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए कक्षा 06 से 12 तक प्रवेश प्रक्रिया प्रारम्भ कर दी गई है। उन्होंने कहा विद्यालय में दृष्टिबाधित, श्रवणबाधित, अस्थिबाधित एवं सामान्य छात्र-छात्राओं के लिए गुणवत्तापूर्ण शिक्षा की व्यवस्था है। दिव्यांग छात्र-छात्राओं को नि:शुल्क आवासीय सुविधा, भोजन तथा आवश्यक शैक्षिक संसाधन उपलब्ध कराए जाते हैं, जिससे वे आत्मनिर्भर बन सकें। इच्छुक छात्र-छात्राएं अथवा उनके अभिभावक किसी भी कार्य दिवस में प्रातः 10 बजे से अपरान्ह 3 बजे तक विद्यालय में संपर्क कर प्रवेश प्रक्रिया पूर्ण कर सकते हैं। उन्होंने अभिभावकों से अपील की है कि वे इस अवसर का लाभ उठाते हुए समय से अपने बच्चों का नामांकन कराएं और उन्हें बेहतर शिक्षा से जोड़ें।

### ऑपरेशन मुस्कान में छह घंटे में मिली लापता बालिका

**कन्नौज।** थाना ठठिया पुलिस ने ऑपरेशन मुस्कान के तहत कार्रवाई करते हुए लापता सात वर्षीय बालिका को छह घंटे के भीतर सकुशल बरामद कर लिया। बालिका के मिलने पर परिजनों ने राहत की सांस ली। जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र निवासी एक व्यक्ति ने पुलिस को सूचना दी कि उसकी पुत्री अपनी मौसी के घर ग्राम जुर्रापुरवा से खेलते समय कहीं चली गई है। तहरीर के आधार पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ बीएनएस की धारा 137(2) के तहत मुकदमा दर्ज कर तलाश शुरू की। पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार के निर्देशन में गठित टीमों ने लगातार खोजबीन कर बालिका को सकुशल बरामद कर लिया। बरामदगी करने वाली टीम में उपनिरीक्षक विनीत वर्मा, हेड कांस्टेबल प्रदीप मिश्रा, कांस्टेबल मनीष कुमार और महिला कांस्टेबल नीलम शामिल रहीं। पुलिस मामले में आगे की कार्रवाई कर रही है।

### राजकीय महिला महाविद्यालय में प्रवेश शुरू

**छिबरामऊ, कन्नौज।** राजकीय महिला महाविद्यालय में बीए एवं बीएससी प्रथम वर्ष सत्र 2026-27 के लिये प्रवेश प्रक्रिया प्रारम्भ हो चुकी है। प्राचार्य डॉक्टर पवन चौहान ने कहा प्रवेश के लिए इच्छुक छात्राएं शीघ्र ही वांछित प्रमाण पत्रों सहित महाविद्यालय में सम्पर्क कर प्रवेश लेना सुनिश्चित करें। महाविद्यालय में प्रवेश फीस न्यूनतम है और छात्राओं को छात्रवृत्ति, स्मार्ट क्लास, वाई-फाई एवं कम्प्यूटर लैब आदि सुविधा उपलब्ध है। विगत वर्षों में महाविद्यालय में छात्राओं का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा है। छात्राओं का प्रवेश पहले आओ पहले पाओं के आधार पर किया जायेगा।

### परेड में एसपी ने परखी पुलिसकर्मियों की फिटनेस

**कन्नौज।** पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार ने रिजर्व पुलिस लाइन में आयोजित साप्ताहिक शुक्रवार परेड का निरीक्षण कर सलामी ली। निरीक्षण के दौरान उन्होंने पुलिसकर्मियों को शारीरिक व मानसिक रूप से फिट रहने के लिए दौड़ लगवाई। एसपी ने परेड में अनुशासन बनाए रखने के लिए टोलीवार ड्रिल कराई और शस्त्र अभ्यास भी कराया। उन्होंने ड्रिल को और बेहतर बनाने के लिए प्रभारी पुलिस लाइन को आवश्यक निर्देश दिए। इसके बाद पीआरवी वाहनों का निरीक्षण कर आपातकालीन उपकरणों को चलवाकर जांच की गई। प्रभारी यूपी-112 को निर्देश दिए गए कि वाहनों और उपकरणों की नियमित चेकिंग की जाए तथा पीआरवी कर्मी जनता की सुरक्षा के प्रति सतर्क रहें। निरीक्षण के दौरान एसपी ने जीडी कार्यालय, क्वार्टर गार्ड, पुलिस कैंटीन, शस्त्रागार, बैरक, कंट्रोल रूम और यूपी-112 कार्यालय का भी निरीक्षण कर संबंधित अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिए।

# पं. श्याम बिहारी मिश्रा की जयंती पर व्यापारियों ने किया स्मरण

**गुरसहायगंज,समृद्धि न्यूज।**

नगर मे युवा व्यापार मण्डल अध्यक्ष यतीश प्रजापति के प्रतिष्ठान पर उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के संस्थापक परम श्रद्धेय पंडित श्याम बिहारी मिश्रा जी की जन्म जयंती श्रद्धा एवं सम्मान के साथ मनाई गई। कार्यक्रम में उपस्थित व्यापारियों एवं पदाधिकारियों ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया तथा उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया।

इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि पंडित श्याम बिहारी मिश्रा ने व्यापारियों के हितों की रक्षा के लिए जीवनभर संघर्ष किया और संगठन को मजबूती प्रदान की। उनके योगदान को व्यापारी समाज कभी भुला नहीं सकता। कार्यक्रम में जिला महामंत्री संजीव गुप्ता, वरिष्ठ व्यापारी



नेता सुदेश गुप्ता, विजय प्रजापति, नगर अध्यक्ष अनुराग गुप्ता, नगर महामंत्री राकेश कौशल, कमलेश राजपूत, नगर कोषाध्यक्ष दीपक गुप्ता, नगर उपाध्यक्ष भूरा कठेरिया, कंचन गुप्ता, टिंकू बॉथम, वरिष्ठ उपाध्यक्ष दयाशंकर कटियार, नगर मंत्री मनोज गुप्ता, युवा नगर अध्यक्ष यतीश प्रजापति, युवा नगर उपाध्यक्ष अमित प्रजापति, युवा नगर कोषाध्यक्ष उदित गुप्ता,नारायण गुप्ता, नगर मीडिया प्रभारी सिद्धार्थ गुप्ता सहित अनेक पदाधिकारी एवं व्यापारीगण उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन सभी व्यापारियों द्वारा संगठन की एकता एवं व्यापारी हितों की रक्षा के संकल्प के साथ किया गया। व्यापारी विजय प्रजापति ने कहा कि पंडित श्याम बिहारी मिश्रा जी ने व्यापारियों को एकजुट करने का जो कार्य किया, वह आज भी हम सभी के लिए प्रेरणास्रोत है। उनके सिद्धांतों पर चलकर ही व्यापारी समाज मजबूत बन सकता है।

# स्मार्ट मीटर उपभोक्ताओं को बड़ी राहत

## प्रीपेड से पोस्टपेड मोड में होंगे परिवर्तित

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

जनपद के स्मार्ट मीटर उपभोक्ताओं को बड़ी राहत देने की घोषणा की गई है। निगम के अनुसार आरडीएसएस योजना के अंतर्गत लगाए गए सभी स्मार्ट मीटर, जो वर्तमान में प्रीपेड मोड में संचालित हो रहे हैं, उन्हें अब पोस्टपेड मोड में परिवर्तित किया जाएगा। विभाग ने बताया कि इस माह की ऊर्जा खपत का बिल जून में पोस्टपेड प्रणाली के अनुसार जारी किया जाएगा। उपभोक्ताओं को अब पहले की तरह एसएमएस और व्हाट्सएप के माध्यम से बिल उपलब्ध कराया जाएगा तथा घर-घर जाकर रीडिंग और बिल वितरण की व्यवस्था समाप्त रहेगी। सभी स्मार्ट मीटर उपभोक्ताओं के बिल प्रत्येक माह की 10 तारीख तक उपलब्ध करा दिए जाएंगे। विभाग ने यह भी स्पष्ट किया है कि जिन उपभोक्ताओं के मोबाइल नंबर पंजीकृत नहीं हैं या गलत दर्ज हैं, वे व्हाट्सएप चैटबॉट नंबर +91 8010957826 पर संपर्क कर अपना बिल प्राप्त कर सकते हैं। नए विद्युत कनेक्शन भी अब स्मार्ट मीटर के माध्यम से पोस्टपेड मोड में जारी किए जाएंगे। विभाग ने बताया पूर्व में प्रीपेड मोड में समायोजित की गई सिक्योरिटी धनराशि को अब चार समान किश्तों में जोड़ा जाएगा। वहीं घरेलू उपभोक्ताओं को राहत देते हुए 30 अप्रैल तक के बकाया बिल को 10 किश्तों में जमा करने की सुविधा प्रदान की जाएगी। अन्य श्रेणी के उपभोक्ताओं को भी तीन किश्तों में भुगतान की सुविधा मिलेगी।

## घर बैठे मोबाइल से होगी स्वगणना,गलती सुधारने की भी सुविधा

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज।** जिले के कलेक्ट्रेट सभागार में स्वगणना प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।



कार्यक्रम में अपर जिलाधिकारी देवेंद्र सिंह समेत प्रशिक्षण देने वाली टीम मौजूद रही। प्रशिक्षण के दौरान लोगों को स्वगणना प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी दी गई। प्रशिक्षण टीम ने बताया कि अब स्वगणना की प्रक्रिया बेहद आसान बना दी गई है। कोई भी व्यक्ति अपने मोबाइल या लैपटॉप के माध्यम से घर बैठे आसानी से स्वगणना कर सकता है। लोगों को ऑनलाइन फॉर्म भरने और जानकारी अपलोड करने की पूरी प्रक्रिया समझाई गई। पत्रकारों से बातचीत में एडीएम देवेंद्र सिंह ने बताया कि जिले में बुधवार से स्वगणना की शुरुआत हो गई है। इसके लिए आमजन को प्रशिक्षित किया जा रहा है ताकि लोग बिना किसी परेशानी के अपनी जानकारी स्वयं दर्ज कर सकें। उन्होंने कहा कि यदि विवरण भरते समय कोई गलती हो जाती है तो परेशान होने की जरूरत नहीं है। व्यक्ति उसी समय अपनी त्रुटि को स्वयं सुधार सकता है। वहीं यदि स्वगणना फाइनल सबमिट हो चुकी है, तब भी चिंता की आवश्यकता नहीं है, क्योंकि बाद में घर-घर पहुंचने वाली गणना टीम सभी त्रुटियों और समस्याओं का समाधान करेगी।

# निर्माण कार्य समय से पूरा न हुआ तो होगी कार्रवाईः डीएम

▸ मेहंदीघाट व तालाब निर्माण की धीमी प्रगति पर जताई नाराजगी

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

कलेक्ट्रेट गांधी सभागार में आयोजित निर्माण कार्यों की समीक्षा बैठक में जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री ने अधूरे कार्यों पर नाराजगी जताते हुए संबंधित अधिकारियों को तय समय में निर्माण पूरा कराने के निर्देश दिए।

उन्होंने अंतरराष्ट्रीय मुक्ता काशी मंच ÷रोमा÷ का शीघ्र हस्तांतरण कराने को कहा। साथ ही राजकीय औद्योगिक संस्थान सौरिख, पंचायतीराज प्रशिक्षण संस्थान अनौगी और गो संरक्षण केंद्र तेरारब्बू के शेष





कार्य एक सप्ताह में पूर्ण कराने के निर्देश दिए। डीएम ने संयुक्त जिला चिकित्सालय में अग्निशमन व्यवस्था, आईटीआई तिर्वा में आधुनिक प्रशिक्षण कक्ष और आयुर्वेदिक चिकित्सालय बारामऊ-सिकंदरपुर के निर्माण में तेजी लाने को कहा। मेडिकल कॉलेज के श्रेणी-4 व 5 आवास अक्टूबर तक तथा राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज का निर्माण 15 अगस्त तक पूरा कराने के निर्देश दिए गए। मेहंदीघाट जीर्णोद्धार कार्य की धीमी प्रगति पर नाराजगी जताते हुए डीएम ने चेतावनी दी कि लापरवाही पर कार्रवाई होगी। छिबरामऊ के गंगेश्वर, धीरा व अन्य तालाबों का कार्य अक्टूबर तक पूरा करने को कहा गया। बैठक में प्रभारी मुख्य विकास अधिकारी नरेंद्र देव द्विवेदी समेत संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

# सीएचसी में दंत सेवाएं मजबूत करने को छह डेंटल हाईजिनिस्ट तैनात

▸ कन्नौज, तालग्राम, उमर्दा समेत छह स्वास्थ्य केंद्रों पर नियुक्ति
▸ मरीजों को स्थानीय स्तर पर मिलेगा उपचार



**कन्नौज।** जनपद में दंत स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने के लिए स्वास्थ्य विभाग ने छह डेंटल हाईजिनिस्ट की नियुक्ति विभिन्न सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों पर की है। समूह 'ग' पदों पर सीधी भर्ती प्रक्रिया पूरी होने के बाद चयनित अभ्यर्थियों को तैनाती दी गई। मुख्य चिकित्साधिकारी ने बताया कि जनपद के 14 सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में से छह केंद्रों पर डेंटल हाईजिनिस्ट के पद रिक्त थे। अब प्रशांत वर्मा को सीएचसी कन्नौज, अनुरुद्ध पटेल को तालग्राम, गायत्री सिंह को उमर्दा, आशीष कुमार को गुगरापुर, हरिकेश कुमार अग्निहोत्री को सकरावा और सभ्या कटियार को समधन सीएचसी में नियुक्त किया गया है। उन्होंने बताया कि इन नियुक्तियों से दंत चिकित्सा सेवाओं को नई मजबूती मिलेगी और मरीजों को स्थानीय स्तर पर बेहतर इलाज व परामर्श उपलब्ध हो सकेगा। चयनित अभ्यर्थियों को वेतनमान 9300-34800 ग्रेड पे 4200 (लेवल-6) के तहत नियुक्त किया गया है। स्वास्थ्य विभाग का उद्देश्य भविष्य में सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों पर दंत स्वास्थ्य सेवाएं सुचारु रूप से संचालित करना है, ताकि ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों के लोगों को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ मिल सके।

**INFORMATION**

I hitherto known as Usha W/O Satynarayan R/O: 348, anda,Anda,District Jalaun, Uttar Pradesh, 285205 , have changed my name and shall hereafter be Usha Devi.

**Usha Devi W/O Satynarayan R/O :348, anda,Anda,District Jalaun , State: Uttar Pradesh PIN Code: 285205.**

# उद्योग बंधु बैठक से इंजीनियर गायब, वेतन रोकने के निर्देश





▸ 15 मई से सड़कों और नालों की चलेगी विशेष सफाई मुहिम
▸ स्मार्ट मीटर शिकायतों के लिए लगेंगे कैंप

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

कलेक्ट्रेट गांधी सभागार में आयोजित जिला उद्योग बंधु बैठक में जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री ने अधिकारियों को जिम्मेदारी के साथ कार्य करने के निर्देश दिए। जल निगम के अधिशासी अभियंता के बैठक में अनुपस्थित रहने पर डीएम ने नाराजगी जताते हुए एक दिन का वेतन रोकने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि विकास कार्यों की बैठकों में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

डीएम ने एचपीसीएल के वाणिज्यिक गैस कनेक्शनों को जल्द शुरू कराने और गैस पाइपलाइन कार्य में तेजी लाने को कहा। व्यापारियों की शिकायत पर नगर पालिका और पीडब्ल्यूडी को 15 मई से 15 जून तक सड़कों व नालों की विशेष सफाई और मरम्मत अभियान चलाने के निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि शहर साफ-सुथरा और व्यवस्थित दिखना चाहिए। उद्योग विभाग को निर्देश दिए गए कि मुख्यमंत्री युवा रोजगार योजना, ओडीओपी और युवा उद्यमी विकास योजना की फाइलें पूरी जांच के बाद ही बैंकों को भेजी जाएं। बैठक में विद्युत विभाग ने बताया कि स्मार्ट मीटर अब पोस्टपेड मोड में किए जा रहे हैं। उपभोक्ताओं को बिजली बिल एसएमएस और व्हाट्सएप से मिलेगा। साथ ही 15 मई से 30 जून तक शिकायत निस्तारण कैंप लगाए जाएंगे। बैठक में एसपी विनोद कुमार सहित संबंधित अधिकारी व उद्यमी मौजूद रहे।

## श्रीकृष्ण लीलाओं के श्रवण से भक्तों को मिला आध्यात्मिक आनंद

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** नगर के सर्विस रोड़ स्थित नर्मदेश्वर महादेव मंदिर मे आयोजित श्रीमद भागवत कथा के दौरान श्रद्धालुओं को भगवान श्रीकृष्ण की लीलाओं का रसपान कराया गया। कथा के दौरान श्रीकृष्ण-रुक्मिणी विवाह एवं सुदामा चरित्र का अत्यंत भावपूर्ण वर्णन किया गया, जिसे सुनकर श्रद्धालु भक्ति में सराबोर हो उठे। कथा के अंतिम दिवस पर सुबह महायज्ञ मे श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी और पूरा वातावरण भक्तिमय बना रहा। कथा व्यास रामानुज पाण्डेय ने बताया कि माता रुक्मिणी भगवान श्रीकृष्ण को अपने पति के रूप में प्राप्त करना चाहती थीं। उन्होंने भगवान को पत्र लिखकर अपनी मनोकामना व्यक्त की। इसके बाद भगवान श्रीकृष्ण ने रुक्मिणी के साथ विधि-विधान से विवाह किया। इस प्रसंग को सुनते ही श्रद्धालु जय श्रीकृष्ण के जयकारों से गूंज उठे।

## कार्यालय नगर पंचायत शमसाबाद जनपद-फर्रुखाबाद

पत्रांकः-144/न0पं0 टेण्डर नोटिस/2026-27/शमसाबाद | दिनांक 08 मई, 2026

### अल्पकालीन ई-निविदा (निविदा सूचना)

नगर पंचायत शमसाबाद के अधिकृत संविदाकारों को सूचित किया जाता है कि मुख्यमंत्री नगर सृजन योजना के अन्तर्गत वर्ष 2025-26 में प्राप्त धनराशि से निकाय में निम्नांकित कार्य ई टेण्डरिंग के माध्यम से कराया जाना हैं जिसके डाक्यूमेंट बेबसाइड www.etender.up.nic.in पर दिनांक 11/05/2026 से 02/06/2026 को अपरान्ह 2:00 बजे तक उपलब्ध हैं जो कि बेबसाइड से डाउनलोड व अपलोड किये जा सकते हैं तथा दिनांक 02/06/2026 को अपरान्ह 4:00 बजे ऑनलाइन खोली जायेगी। आगणन धनराशि के सापेक्ष 2 प्रतिशत धरोहर धनराशि अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत शमसाबाद के नाम बन्धक कर जमां करना अनिवार्य होगा।

| क्र0सं0 | नगर पंचायत | प्रारम्भ दिनांक एवं समय | |
|---|---|---|---|
| 1 | Tender Release | 11.05.2026 12:00 बजे | |
| 2 | Tender Close Date | 02.06.2026 2:00 बजे | |

श्रीकिशन
अवर अभियंता सिविल
न0पं0 शमसाबाद (फर्रुखाबाद)

अधिशासी अधिकारी
नगर पंचायत शमसाबाद
जनपद फर्रुखाबाद

जोया शाह
अध्यक्ष
नगर पंचायत शमसाबाद
जनपद फर्रुखाबाद

# हत्यारोपी वृद्ध ने फांसी लगाकर दी जान

**हत्या के मामले में हाईकोर्ट से वारंट था जारी**

**मोहम्मदाबाद, समृद्धि न्यूज।**

थाना क्षेत्र के गांव सिकंदरपुर निवासी 81 वर्षीय नरेंद्र सिंह ने गुरुवार की बीती रात अपने घर से लगभग 500 मीटर दूर नगला धना निवासी विशुनदयाल के खेत में खड़े जामुन के पेड़ पर रस्सी का फंदा बनाकर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सुबह ग्रामीण जब शौच के लिए खेतों की तरफ गए तो नरेंद्र सिंह के शव को फंदे पर लटका देखा तो नरेंद्र के घर में सूचना दी। सूचना पर घर में कोहराम मच गया। मृतक के छोटे पुत्र उदय प्रताप ने सुबह लगभग 7:30 बजे थाने जाकर लिखित में सूचना दी। लगभग एक घंटा 20 मिनट के बाद प्रभारी निरीक्षक मदन मोहन चतुर्वेदी मय फोर्स के घटनास्थल पर पहुंचे और जांच पड़ताल की। फील्ड यूनिट ने पहुंचकर साक्ष्य एकत्रित किये। मृतक 6 भाइयों में बड़ा था, खेती करके जीवन यापन करता था। मृतक के दो पुत्र आदित्य एवं उदय प्रताप तथा एक पुत्री रेखा है जिसकी शादी हो चुकी है। मृतक के विरुद्ध हत्या के आरोप में हाई कोर्ट इलाहाबाद से वारंट जारी किया गया था, जिस कारण गांव में पुलिस आती जाती थी, जिससे वह अवसाद में था। मृतक के बड़े पुत्र आदित्य एवं भाई राम लखन सिंह ने बताया कि लगभग 35 वर्ष पूर्व गांव के ही महेश सिंह की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। जिस पर महेश सिंह के भाई सुरेश सिंह ने गांव के ही पांच लोगों नरेंद्र, नरेंद्र के पिता बड़े सिंह, बहादुर राधा मिशन एवं बेचेलाल के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया था। मुकदमे में वांछित पांचों आरोपियों में से चार की पूर्व में मृत्यु हो चुकी है, जिसमें से बेचेलाल ने मुकदमे से परेशान होकर विषाक्त खाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली थी। हत्या की घटना के बाद नरेंद्र सिंह लगभग 4 माह जेल में रहने के बाद जमानत पर बाहर आ गए थे। वर्ष 2015 में निचली कोर्ट ने आजीवन की सजा सुना दी। जिसके बाद लगभग तीन माह जेल में रहने के बाद अपील पर बाहर आए थे। अब हाई कोर्ट इलाहाबाद के द्वारा पिता के विरुद्ध 302 में वारंट जारी हुआ था। जिस कारण गांव में आए दिन पुलिस आती रहती थी। जिससे परेशान होकर वह जनपद मैनपुरी के थाना किशनी के गांव नगला खिबाई निवासी बहन रेखा के यहां दो माह दो माह पूर्व रहने चले गए थे। 7 मई की सुबह लगभग 11:00 किसी से मिलने की बात कहकर वह बहन के घर से निकले थे। सुबह 7:00 बजे ग्रामीणों ने पिता द्वारा फांसी लगा लेने की सूचना दी। मृतक के पुत्र उदय प्रताप की फौती सूचना पर उप निरीक्षक जसवीर सिंह ने शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। मृतक की पत्नी मीना देवी पुत्री रेखा देवी एवं स्वजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।



मृतक का फाइल फोटो



रोते बिलखते मृतक के परिजन



जांच पड़ताल करती पुलिस

## नामित सभासदों को एसडीएम ने दिलायी शपथ



स्वागत के दौरान चेयरमैन व नामित सभासद

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** शासन द्वारा नामित सभासदों का नगर पालिका परिषद के प्रांगण में शपथ ग्रहण समारोह सम्पन्न हुआ। नामित पांचों सभासद ममता सक्सेना, मीरा सिंह, विकास पाण्डेय, धर्मेन्द्र राजपूत, श्याम कुमार बाल्मीकि को एसडीएम सदर रजीकांत ने पद व गोपनीयता की शपथ दिलायी। सभी पांचों नामित सभासद का अधिशासी अधिकारी विनोद कुमार ने गुलदस्ता देकर स्वागत किया। नगर पालिकाध्यक्ष वत्सला अग्रवाल की अध्यक्षता में आयोजित शपथ ग्रहण समारोह में भाजपा नेता कुलदीप गंगवार, जिलाध्यक्ष फतेहचन्द्र वर्मा, भास्कर दत्त द्विवेदी के अलावा पूर्व एमएलसी मनोज अग्रवाल मौजूद रहे। चेयरमैन वत्सला अग्रवाल ने कहा कि जनसेवा ही सम्मानित सदस्यों का धर्म है। विकास के कार्य को आगे बढ़ाने के लिए आगे रहेंगे। व्यापारी नेता संजय गर्ग ने नामित पांचों सभासदों का शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया। कार्यक्रम का शुभारम्भ राष्ट्रगान के साथ शुरु हुआ। संचालन वरिष्ठ लिपिक शरद बाजपेयी ने किया। इस मौके पर व्यापार मण्डल के जिलाध्यक्ष सदानंद शुक्ला, वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष राजू गौतम, सरदार तोषित प्रीत सिंह, विशाल दुबे, सुंदर गुप्ता, अनिल प्रताप सिंह, संजय गर्ग, सुमन राठौर, बबिता पाठक, श्वेता दुबे, दिनेश कटियार, प्रदीप सक्सेना, सौरभ शुक्ला, अभिषेक बाजपेयी, संजीव गुप्ता, पंकज पाल, ऊषा सिंह, किरन सिंह के अलावा सभासद धर्मेन्द्र कनौजिया, शक्ति सिंह कुशवाहा, आलोक मिश्रा, असलम अंसारी, नईफ खान, अतुल शंकर दुबे, बाबू अग्निहोत्री, शशांक शेखर मिश्रा, संत कुमार बाथम, नन्हे पंडित, अर्चना अग्निहोत्री, नौशाद मंसूरी, आदेश गुप्ता, शिवांग रस्तोगी, अंकित गुप्ता, संजू शर्मा, ओमप्रकाश दुबे के अलावा नगर पालिका के अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

## मदर्स डे पर छात्राओं ने रंगारंग कार्यक्रम किये प्रस्तुत

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।**

शकुन्तला देवी बालिका इण्टर कालेज में मदर्स डे का आयोजन किया गया। बच्चों ने माँ के लिए चित्र बनाकर एक प्रदर्शनी लगायी तथा उनके लिए विचार, गीत व कविताये प्रस्तुत कीं।

मदर्स डे के उपलक्ष में आयोजित कार्यक्रम में छात्राओं की माताओं को भी आमन्त्रित किया गया था। जिसमें उनके लिए कई गेम्स का आयोजन भी किया गया। मुख्य अतिथि ब्लाक प्रमुख अनुराधा दुबे व विशिष्ट अतिथि रश्मि दुबे व सम्मानित अतिथि मनोज गंगवार रहें। आगन्तुक अतिथियों और माताओं को बैच लगाया गया। छात्राओं ने माँ के स्वागत में स्वागत गीत प्रस्तुत किया। आस्था ने अपने गाने से सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। छात्राओं ने एक प्रदर्शनी लगायी। जिसमें माँ के विभिन्न रूपों को दर्शाती हुई तस्वीरें बनाई। उसके बाद बच्चों की माताओं से एक मिनट में बैलून फुलाओ प्रतियोगिता, फेस पर बिन्दी लगाओं प्रतियोगिता, एक तीली से मोमबत्ती जलाओं प्रतियोगिता और सुई में धागा हउजी प्रतियोगिता का आयोजन किया। जिसमें सभी विजयी माताओं को विद्यालय की प्रबन्धिका मोनिका अग्रवाल, प्राचार्या बेणु सिंह व प्रधानाचार्य सुतीक्षण श्रीवास्तव द्वारा पुरस्कार प्रदान किये गये। संचालन सुरभि श्रीवास्वत ने किया। इस दौरान सन्तोष शर्मा, ममता सिंह, लक्ष्मी गंगवार, शिल्की मिश्रा, कमला गंगवार, प्रिया द्विवेदी, शोभा यादव, विकास श्रीवास्वत आदि मौजूद रहे।



कार्यक्रम प्रस्तुत करते बच्चे

## सपा राष्ट्रीय अध्यक्ष पर आपत्तिजनक टिप्पणी करने वाले युवक के खिलाफ तहरीर

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष व पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के विरुद्ध विगत 7 मई को मेरे सोशल मीडिया अकाउंट (फेसबुक पेज) मेरी पोस्ट पर दिल्ली निवासी किशन कुमार नामक युवक ने अभद्र एवं आपत्तिजनक टिप्पणी की थी। जिसको लेकर कार्यकर्ताओं में आक्रोश व्याप्त है। सोशल मीडिया पर ऐसी आपत्तिजनक एवं अमर्यादित टिप्पणी से समाज में आपसी सौहार्द खराब होता है। शुक्रवार को थाना मऊदरवाजा मे उपरोक्त किशन कुमार के विरुद्ध सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कराने हेतु तहरीर दी। इस अवसर पर पूर्व विधायक उर्मिला राजपूत, मंदीप यादव, राजीव शाक्य, शशांक सक्सेना, रोमित सक्सेना, देवेंद्र सिंह यादव, राजपाल यादव आदि मौजूद रहे।

## लापरवाही: पाइपलाइन बिछाने के लिए खोदे गये गड्ढे खुले, हो सकता है हादसा

**ईओ के आदेश को भी ठेकेदार ने किया अनसुना**

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।**

नवाबगंज के मोहम्मदाबाद रोड पर नगर पंचायत द्वारा पाइपलाइन बिछाने का कार्य स्थानीय निवासियों के लिए परेशानी का सबब बन गया है। ठेकेदार की लापरवाही के कारण सड़क पर खोदे गए गड्ढे खुले पड़े हैं, जिससे बड़े हादसे का खतरा बना हुआ है।

जानकारी के अनुसार, गुरुवार को मोहम्मदाबाद रोड पर पाइपलाइन डालने के लिए रातों-रात खुदाई की गई थी। सुबह जब स्थानीय लोगों ने सड़क की खराब हालत देखी, तो उन्होंने तुरंत सभासदों को इसकी सूचना दी। सूचना मिलते ही सभासद कुलदीप राजपूत, अनिल शाक्य और अमन राठौर मौके पर पहुंचे। उन्होंने सड़क के किनारों पर किए गए खतरनाक गड्ढों का जायजा लिया और स्थिति पर नाराजगी व्यक्त की। सभासदों ने इस पूरे मामले की जानकारी अधिशासी अधिकारी प्रमोद कुमार को दी। मौके पर पहुंचे ईओ ने स्थिति की गंभीरता को देखते हुए ठेकेदार को तुरंत काम बंद करने का निर्देश दिया। हालांकि, ठेकेदार ने शुरुआत में अधिकारी के आदेश को अनसुना कर दिया और काम जारी रखा। जब ठेकेदार ने मनमानी बंद नहीं की, तो अधिशासी अधिकारी को सख्त रुख अपनाते हुए भुगतान रोकने की चेतावनी देनी पड़ी। इस कड़ी चेतावनी के बाद ही ठेकेदार ने काम रोका। काम बंद होने के बाद अधिशासी अधिकारी ने ठेकेदार को सख्त निर्देश दिए थे कि पाइपलाइन के लिए खोदे गए सभी गड्ढों को तत्काल भरा जाए, ताकि आवागमन सुचारू हो सके, लेकिन जमीनी हकीकत इसके विपरीत है। ठेकेदार की लापरवाही के चलते मोहम्मदाबाद रोड पर अभी भी गहरे गड्ढे खुले पड़े हैं।

सड़क के किनारे खुले गड्ढे रात के अंधेरे में वाहन चालकों के लिए जोखिम पूर्ण हो सकते हैं। खुदाई के कारण सड़क सकरी हो गई है, जिससे दिनभर जाम की स्थिति बनी रहती है। स्थानीय निवासियों ने जिला प्रशासन से मांग की है कि किसी अप्रिय घटना से पहले इन गड्ढों को भरवाया जाए और लापरवाह ठेकेदार के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए।



पाइपलाइन डालने के खोदे गये गड्ढे

## खबरें एक नजर में

### बाइकों की आमने-सामने भिड़ंत में तीन घायल

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** कोतवाली कायमगंज के गांव फरीदपुर निवासी अरविन्द कुमार शुक्रवार दोपहर बाद बाइक से अपनी मां कमला देवी पत्नी शेर सिंह के साथ फर्रुखाबाद से घर लौट रहा था। अरविन्द कुमार जैसे ही नवाबगंज फर्रुखाबाद मार्ग पर थाना मऊदरवाजा के गांव खिनमिनी के निकट पहुंचा। उसी दौरान नवाबगंज की ओर से तेज रफ्तार से आ रहे बाइक सवार ने अरविन्द कुमार की बाइक में सीधी टक्कर मार दी। टक्कर लगने से दोनों बाइकों पर सवार तीनों लोग उछलकर सड़क पर गिरकर घायल हो गए। आसपास के लोगों की सूचना पर यूपी 112 पुलिस मौके पर पहुंची। यूपी 112 प्रभारी आमोद कुमार ने पुलिस व स्थानीय लोगों के सहयोग से घायल अरविन्द कुमार, उनकी मां कमला देवी व दूसरी बाइक पर सवार जनपद हरदोई के थाना हरपालपुर के गांव परशुआपुर निवासी रामप्रकाश को सीएचसी बरौन भिजवाया। सीएचसी पर मौजूद फार्मासिस्ट ने घायलों का प्राथमिक उपचार शुरू किया। घायलों की हालत गंभीर देख फार्मासिस्ट ने घायलों को डॉ. राम मनोहर लोहिया अस्पताल रेफर कर दिया।

### विद्युत लाइन में फॉल्ट आने से 120 गांवों में छाया अंधेरा

**बिजली न होने के कारण बढ़ा मच्छरों का प्रकोप**

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** नवाबगंज विद्युत उपकेंद्र को नीम करौली से जोड़ने वाली 33000 केवीए मुख्य लाइन में गुरुवार रात करीब 1:30 बजे फॉल्ट आ गया। इसके कारण नवाबगंज नगर सहित उपकेंद्र से जुड़े 120 गांवों की बिजली आपूर्ति ठप हो गई। लाइन में फॉल्ट आने के बाद उसे कई बार चालू करने का प्रयास किया गया, लेकिन सफलता नहीं मिली। इसके बाद लाइन को ब्रेकडाउन घोषित कर दिया गया। रात में अचानक बिजली गुल होने से लोग परेशान हो गए। दिन में हुई बारिश के बाद रात में उमस भरी गर्मी से भी लोग बेहाल थे। बिजली न होने के कारण मच्छरों का प्रकोप भी बढ़ गया। सुबह के समय लोगों को पेयजल की समस्या का सामना करना ,ए साथ ही इनवर्टर और मोबाइल फोन भी डिस्चार्ज हो गए। शुक्रवार सुबह लाइनमैनों की टीम फॉल्ट का पता लगाने के लिए लाइन की पेट्रोलिंग की। टीम में मंजेश कुमार, गौरव सिंह, वीर सिंह, हुकुम सिंह, अनिरुद्ध कुमार, प्रमोद कुमार और विकास कुमार शामिल हैं। शुक्रवार सुबह करीब 9 बजे फाल्ट सही होने बाद विद्युत आपूर्ति बहाल हुई।

### किशोरी को भगा ले जाने में चार पर मुकदमा दर्ज

**मोहम्मदाबाद, समृद्धि न्यूज।** थाना क्षेत्र के ग्राम एक महिला ने अपनी नाबालिग पुत्री को बहला-फुसलाकर ले जाने तथा घर से जेवर और नगदी ले जाने के आरोप में चार लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पीड़िता ने थाना पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उनकी 15 वर्षीय पुत्री 7 मई 2026 की रात करीब 2 बजे गांव निवासी राजन उर्फहीरालाल पुत्र हरिसिंह के साथ घर से चली गई। परिजनों के अनुसार किशोरी अपने साथ घर में रखी छह सोने की अंगूठियां, एक सोने की जंजीर, एक जोड़ी चांदी की पायल तथा करीब 30 हजार रुपये नगद भी ले गई। पीड़िता की मां का आरोप है कि आरोपी राजन उर्फहीरालाल के परिजनों से जानकारी करने पर उन्हें धमकियां दी गईं। तहरीर में राजन उर्फहीरालाल, संतु, मलिखान सिंह तथा गुड्डी देवी निवासी नगला दरगजीत सिंह को नामजद किया गया है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। मामले की जांच उप निरीक्षक लछिमन सिंह को सौंपी गई है। थाना पुलिस का कहना है कि किशोरी की तलाश एवं मामले की जांच की जा रही है।

## एआरटीओ-प्रवर्तन व यातायात प्रभारी ने प्रेशर हार्न/हूटर के विरुद्ध चलाया चेकिंग अभियान

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

जिलाधिकारी डॉ. अंकुर लाठर के निर्देशानुसार एआरटीओ-प्रवर्तन सुभाष राजपूत तथा यातायात प्रभारी सतेन्द्र कुमार के द्वारा नगर में मोडिफाइड साइलेन्सर एवं प्रेशर हार्न/हूटर के विरूद्ध सघन चेकिंग अभियान चलाया गया। अभियान के अन्तर्गत 03 बुलेट मोटर साइकिलों को मोडिफाइड साइलेन्सर का प्रयोग करते हुये पाये जाने पर थाना कादरीगेट में सीज किया गया तथा इन वाहनों पर रू0 48 हजार का जुर्माना लगाया गया।

मोडिफाइड साइलेन्सर का प्रयोग करते हुये पाये जाने पर सम्बन्धित व्यक्ति तीन माह की अवधि के लिये ड्राइविंग लाइसेन्स धारण करने के लिये निरहित हो जायेगा। जिन वाहनों में मोडिफाइड साइलेन्सर/ध्वनि प्रदूषण उत्पन्न करने वाले उपकरण लगे पाये जाते हैं तथा जिनका चालान किया गया है, उनके विरूद्ध मोटरयान अधिनियम के अन्तर्गत पंजीयन प्रमाण-पत्र की निलम्बन की कार्यवाही की जा रही है। परिवहन आयुक्त, उ.प्र. के द्वारा मोडिफाइड साइलेन्सर, प्रेशर हार्न अथवा हूटर लगाने वाले डीलर, मोटर गैराज/वर्कशाप पर भी कार्यवाही करने के निर्देश दिये गये हैं तथा 07 मई से 13 मई तक टारगेट ओरिएन्टेड विशेष अभियान चलाकर प्रेशर हार्न अथवा हूटर हटवाते हुये वाहनों को जब्त किया जायेगा, जो मोडिफाइड साइलेन्सर का प्रयोग कर रहे हैं। मोडिफाइड साइलेन्सर का प्रयोग कर रहे वाहनों के सम्बन्ध में परिवहन विभाग के हेल्पलाइन नम्बर 1800 1800 151 एवं 149 पर भी शिकायत की जा सकती है तथा प्राप्त शिकायतों पर तत्काल संज्ञान लिया जायेगा।

परिवहन आयुक्त के निर्देशानुसार 08 मई को एआरटीओ-प्रशासन कृष्ण कुमार यादव के द्वारा एआरटीओ कार्यालय में वाहन डीलर्स, मोटर गैराज एवं वर्कशाप संचालकों की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में उपस्थित समस्त वाहन डीलर्स, मोटर गैराज एवं वर्कशाप संचालकों को निर्देशित किया गया कि वाहनों में मोडिफाइड साइलेन्सर, प्रेशर हार्न अथवा हूटर की स्थापना करने वाले डीलर, मोटर गैराज/वर्कशाप के संचालक के विरूद्ध मोटरयान अधिनियम के तहत रू0 एक लाख प्रति संघटक जुर्माना अधिरोपित किया जा सकता है।



मोडिफाइड साइलेन्सर चेक करते अधिकारी

## बीडीओ ने सचिवों के साथ बैठककर की विकास कार्यों की समीक्षा



बैठक लेते बीडीओ

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** विकास खंडाधिकारी ने ग्राम पंचायत केसचिवों के साथ साप्ताहिक बैठक कर विकास कार्यों की समीक्षा की। विकासखंड कार्यालय पर शुक्रवार को विकासखंड अधिकारी अमरेश चौहान की अध्यक्षता में ग्राम पंचायत के सचिवों के साथ साप्ताहिक बैठक सम्पन्न हुई। इस दौरान उन्होंने विकास कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने सभी सचिवों को मुख्यमंत्री आवास के लाभार्थियों के नाम उपलब्ध कराने, मनरेगा सेल को जॉब कार्ड सभी लाभार्थियों के बनाने के निर्देश दिए। फार्मर रजिस्ट्री पर अधिक जोर दिया गया।द्ब जिसमें पूरा कलेक्शन ग्राम पंचायत के सचिवों का आय व्यय, फैमिली आईडी पर अधिक जोर देते हुए समीक्षा में अन्य बिंदुओं पर भी चर्चा की गई। इस मौके पर विकासखंड अधिकारी अमरेश चौहान, एडीओ पंचायत किशन पाल सिंह, ग्राम पंचायत सचिव अनुपम बाजपेई, बृजेश कुमार, प्रमोद शुक्ला, कुलदीप राजपूत, अरविंद कुमार, मोतीलाल यादव, आकांक्षा सक्सेना, प्रवीण कुमार, वेद प्रकाश, कामता प्रसाद पटेल, सुनील कुमार आदि लोग मौजूद रहे।

### पिकअप की टक्कर से बालक घायल

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** विकास खण्ड कायमगंज की ग्राम पंचायत कमरुद्दीन नगर मजरा हजरतगंज निवासी कुनालजीत सिंह कठेरिया उम्र 13 वर्षीय पुत्र अवदेश कठेरिया जो की प्राथमिक विद्यालय में कक्षा 5 का छात्र है। शुक्रवार को वह घर से निकल कर रोड क्रास कर रहा था। इसी दौरान तेज रफ्तार पिकअप ने उसके टक्कर मार दी। जिससे कुनाल जीत सिंह गम्भीर रूप से घायल हो गया। आसपास के लोगों ने पिकअप को पकड़कर पुलिस के सुपुर्द कर दिया। गम्भीर घायल कुनाल जीत सिंह को 108 एम्बुलेन्स द्वारा कायमगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लाकर भर्ती कराया गया। जहाँ ड्युटी पर तैनात चिकित्सक डॉ. जितेन्द्र बहादुर ने प्राथमिक उपचार के बाद हालत गम्भीर होने पर लोहिया अस्पताल के लिए रेफर कर दिया।



अस्पताल में भर्ती घायल

## आईजीआरएस शिकायतों के निस्तारण में लापरवाही बर्दाश्त नहीं: डीएम

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

जिलाधिकारी डॉ. अंकुर लाठर की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में आई.जी.आर.एस. शिकायतों के निस्तारण एवं उनकी गुणवत्ता की समीक्षा हेतु बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न विभागों द्वारा शिकायतों के निस्तारण की स्थिति, शिकायतकर्ताओं से संवाद, साक्ष्यों के अपलोड तथा फीडबैक की गुणवत्ता की गहन समीक्षा की गई।

डीएम ने स्पष्ट निर्देश दिए कि सभी सक्षम अधिकारी स्वयं निस्तारण आख्या का परीक्षण कर उसे पोर्टल पर अपलोड कराया जाना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि केवल औपचारिक निस्तारण पर्याप्त नहीं है, बल्कि प्रत्येक शिकायत का गुणवत्तापूर्ण एवं तथ्यपरक समाधान किया जाना आवश्यक है। उन्होंने निर्देशित किया कि प्रत्येक निस्तारण आख्या के साथ आवश्यक साक्ष्य अनिवार्य रूप से संलग्न किए जाएं, जिनमें शिकायतकर्ता से वार्ता, स्थलीय निरीक्षण की रिपोर्ट तथा शिकायतकर्ता की अनुपस्थिति में दो पड़ोसियों के बयान सम्मिलित हों। डीएम ने शिकायतकर्ताओं से संपर्क न करने वाले अधिकारियों पर कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि शिकायतकर्ता से संवाद स्थापित न करना गंभीर लापरवाही एवं अनुशासनहीनता की श्रेणी में आता है। उन्होंने सभी अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रत्येक शिकायतकर्ता से व्यक्तिगत रूप से वार्ता कर उसकी समस्या को समझते हुए गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। बैठक में उदाहरण स्वरूप विभिन्न अधिकारियों की जांच आख्या को पढ़कर उसकी गुणवत्ता की समीक्षा की गई। डीएम ने चेतावनी दी कि भविष्य में यदि किसी अधिकारी द्वारा गुणवत्ताहीन अथवा तथ्यहीन निस्तारण किया जाता है, तो संबंधित अधिकारी के विरुद्ध प्रतिकूल प्रविष्टि सहित कठोर प्रशासनिक कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने पिछले एक माह में प्राप्त असंतोषजनक फीडबैक वाले संदर्भों को चिन्हित करते हुए निर्देश दिए कि ऐसे प्रकरणों की पुनः जांच कर गुणवत्तापूर्ण निस्तारण कराया जाए। राजस्व विभाग से संबंधित शिकायतों के पुनरीक्षण हेतु अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व तथा अन्य विभागीय शिकायतों हेतु मुख्य विकास अधिकारी को जिम्मेदारी सौंपी गई। डीएम ने निर्देश दिए कि सभी अधिकारी प्रतिदिन कार्यालय पहुंचने के उपरांत सर्वप्रथम पोर्टल का अवलोकन करें तथा लंबित शिकायतों की समीक्षा कर उनका निस्तारण स्वयं की निगरानी में सुनिश्चित करें। यदि कोई शिकायत संबंधित अधिकारी के कार्यक्षेत्र से संबद्ध नहीं हैए तो उसे उसी दिन अथवा अधिकतम अगले दिन संबंधित विभाग को वापस किया जाए। उन्होंने निर्देशित किया कि किसी भी संदर्भ को डिफाल्टर श्रेणी में जाने से पूर्व कम से कम पांच दिन पहले गुणवत्तापूर्ण एवं स्पष्ट निस्तारण आख्या पोर्टल पर अपलोड कर दी जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि जिन अधिकारियों की लापरवाही से शिकायतकर्ताओं का फीडबैक खराब होगा एवं जनपद की रैंकिंग प्रभावित होगी, उनके विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी। शिकायतों के निस्तारण में किसी भी प्रकार की शिथिलता अथवा उदासीनता स्वीकार नहीं की जाएगी। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व, अपर जिलाधिकारी न्यायिक, उपजिलाधिकारी सदर सहित विभिन्न विभागों के संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।



बैठक लेती डीएम

## दवा लेने आयी महिला के बच्ची के पैर से संदिग्ध महिला ने उतारी पायल



आरोपी महिला को ले जाती पुलिस

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।**

जनपद एटा के थाना अलीगंज क्षेत्र के गांव बिजैदेपुर निवासी मीनू अपनी डेढ़ साल की पुत्री सुकून के साथ अपने मायके क्षेत्र के गांव हंसापुर गोराई आई थी। शुक्रवार को वह अपनी बच्ची और मां रामसखी के साथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में इलाज कराने आई थी। इसी दौरान पास में खड़ी एक महिला वुर्खे वाली ने बच्ची को गोद में लेकर खिलाने के बहाने लगी, तभी मीनू पर्चा बनवाने के लिए काउंटर पर चली गई। कुछ देर बाद जब वह वापस लौटी तो उसकी नजर बच्ची के पैर पर पड़ी तो बच्ची के पैर से पायल गायब थी। इस पर मीनू और उसकी मां ने बुर्खे वाली महिला की तलाश शुरू कर दी, लेकिन बुर्खे वाली महिला सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र की ऊपरी मंजिल स्थित लैब के पास खड़ी मिल गई। वहां महिला पर पायल उतारने का आरोप लगाते हुए दोनों मे नोकझोंक होने लगी। देखते ही देखते मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। वहाँ पर मौजूद लोंगो ने महिलाओं की मदद से वुर्खे वाली महिला को पकड़ लिया और उसे कमरे में लेजाकर तलाशी लेने पर उसके पास से पायल बरामद हो गई। वहाँ पर मौजूद लोगों ने सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंचे कस्बा चौकी इन्चार्ज अंकुर भाटी, कांस्टेबिल विजय गूर्जर, कांस्टेबिल सचिन सहित महिला कांस्टेबिल के साथ पहुँचकर महिला को अपनी हिरासत में ले लिया।

## मैसर्स किसान एजेन्सीज पपियापुर पर मिला संदिग्ध बीज शोधक रसायन इलेक्ट्रॉन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** मैसर्स किसान एजेन्सीज पपियापुर सेन्ट्रल जेल के प्रतिष्ठान पर यू.पी.एल. कम्पनी के संदिग्ध उत्पाद इलेक्ट्रॉन पाये जाने पर कार्यवाही की गई है। उप कृषि निदेशक ने बताया कि गया कि मैसर्स किसान एजेन्सीज पपियापुर सेन्ट्रल जेल सातनपुर मण्डी रोड के प्रतिष्ठान पर यू.पी.एल. कम्पनी का संदिग्ध बीज शोधक रसायन इलेक्ट्रॉन प्राप्त हुआ है, जिसकी जाँच तत्काल की जानी है। जिसके क्रम में तत्काल उप कृषि निदेशक एवं जिला कृषि निदेशक की संयुक्त टीम ने मैसर्स किसान एजेन्सीज पपियापुर सेन्ट्रल जेल सातनपुर मण्डी रोड के प्रतिष्ठान पर छापा डालकर जाँच पडताल की गई। जाँच के दौरान प्रो. शिवम अग्रवाल पुत्र राजकमल अग्रवाल द्वारा बताया गया कि उक्त रसायन मैलर्स अभय एग्रो ट्रेडर्स नेरा रोड कन्नौज से प्राप्त किया है। रसायन की कुल मात्रा 2520 लीटर है, जिसका मूल्य पच्चीस लाख बीस हजार रूपये है। प्रो. शिवम अग्रवाल से गहन जाँच पड़ताल करने पर बताया गया कि उक्त रसायन पांचाल घाट के पास लालू यादव के प्लाट पर मौजूद है। कृषि रसायन की बोतलो पर विनिर्माण , अवसान तिथि एवं बैच नम्बर न होने से प्रथम दृष्टयता रसायन नकली प्रतीत हो रहा है। उक्त रसायन को सीज कर करते हुए राजकीय कृषि रक्षा केन्द्र बुढ़नामऊ पर सुरक्षित रखा गया है। रसायन की गुणवत्ता की जाँच हेतु नमूना लेकर प्रयोगशाला भेजा जा रहा है। इस दौरान वहाँ पर गवाह अमित पुत्र राजेश ग्राम अवापुखरी कमालगंज, बॉबी एवं प्रो. शिवम अग्रवाल उपस्थित रहे। यू.पी.एल. कम्पनी को भी प्रकरण के सम्बन्ध में अवगत करा दिया है। इस प्रकरण में कीटनाशी अधिनियम 1968 एवं नियमावली 1971 एवं भारतीय न्याय संहिता 2023 के विभिन्न प्रावधानों के तहत सम्बन्धित के विरुद्ध कार्यवाही की जा रही है।

## कर्मचारियों व लाइनमैनों के लिए विद्युत वितरण उपखंड पर कार्यशाला का हुआ आयोजन

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।**

विद्युत वितरण उपखंड में 8 मई को दोपहर व्यापक कार्यशाला का आयोजन किया गया। उपखंड अधिकारी धर्मेंद्र कुमार राजपूत की अध्यक्षता में आयोजित कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य विद्युत वितरण प्रणाली में सुधार लाना था। इसमें विद्युत वितरण से जुड़े सभी कर्मचारी, लाइनमैन और तकनीकी स्टाफ शामिल हुए। कार्यशाला में 33/11केवीए सबस्टेशन की कार्यप्रणाली पर विस्तृत प्रशिक्षण दिया गया। इसके अतिरिक्त, वितरण ट्रांसफॉर्मर की सुरक्षा व्यवस्था और फ्यूज वायर के सही चयन व रेटिंग के बारे में संपूर्ण जानकारी साझा की गई। कर्मचारियों को डिजिटल मीटर और स्मार्ट मीटर को पढ़ने की विधि का प्रदर्शन भी किया गया। सुरक्षा उपकरणों के महत्व पर विशेष जोर दिया गया और यूपीपीसीएल के मानकों व नियमों का विस्तृत विवरण प्रदान किया गया। लाइनमैन की दैनिक जिम्मेदारियों पर विचार-विमर्श हुआ और विद्युत वितरण में सुधार के तरीकों पर चर्चा की गई। सभी कर्मचारियों को उपभोक्ताओं के 100 कॉल रिसीव करने के लिए निर्देशित किया गया। कार्यशाला के प्रमुख उद्देश्यों में कर्मचारियों की जानकारी में वृद्धि, तकनीकी ज्ञान बढ़ाकर सेवा की गुणवत्ता में सुधार, ग्राहकों को निर्बाध विद्युत आपूर्ति प्रदान करना, उपकरणों के नुकसान को न्यूनतम करना, कौशल विकास को बढ़ावा देना और सुरक्षा मानकों को बनाए रखना शामिल था। कार्यशाला से विद्युत वितरण की गुणवत्ता में निरंतर सुधार, उपकरणों की अनावश्यक ट्रिपिंग में कमी, ग्राहक शिकायतों का तेजी से समाधान और सुरक्षा संबंधी दुर्घटनाओं में कमी आने की उम्मीद है। इससे कर्मचारियों का बेहतर प्रशिक्षण और कौशल विकास होगा। कार्यशाला में अवर अभियंता वसीम रजा, जुनेद आलम, दीपक कुमार राम, उपकेंद्र नोडल अधिकारी राजेंद्र सिंह पटेल, अंशुल दिवाकर, नीरज कुमार सहित लाइनमैन, संविदाकर्मी, तकनीकी सहायक और अन्य स्टाफ सदस्य उपस्थित थे।

# कालिंद्री एक्सप्रेस को फर्रुखाबाद तक चलाये जाने की मांग

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

नगर उद्योग व्यापार मण्डल मिश्रा गुट ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर प्रधानमंत्री व रेल मंत्री संबोधित ज्ञापन एडीएम को सौंपकर ट्रेन न0-14117 व 14118 कालिंद्री एक्सप्रेस को नए रूट से नहीं चलाकर भिवानी से पुरानी दिल्ली होकर फर्रुखाबाद जंक्शन तक या कन्नौज तक चलाने की मांग की है। पीएम व रेल मंत्री को भेजे गये ज्ञापन में कहा कि फर्रुखाबाद से पुरानी दिल्ली तक कालिंदी एक्सप्रेस ट्रेन लगभग 40 वर्ष पहले पूर्व सांसद खुर्शीद आलम ने फर्रुखाबाद से दिल्ली तक चलवाई थी जो दिल्ली तक जाने वाली एक मात्र ट्रेन है। जिसको बढ़ाकर कानपुर सेंट्रल कर दिया गया था। अब उसको और बढ़ाकर प्रयाग राज से भिवानी तक कर दिया गया।


एडीएम को ज्ञापन सौंपते व्यापारी नेता

जिससे कन्नौज, गुरसहायगंज, कमालगंज, फतेहगढ़, फर्रुखाबाद, कायमगंज व हरदोई मैनपुरी भोगांव आदि के व्यापारियों व आम जनता को काफी राहत है, जबकि कालिंदी एक्सप्रेस बराबर भरकर जाती और आती है। अब जानकारी प्राप्त हो रही है की कानपुर में रावतपुर एवं कल्याणपुर रेलवे स्टेशन पर लाइन को शिफ्ट किया जा रहा है, जिसके कारण कालिंदी एक्सप्रेस ट्रेन को भिवानी व पुरानी दिल्ली से शिकोहाबाद वाया इटावा होकर कानपुर सेंट्रल तक चलाने का रेलवे ने फैसला लिया है, जबकि उक्त ट्रेन केवल फर्रुखाबाद के व्यापारियों व आम जनता के लिए चलाया गया था। कानपुर एवं प्रयागराज से दिल्ली तक दर्जनों ट्रेन चलती है, फर्रुखाबाद से केवल एक मात्र कालिंदी एक्सप्रेस ट्रेन ही है, उसके भी बंद हो जाने से फर्रुखाबाद के व्यापारियों व आम जनता को काफी परेशानी होगी। व्यापारियों का व्यापार भी संकट में आ जाएगा तथा व्यापार चौपट हो जाएगा।

नगर उद्योग व्यापार मंडल मिश्रा गुट ने रेल मंत्री से मांग की है कि जब तक कानपुर रावतपुर व कल्याणपुर रेलवे की लाइन पर काम चलता है, तब तक फर्रुखाबाद से पुरानी दिल्ली तक जाने वाली एक मात्र कालिंदी एक्सप्रेस ट्रेन को भिवानी से फर्रुखाबाद जंक्शन तक या कन्नौज तक चलाने एवम फर्रुखाबाद से दिल्ली तक एक सुबह के समय एक नई एक्सप्रेस ट्रेन चलवाने की मांग की है। नई ट्रेन मिल जाने से फर्रुखाबाद जंक्शन एवं आसपास के जनपदों के हजारों लोगों को राहत मिलेगी। इस मौके पर नगर अध्यक्ष हाजी मो0 इखलाक खान, नगर महामंत्री राकेश कुमार सक्सेना, रामजी पाठक, राजन रॉय, जॉली राजपूत, अंकुर श्रीवास्तव, ठाकुर सर्वेंद्र सिंह, सरदार जगदीप सिंह छाबड़ा, आनंद प्रकाश मुन्ना गुप्ता, महिला जिलाध्यक्ष सोनी शुक्ला, प्रीति गुप्ता, अरुण कुमार अग्निहोत्री, मनोज कुमार बाजपेयी, आनंद भान शाक्य, डॉ0 महेंद्र कुमार श्रीवास्तव, दिलीप गुप्ता, गोपाल राजपूत, आफताब अंसारी, राशिद सिद्दीकी, लईक सिद्दीकी, जीशान फारूकी आदि मौजूद रहे।

# ऑनलाइन बिक्री के विरोध में केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट एसो. ने सांसद को सौंपा ज्ञापन

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट एसोसिएशन के प्रतिनिधिमंडल ने सांसद मुकेश राजपूत के आवास पर पहुंचकर स्वास्थ्य मंत्री संबोधित ज्ञापन सौंपा। जिसमें दवा की ऑनलाइन बिक्री बंद करने की मांग उठाई। इसके साथ ही आगामी 20 मई को होने वाले देशव्यापी बंद की अग्रिम सूचना दी। स्वास्थ्य मंत्री संबोधित दिये गये ज्ञापन में कहा कि दावाओओं कीऑनलाइन बिक्री के चलते दुकानदारों को घाते का सामना करना पड़ रहा है, इसके अलावा अन्य और भी समस्याएं हैं। विभिन्न तरीके से दवा विक्रेताओं को परेशान किया जाता है, कभी किसी धारा को लेकर तो कभी किसी जीआरएस को लेकर, दवा विक्रेताओं का मानसिक उत्पीड़न किया जाता है, जो बंद होना चाहिए। ज्ञापन में अवगत कराया गया कि यदि मांगे नहीं मानी गई तो आगामी 20 मई को संगठन


सांसद को ज्ञापन सौंपते एसो के पदाधिकारी

के बैनर तले दवा व्यवसाय पूरी तरह से देश स्तर पर बंद रहेगा। ज्ञापन देने वालों में अध्यक्ष रवि शंकर चौहान, मंत्री मनोज मिश्रा, रजनीश कटियार, मोहित चौहान, कुनाल, मोहित चौहान, प्रशांत शाक्य, सूरज यादव, प्रदीप सिंह, अनिल सक्सेना, अनुपम पांडेय आदि शामिल रहे।

# संचालित अवैध अस्पतालों पर भाजपा नेता ने की कार्यवाही की मांग


ज्ञापन देने के बाद जानकारी देते भाजपा नेता

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

भाजपा के फतेहगढ़ मंडल महामंत्री सुमित कटियार के नेतृत्व में लोगों ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर जनपद में अमानक रुप से संचालित अस्पतालों के विरुद्ध कार्यवाही न होने व डा0 एके गुप्ता द्वारा कई अस्पतालों के संचालन की जांच कराये जाने की मांग की है। जिले की स्वास्थ्य विभाग के द्वारा संचालित अवैध अस्पतालों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की गई। दिये गये ज्ञापन में दर्शाया कि 30 अप्रैल को भी एक शिकायती पत्र दिया गया था। जिसमें बताया गया था डॉ0 एके गुप्ता द्वारा अवैध रूप से लगभग एक दर्जन अस्पताल संचालित है जो भी अस्पताल संचालित हैं उसे पर संचालक का नाम होता है, जबकि नियम अनुसार अस्पताल में एक एमबीबीएस डॉक्टर होना अति आवश्यक है। तीन दिन पूर्व गायत्री हॉस्पिटल में एक महिला का भी ऑपरेशन दौरान मृत्यु हो गई थी, जिसमें ऑपरेशन करना डॉक्टर एके गुप्ता को बताया गया है, जबकि डॉक्टर एके गुप्ता की फोन की लोकेशन बाहर, गायत्री हॉस्पिटल के सीसीटीवी की जांच कराई जाए तो यह पाया जाएगा कि डॉक्टर एके गुप्ता हॉस्पिटल में मौजूद ही नहीं थे। कार्रवाई के नाम पर गायत्री हॉस्पिटल सीज करना अन्य कोई मुकदमा पंजीकृत ना करना, इससे पूर्व में भी कुलवंती हॉस्पिटल भी सीज किया गया था, परंतु दोबारा संचालित कर दिया गया, आदि मांगे शामिल है। वहीं मसेनी स्थित अवैध अस्पतालों की मण्डी की जांच करायी। वहीं नोडल अधिकारी डा0 रंजन गौतम के विरुद्ध जांच कराकर कार्यवाही की मांग की है। इस दौरान रमला राठौर, अमन गुप्ता, सुनील गुप्ता, रोहित कटियार, गौरव कटियार आदि मौजूद रहे।

## कालिंदी एक्सप्रेस के रूट डायवर्जन के विरोध में किसान यूनियन ने सौंपा ज्ञापन

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। भारतीय किसान यूनियन भानु द्वारा कालिंदी एक्सप्रेस ट्रेन के रूट डायवर्जन के विरोध में रेलमंत्री संबोधित ज्ञापन सांसद मुकेश राजपूत के माध्यम से भेजा गया। जिसमें ट्रेन को पूर्व की भांति संचालित रखने की मांग की गई है। ज्ञापन में कहा गया कि गाड़ी संख्या 14117 एवं 14118 कालिंदी एक्सप्रेस फर्रुखाबाद जनपद के नागरिकों के लिए दिल्ली आने-जाने का प्रमुख साधन है। रेलवे अधिकारियों द्वारा रूट डायवर्जन किए जाने की घोषणा से क्षेत्रवासियों में भारी रोष व्याप्त है। किसान यूनियन भानु ने कहा कि कालिंदी एक्सप्रेस बंद होने या रूट बदलने से सेना के जवानों, व्यापारियों, किसानों, छात्रों, मरीजों एवं आम नागरिकों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ेगा। संगठन ने रेलमंत्री से मांग की है कि ट्रेन को फर्रुखाबाद से भिवानी तक पूर्व की तरह संचालित किया जाए। ज्ञापन में चेतावनी दी गई कि यदि कालिंदी एक्सप्रेस का रूट डायवर्जन किया गया तो किसान यूनियन बड़ा आंदोलन करने के लिए बाध्य होगी, जिसकी समस्त जिम्मेदारी रेलवे प्रशासन की होगी। इस अवसर पर जगपाल सिंह राठौर, रिजवान अहमद ताज, अवनीश अग्निहोत्री, शाकिर अली मंसूरी, पूजा सक्सेना, कुमकुम चौहान, राजेंद्र सिंह परिहार, मुन्ना राठौर, विकास राठौर, छपाल सिंह, नरेंद्र वर्मा, संतोष सिंह शाक्य, श्याम सुंदर, उदित मिश्रा, रामलाल गुप्ता एवं मो0 तारिक बशीर सहित कई लोग मौजूद रहे।

## युवा ही विकसित भारत 2047 की सबसे बड़ी ताकतः शुभी पाठक


शुभी पाठक

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। जनपद की प्रतिभाशाली बेटी शुभी पाठक ने यूथ पार्लियामेंट प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए जिला स्तर पर द्वितीय स्थान प्राप्त किया और राज्य स्तर पर उत्तर प्रदेश विधानसभा तक पहुंचकर जिले का नाम गौरवान्वित किया। 1 से 3 मई तक माय भारत द्वारा आयोजित यूथ पार्लियामेंट कार्यक्रम का शुभारंभ विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना द्वारा किया गया। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में निर्णायक मंडल के रूप में कायमगंज की विधायक डॉ. सुरभि तथा लखनऊ के विधायक नीरज बोरा मौजूद रहे, जिन्होंने प्रतिभागियों के प्रदर्शन का मूल्यांकन किया। शुभी पाठक ने यूनियन बजट 2027 एवं विकसित भारत 2047 विषय पर अपने प्रभावशाली विचार प्रस्तुत किए, जिससे उपस्थित सभी लोग प्रभावित हुए। शुभी पाठक ने युवाओं की भूमिका पर जोर देते हुए कहा कि यदि युवा सही दिशा में कार्य करें तो भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का लक्ष्य आसानी से प्राप्त किया जा सकता है। शुभी पाठक ने शिक्षा, रोजगार, नवाचार और तकनीकी ज्ञान को देश के विकास का मुख्य आधार बताया।

# बालश्रम, भिक्षावृत्ति, बाल विवाह रोकने के लिए किया जागरुक


बैठक को संबोधित करते सचिन सिंह

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

विकासखण्ड राजेपुर में मिशन वात्सल्य योजना के अंतर्गत गठित ब्लॉक बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति की बैठक का आयोजन ब्लॉक प्रमुख डॉ0 पल्लव सोमवंशी एवं खण्ड विकास अधिकारी सुनील जायसवाल की अध्यक्षता में किया गया। डॉ. पल्लव सोमवंशी ने बच्चों के मानसिक स्तर को लेकर गंभीर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि आज बच्चे मोबाइल की बुरी लत के कारण अपनी आंखों की रोशनी गवां रहे हैं, साथ ही उनके मानसिक स्वास्थ्य पर गहरा असर पड़ रहा है। आज के समय में प्रत्येक माता-पिता का दायित्व है कि अपने बच्चों को मोबाइल का अधिक प्रयोग न करने दें। खण्ड विकास अधिकारी सुनील जायसवाल ने बच्चों के सशक्तिकरण हेतु संचालित योजनाओ जैसे मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना (सामान्य) न आदि के संबंध में लाभान्वित कराए जाने एवं ग्राम स्तर पर गठित ग्राम बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति की नियमित बैठक कराकर गांव समुदाय में कठिन परिस्थितियों में रह रहे बच्चों को चिन्हित करने हेतु कहा गया। बाल संरक्षण अधिकारी सचिन सिंह ने मानव तस्करी, बाल श्रम, बाल भिक्षावृत्ति, बाल विवाह, चाइल्ड हेल्पलाइन नम्बर 1098, इमरजेंसी नम्बर 112, 108, 102, 1090, 18 और कहा कि अपने बच्चों तथा अपने आसपास के बच्चों को शिक्षा दें कि यदि उनके साथ कुछ गलत व्यवहार हो रहा हो, तो वे अपने माता पिता अथवा अभिभावक को जरूर सूचित करें, जिससे कि बच्चों को किसी बड़ी मुसीबत में पड़ने से रोका जा सके। सचिन सिंह ने साइबर अपराधों से सतर्क रहने को कहा और बताया कि अक्सर बच्चों के द्वारा अंजान लिंक को क्लिक कर दिया जाता है, जिससे बैंक खाते से साइबर ठगों द्वारा धनराशि निकाल ली जाती है। बैठक में खंड शिक्षा अधिकारी राजीव श्रीवास्तव, बाल विकास परियोजना अधिकारी मानवेंद्र सिंह, बाल कल्याण पुलिस अधिकारी, खण्ड चिकित्साधिकारी, आंकड़ा विश्लेषक सुनील वर्मा, आउटरीच कार्यकर्ता संदीप सक्सेना आदि उपस्थित रहे।

## व्यापारियों ने मनाई श्याम बिहारी मिश्रा की जयंती


जयंती पर पुष्प अर्पित करते व्यापारी

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। उद्योग व्यापार मण्डल मिश्रा गुट के संस्थापक अध्यक्ष व व्यापारी नेता पंडित श्याम बिहारी मिश्र की जयंती मनाई गयी। चौक स्थित जिलाध्यक्ष सदानंद शुक्ला ने अपने प्रतिष्ठान पर श्याम बिहारी मिश्र के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें याद किया। वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष राजकुमार उर्फ राजू ने उनके कार्यों की सराहना करते हुए याद किया। सभी व्यापारियों ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित किये। इस मौके पर सौरभ सुक्ला, गोलू छाबड़ा, सरदार तोषित प्रीत सिंह, विशाल दुबे, विजय मिश्रा, सुंदर गुप्ता, संजू रस्तोगी, अरविंद गुप्ता आदि लोग उपस्थित रहे।

## बीईओ ने प्राथमिक विद्यालय मदारपुर का किया निरीक्षण


विद्यालय का निरीक्षण करते बीईओ

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। विकास खण्ड कायमगंज के प्राथमिक विद्यालय मदारपुर का खण्ड शिक्षाधिकारी ने निरीक्षण किया। शुक्रवार को प्राथमिक विद्यालय मदारपुर में औचक निरीक्षण करने पहुंचे खंड शिक्षा अधिकारी ओमप्रकाश पाल को बच्चे एमडीएम में तहरी खाते हुए मिले। स्कूल में पंजीकृत 55 बच्चों के सापेक्ष 35 बच्चे उपस्थित मिले। प्रधानाध्यापक ने बताया कि इस सत्र में 15 बच्चों के नामांकन हो चुके हैं। सभी बच्चों को पाठ्य-पुस्तकों का वितरित गत माह ही किया जा चुका है। कक्षा में एक में कम पुस्तकें मिलने के कारण सभी बच्चों को किताबें नहीं मिल सकी। सभी बच्चों की उपस्थिति आनलाईन भेजी जा रही है। बच्चों की कक्षोन्नति तथा डीबीटी का काम भी पूरा हो चुका है। उधर विद्यालय में संचालित आंगनबाड़ी केंद्र/बाल वाटिका में सहायिका नैन्सी राजपूत की नियुक्ति हुई। प्रधानाध्यापक राजकिशोर शुक्ल एवं कार्यकत्री मेमवती ने उन्हें बधाई देकर मिठाई खिलाकर स्वागत किया। शिक्षा मित्र कमलेश राजपूत ने भी उम्मीद जताई कि अब बाल वाटिका के बच्चों को बेहतर व्यवस्था मिल सकेगी।

## क्लस्टर-4 अंडर-17 की फुटबॉल टूर्नामेंट आज

फर्रुखाबाद समृद्धि न्यूज।

आर्मी पब्लिक स्कूल सेण्टर कमाण्ड की क्लस्टर-4 की अण्डर-17 कनिष्ठ बालक वर्ग के द्विदिवसीय फुटबॉल टूर्नामेंट का शुभारम्भ रमन स्टेडियम में 9 मई को प्रातः 7 बजे होगा।

मुख्य अतिथि विद्यालय के चेयरमैन स्टेशन कमाण्डर सिखलाई रेजीमेंट सेण्टर के ब्रिगेडियर मनीष कुमार जैन होंगे। टूर्नामेंट में आर्मी पब्लिक स्कूल फतेहगढ़ कैण्ट, आर्मी पब्लिक स्कूल बरेली और आर्मी पब्लिक स्कूल एलबीएस मार्ग लखनऊ की टीम हिस्सा ले रही हैं। फाइनल 10 मई को होगा।

यह जानकारी विद्यालय के कार्यवाहक प्रधानाचार्य नितिन चतुर्वेदी ने दी।

# आपरेशन सिन्दूर की प्रथम वर्षगांठ पर कार्यक्रम का हुआ आयोजन

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

आर्मी पब्लिक स्कूल फतेहगढ़ कैण्ट में 6 मई 2025 को शुरू हुए आपरेशन सिन्दूर की प्रथम वर्षगांठ पर विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। चेयरमैन और स्टेशन कमाण्डर सिखलाई रेजीमेंट सेण्टर के ब्रिगेडियर मनीष कुमार जैन के निर्देशन में सिखलाई रेजीमेंट सेण्टर के मेजर पी0एन0 कपूर और मेजर वी0एस0 चन्देल ने संयुक्त रूप से आपरेशन सिन्दूर की 6 मई से लेकर 10 मई 2025 के दौरान किये गये आपरेशन और उसमें हमारी जल, थल और वायु सेना की बहादुरी के साथ पाकिस्तान के विभिन्न आतंकवादी संगठनों तथा उनके ठिकानों को तबाह कर पहलगाम


कार्यक्रम में मौजूद सैन्य अधिकारी व विद्यार्थी

अटैक का बदला लेने का प्रोजेक्टर के माध्यम से प्रस्तुतीकरण देकर सभी विद्यार्थियों को उसकी जानकारी दी। उन्होंने बताया कि पाकिस्तान में सयेदा बिलाल, कोटली गुलपुर, अब्बास कोटली, मरकाज टाइवा मुरिदके आदि लगभग 10 आतंकवादी ठिकानों पर आक्रमण कर हमने 102 आतंकवादियों को मार गिराया और उनके ठिकानों को तबाह कर दिया। उन्होंने पाकिस्तान के द्वारा किए गए उरी, मुम्बई, नगरोटा, दिल्ली में संसद भवन पर किये गये नापाक आतंकवादी हमलों का उल्लेख करते हुए कहा कि जब जब पाकिस्तान के द्वारा भारत में सुख और शान्ति भंग करने का प्रयास किया गया तब-तब उसे अपने मुंह की खानी पड़ी है। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के संगीत शिक्षकों आस्तिकी मिश्रा, नैन्सी और आकर्ष के द्वारा एक देशभक्ति गीत तथा राष्ट्र गीत प्रस्तुत किया गया। विद्यालय की छात्रा अंशिका सिंह ने देशभक्ति गीत पर एकल नृत्य प्रस्तुत कर दर्शकों को तालियां बजाने के लिए मजबूर कर दिया। नहीं कक्षा 6 की छात्राओं के द्वारा किये गये हील आफद वर्ल्ड गीत पर समूह नृत्य की सभी के द्वारा सराहना की गई। मुख्य अतिथि की पायलिटिंग 12 यूपी एनसीसी बटालियन के कैडिट अखिल प्रताप और अनमोल दीक्षित ने की। मुख्य अतिथि का स्वागत विद्यालय के कार्यवाहक प्रधानाचार्य नितिन चतुर्वेदी ने किया। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ। संचालन अनुराधा मुखर्जी और मोहिनी चतुर्वेदी ने किया।

# कार्यालय नगर पालिका परिषद फर्रुखाबाद-फतेहगढ़

पत्रांक 162/1-30/2026-27 — दिनांकः-07/05/2026

## निविदा सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पालिका परिषद, फर्रुखाबाद में 15वाँ वित्त आयोग अनटाइड/राज्य वित्त आयोग/पालिका निधि मद में उपलब्ध धनराशि से पालिका के निर्माण विभाग में शासनादेश संख्या 3890/नौ-5-19-149सा/2019 दिनांक 20 सितम्बर, 2019 के अधीन निम्न सारणी अनुसार निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक फर्म/एजेन्सी/कम्पनी/ठेकेदार दिनांक 16/05/2026 समय 4.00 बजे तक सील बन्द निविदा दे सकते है। निविदा पत्र, निविदा आमंत्रण तिथि से एक दिन पूर्व तक किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय से निर्धारित मूल्य जमा कर प्राप्त किये जा सकते है। प्राप्त निविदा दिनांक 16/05/2026 सायंकाल 4.30 बजे उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष खोली जायेगी। निविदा के साथ लागत की 10 प्रतिशत जमानत राशि अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका परिषद, फर्रुखाबाद के नाम बन्धक होगी, जो एन0एस0सी0/एफ0डी0आर0/नगद जमा रसीद फार्म-5/टी0डी0आर0 के रूप में ही स्वीकार की जायेगी। बिना जमानत राशि व सशर्त निविदा पर विचार नहीं किया जायेगा। निविदा को स्वीकार/अस्वीकार करने का अधिकार पालिका के सक्षम अधिकारी को सुरक्षित रहेगा। तकनीकी परीक्षण के दौरान आगंणन में हुआ विचलन ही मान्य होगा। नियम व शर्ते कार्यालय कार्य दिवस में अवलोकन कर सकते है।

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | आगंणन राशि | निविदा मूल्य + जी0एस0टी0 | धरोहर राशि 10 प्रतिशत | कार्य पूर्ण का समय |
|---|---|---|---|---|---|
| | **राज्य वित्त आयोग/पालिका निधि** | | | | |
| 1 | वार्ड सं0 08 कादरी गेट मारवाड़ी मोहल्ला रामनिवास गुप्ता के मकान से चरनसिंह के मकान तक तथा रजत के मकान से लाल बहादुर के मकान तक नाली व सड़क इण्टरलॉक निर्माण कार्य। | 133000.00 | 236.00 | 13300.00 | तीन माह |
| 2 | वार्ड सं0 19 मो0 ग्वालटोली में चिन्दल यादव के मकान से सुर्जीत के मकान तक नाली व सड़क इण्टरलॉक निर्माण कार्य। | 148000.00 | 236.00 | 14800.00 | तीन माह |
| 3 | वार्ड सं 02 मो0 नरायनपुर में रामपाल के मकान से आशीष राठौर के मकान तक नाली व सड़क इण्टरलॉक निर्माण कार्य। | 956000.00 | 1180.00 | 95600.00 | तीन माह |
| 4 | वार्ड सं0 36 मो0 सिविल लाइन (बरगदियाघाट) में जनपद न्यायालय के आवासीय परिसर में मुकेश सक्सेना के आवास से अनुराग पाण्डेय के आवास तक, अमर सिंह के आवास से ब्रजेश सिंह के आवास तक व लिंक गली अनुराग व नवीन सैनी के आवास तक तक नाली व सड़क इण्टरलॉक निर्माण कार्य। | 678000.00 | 826.00 | 67800 | तीन माह |
| 5 | वार्ड सं0 25 लाल दरवाजा पराग मिल्क से लिंजीगंज मोड़ तक नाला मरम्मत एवं फुटपाथ निर्माण कार्य। | 393000.00 | 472.00 | 39300.00 | तीन माह |
| 6 | नगर पालिका परिसर में ई रिक्शा चार्जिंग के सामने मस्जिद के बाहर सड़क इण्टरलॉक सीढ़ी व बाउन्ड्रीवॉल निर्माण का कार्य | 760000.00 | 944.00 | 76000.00 | तीन माह |
| 7 | वार्ड सं0 28 मो0 खटकपुरा इज्जत खाँ में फजल मान्टेसरी स्कूल से नफीस भाई के मकान तक नाली इण्टरलॉक एवं आर0सी0सी0 पुलिया निर्माण कार्य। | 213000.00 | 354.00 | 21300.00 | तीन माह |
| 8 | वार्ड सं0 28 मो0 खटकपुरा इज्जत खाँ में असद टेलीकॉम से विनोद सुनार वालों के मकान तक नाली इण्टरलॉक एवं आर0सी0सी0 पुलिया निर्माण कार्य। | 457000.00 | 590.00 | 45700.00 | तीन माह |
| 9 | नगर पालिका परिसर में ई रिक्शा चार्जिंग के सामने कच्चे पड़े मैदान पर इण्टरलॉक निर्माण का कार्य। | 957000.00 | 1180.00 | 95700.00 | तीन माह |
| 10 | वार्ड सं0 18 मो0 कांशीराम कॉलोनी हैवतपुर गढ़िया में ब्लाक नं0 40 से ब्लाक नं0 45 तक नाली सड़क इण्टरलॉक निर्माण कार्य। (पीछे वाली) | 743000.00 | 944.00 | 74300.00 | तीन माह |
| 11 | वार्ड सं0 01 मो0 न्यू आदर्श कॉलोनी बंधौआ में राहुल के मकान से अनिल कठेरिया के मकान तक नाली व सड़क इण्टरलॉक निर्माण कार्य। | 265000.00 | 354.00 | 26500.00 | तीन माह |
| 12 | वार्ड सं0 02 मो0 सातनपुर में बबलू यादव के मकान से साधना श्रीवास्तव के मकान तक नाली व सड़क इण्टरलॉक निर्माण कार्य। | 456000.00 | 590.00 | 45600.00 | तीन माह |
| 13 | वार्ड सं0 02 मो0 सातनपुर में नन्दकिशोर के मकान से रामकृपाल के मकान से होते हुये शिवम दुबे के मकान तक नाली व सड़क इण्टरलॉक निर्माण कार्य। | 677000.00 | 826.00 | 67700.00 | तीन माह |
| 14 | मो0 बढ़पुर में मुख्य मार्ग पर पेट्रोल पम्प के सामने MRP99 से रामलीला गढ्ढा तक फुटपाथ निर्माण कार्य। | 631000.00 | 826.00 | 63100.00 | तीन माह |
| 15 | मो0 बढ़पुर में रोडवेज बस अड्डा के बाहर फुटपाथ निर्माण कार्य। | 862000.00 | 1062.00 | 86200.00 | तीन माह |
| 16 | विशाल मेगा मार्ट के सामने फुटपाथ निर्माण एवं नाला मरम्मत कार्य। | 333000.00 | 472.00 | 33300.00 | तीन माह |
| 17 | वार्ड सं0 07 मो0 अंगूरीबाग व छावनी में संलग्न सूची के अनुसार विभिन्न स्थानों पर नाली व सड़क इण्टरलॉक मरम्मत व आर0सी0सी0 स्लैब व जाल डालने का कार्य। | 304000.00 | 472.00 | 30400.00 | तीन माह |
| 18 | मो0 रकाबगंज में कटरा बक्शी मोड़ शकील माल वाले की दुकान से तिकोना चौकी बजरिया मोड़ मस्जिद तक व तिकोना चौकी से तहसील मोड़ तक फुटपाथ इण्टरलॉक व नाली गोटा निर्माण कार्य। | 940493.00 | 1180.00 | 94049.00 | तीन माह |
| | **15वाँ वित्त आयोग (अनटाइड)** | | | | |
| 19 | वार्ड सं0 1 मो0 नेकपुर चौरासी में पूजा बैटरी के पास आर0सी0सी0 पुलिया निर्माण कार्य। | 887000.00 | 1062.00 | 88700.00 | तीन माह |
| 20 | वार्ड सं0 1 मो0 टीला मसेनी में कृष्णा अस्पताल के सामने अर्जुन के मकान से सियाराम के मकान तक नाली सड़क इण्टरलॉक निर्माण कार्य। | 397000.00 | 472.00 | 39700.00 | तीन माह |

**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद, फर्रुखाबाद**

**अध्यक्ष**
**नगर पालिका परिषद, फर्रुखाबाद**

# आईजीआरएस निस्तारण में गोला तहसील प्रदेश में नंबर-1

**एसडीएम प्रतीक्षा त्रिपाठी के नेतृत्व में मिली बड़ी उपलब्धि**

**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज़।**

मुख्यमंत्री जनसुनवाई पोर्टल (आईजीआरएस) पर शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण और समयबद्ध निस्तारण में गोला तहसील ने एक बार फिर प्रदेश स्तर पर पहला स्थान हासिल कर अपनी कार्यशैली का लोहा मनवाया है। जारी रैंकिंग में गोला तहसील को 100 में 100 अंक प्राप्त हुए हैं। इस उपलब्धि के बाद प्रशासनिक महकमे में खुशी की लहर है। खास बात यह है कि गोला तहसील पूर्व में भी आईजीआरएस निस्तारण और जनशिकायतों के गुणवत्तापूर्ण समाधान में बेहतर प्रदर्शन करती रही है। कई बार प्रदेश और मंडल स्तर पर उत्कृष्ट रैंकिंग प्राप्त कर चुकी गोला तहसील ने एक बार फिर अपनी कार्यकुशलता साबित की है। प्रदेश स्तरीय रैंकिंग में गोला तहसील ने न सिर्फ जनपद खीरी बल्कि पूरे उत्तर प्रदेश की तहसीलों में शीर्ष स्थान प्राप्त किया। आंकड़ों के अनुसार गोला तहसील को पूर्णांक 100 में से 100 अंक मिले और 100 प्रतिशत प्रदर्शन के साथ इसे प्रदेश में रैंक-1 हासिल हुई।



जनपद की अन्य तहसीलों का प्रदर्शन भी संतोषजनक रहा। लखीमपुर, निघासन और मितौली तहसीलों को 99-99 अंक प्राप्त हुए, जबकि पलिया तहसील को 98 और धौरहरा तहसील को 97 अंक मिले। वहीं मोहम्मदी तहसील को 85 अंक प्राप्त हुए। इस तरह खीरी जनपद की अधिकांश तहसीलों ने आईजीआरएस निस्तारण में बेहतर प्रदर्शन दर्ज कराया, लेकिन गोला तहसील ने पूर्णांक हासिल कर सबसे अलग पहचान बनाई।

एसडीएम प्रतीक्षा त्रिपाठी ने पदभार संभालने के बाद से ही जनशिकायतों के त्वरित निस्तारण को प्राथमिकता में रखा। तहसील दिवस, आईजीआरएस पोर्टल और जनसुनवाई में आने वाली शिकायतों की वह स्वयं नियमित समीक्षा करती रहीं। लंबित प्रकरणों पर संबंधित अधिकारियों से जवाब-तलब किया गया और शिकायतकर्ता की संतुष्टि सुनिश्चित करने पर विशेष जोर दिया गया। यही कारण रहा कि गोला तहसील शिकायत निस्तारण की गुणवत्ता और समयबद्ध कार्रवाई में प्रदेश में अव्वल रही।

एसडीएम प्रतीक्षा त्रिपाठी ने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप आमजन की समस्याओं का त्वरित, पारदर्शी और गुणवत्तापूर्ण समाधान प्रशासन की प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि यह उपलब्धि पूरी तहसील टीम के सामूहिक प्रयास का परिणाम है। आगे भी इसी तरह जनसमस्याओं के निस्तारण में संवेदनशीलता और जवाबदेही के साथ कार्य किया जाएगा।तहसील प्रशासन की ओर से शिकायतों के निस्तारण में तकनीकी मॉनिटरिंग, नियमित फीडबैक और समयसीमा का विशेष ध्यान रखा गया। कर्मचारियों और अधिकारियों को निर्देश दिए गए थे कि किसी भी शिकायत को अनावश्यक रूप से लंबित न रखा जाए। इसका सकारात्मक असर प्रदेश स्तरीय रैंकिंग में भी दिखाई दिया। स्थानीय लोगों ने भी तहसील प्रशासन के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि पिछले कुछ समय में शिकायतों के निस्तारण की प्रक्रिया में तेजी आई है और फरियादियों को वास्तविक राहत मिल रही है। प्रदेश में पहला स्थान मिलने से तहसील कर्मचारियों और अधिकारियों का उत्साह भी बढ़ा है।

# एसडीएम मितौली की अपील: 21 मई तक करें स्व-गणना, घर बैठे भरें जनगणना फॉर्म

**मितौली में शुरू हुई स्व-गणना प्रक्रिया, 21 मई तक चलेगा अभियान**



**मितौली खीरी।** भारत की जनगणना 2027 के तहत उत्तर प्रदेश में स्व-गणना पोर्टल का शुभारंभ गुरुवार से हो गया। यह अभियान 21 मई तक संचालित किया जाएगा, जिसमें नागरिक घर बैठे ऑनलाइन माध्यम से अपनी गणना स्वयं कर सकेंगे। तहसील मितौली में उप जिला जनगणना अधिकारी मधुसूदन गुप्ता एवं तहसीलदार/चार्ज अधिकारी दिनेश कुमार ने पोर्टल पर अपनी आईडी बनाकर अभियान की शुरुआत की। इसके बाद अधिकारियों ने जिला पंचायत अध्यक्ष ओमप्रकाश भार्गव, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष सुमन सिंह, पूर्व विधायक सुनील कुमार लाला तथा पूर्व ब्लॉक प्रमुख रामखेलावन भार्गव के आवास पहुंचकर स्व-गणना प्रक्रिया भी पूरी कराई।उप जिला जनगणना अधिकारी मधुसूदन गुप्ता ने बताया कि परिवार का मुखिया se.census.gov.in पोर्टल पर मोबाइल नंबर के माध्यम से लॉगिन कर ऑनलाइन फॉर्म भर सकता है। फॉर्म में कुल 34 प्रश्नों के उत्तर देने होंगे। इसके लिए किसी भी प्रकार के दस्तावेज अपलोड करने की आवश्यकता नहीं होगी। उन्होंने बताया कि परिवार के प्रत्येक सदस्य को अलग-अलग फॉर्म भरने की जरूरत नहीं है, बल्कि परिवार का मुखिया एक ही फॉर्म में पूरे परिवार का विवरण दर्ज करेगा। उन्होंने बताया कि प्रक्रिया पूरी होने के बाद 11 अंकों की एक यूनिक आईडी प्राप्त होगी। 22 मई के बाद जब जनगणना कर्मी घर-घर पहुंचेंगे तो यह आईडी उन्हें उपलब्ध करानी होगी। सत्यापन के बाद जानकारी को अंतिम रूप से स्वीकार किया जाएगा।तहसील मितौली में अधिकारियों और कर्मचारियों ने स्व-गणना कार्यक्रम में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। उपजिलाधिकारी मितौली ने क्षेत्रवासियों से अधिक से अधिक संख्या में स्व-गणना अभियान में भाग लेने की अपील करते हुए इसे सफल बनाने का आह्वान किया।इस दौरान नायब तहसीलदार शशांक शेखर मिश्रा, तहसील नोडल फील्ड ट्रेनर सलीम अहमद, सुरेंद्र पाल सिंह, शिवम सिंह सहित अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।

## खबरें एक नजर में

### बकरा चोरी कांड का पुलिस ने किया खुलासा, दो शातिर आरोपी गिरफ्तार



**निघासन (खीरी)।** थाना पढ़ुआ पुलिस ने बकरा चोरी की घटना का खुलासा करते हुए दो शातिर आरोपियों को गिरफ्तार कर बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से चोरी किया गया बकरा तथा घटना में प्रयुक्त अपाचे मोटरसाइकिल बरामद की है। पुलिस की इस कार्रवाई से क्षेत्र में चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाने की कोशिश को मजबूती मिली है। जानकारी के अनुसार क्षेत्र में कुछ दिन पूर्व बकरा चोरी की घटना सामने आई थी, जिसके बाद पीड़ित की तहरीर पर थाना पढ़ुआ में बीएनएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर पुलिस मामले की जांच में जुट गई थी। घटना को गंभीरता से लेते हुए पुलिस अधीक्षक डॉ. ख्याति गर्ग ने जल्द खुलासे के निर्देश दिए थे। इसके बाद अपर पुलिस अधीक्षक के निकट पर्यवेक्षण तथा क्षेत्राधिकारी निघासन के मार्गदर्शन में प्रभारी निरीक्षक पढ़ुआ दिनेश कुमार शर्मा के नेतृत्व में पुलिस टीम गठित की गई। पुलिस टीम ने लगातार संदिग्धों पर नजर रखते हुए मुखबिर की सूचना पर ढखेरवा चौराहे के पास घेराबंदी कर दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गए आरोपियों की पहचान जहीम अली पुत्र नसीर अली निवासी सुन्दरवल थाना फूलबेहड़ तथा रविन्द्र पुत्र कमाता प्रसाद निवासी सुन्दरवल थाना फूलबेहड़ के रूप में हुई। तलाशी के दौरान उनके कब्जे से सफेद-काले रंग का चोरी किया गया बकरा और घटना में प्रयुक्त अपाचे मोटरसाइकिल बरामद हुई। पूछताछ में दोनों आरोपियों ने बकरा चोरी की घटना में शामिल होने की बात स्वीकार की। पुलिस के मुताबिक गिरफ्तार आरोपी जहीम अली पर पूर्व में भी चोरी समेत कई आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं। वहीं रविन्द्र के खिलाफ भी आबकारी एक्ट सहित अन्य मामलों में कार्रवाई हो चुकी है। पुलिस दोनों आरोपियों के आपराधिक इतिहास की विस्तृत जानकारी जुटा रही है। प्रभारी निरीक्षक दिनेश कुमार शर्मा ने बताया कि क्षेत्र में अपराध और अपराधियों के खिलाफ अभियान लगातार जारी है। चोरी, लूट और अन्य घटनाओं में शामिल आरोपियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि पुलिस आमजन की सुरक्षा के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है और संदिग्ध गतिविधियों की सूचना मिलने पर तत्काल कार्रवाई की जा रही है। गिरफ्तारी करने वाली टीम में प्रभारी निरीक्षक दिनेश कुमार शर्मा, उपनिरीक्षक बसन्त लाल सरोज, उपनिरीक्षक दधिबल यादव, कांस्टेबल संदीप मौर्य एवं कांस्टेबल माता प्रसाद की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

### खस्ताहाल पटरी बनी हादसों का सबब, ग्रामीणों में नाराजगी



**मितौली खीरी।** लखीमपुर-मैगलगंज मार्ग पर कचियानी मोड़ स्थित जिंद बाबा स्थान के पास सड़क की दोनों तरफ की पटरी बरसात में मिट्टी कट जाने से पूरी तरह खस्ताहाल हो गई है। जगह-जगह गड्ढे और टूटी पटरी के कारण राहगीरों व वाहन चालकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि आए दिन बाइक सवार फिसलकर चोटिल हो रहे हैं और बड़े हादसे की आशंका लगातार बनी हुई है। ग्रामीणों के अनुसार सड़क किनारे पटरी पर मिट्टी न होने से वाहन चालकों को सड़क से नीचे उतरने में खतरा रहता है। बारिश के दौरान हालात और ज्यादा खराब हो जाते हैं, जिससे रात के समय आवागमन जोखिम भरा हो जाता है। लोगों ने बताया कि कई बार शिकायत के बावजूद पीडब्ल्यूडी विभाग द्वारा कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। इसी तरह की स्थिति कस्ता कस्बे और फतेपुर मितौली क्षेत्र में भी देखने को मिल रही है, जहां सड़क किनारे की पटरी टूट चुकी है। स्थानीय नागरिकों ने प्रशासन और पीडब्ल्यूडी विभाग से जल्द मरम्मत कार्य कराने की मांग की है, ताकि दुर्घटनाओं पर रोक लग सके और लोगों को सुरक्षित आवागमन मिल सके।

### खाद्यान्न वितरण की तिथि 14 मई तक बढ़ायी गयी

**प्रतापगढ़।** जिला पूर्ति अधिकारी अनुभव त्रिवेदी ने बताया कि राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम 2013 के अंतर्गत मई 2026 के सापेक्ष अंत्योदय एवं पात्र गृहस्थी राशन कार्डधारकों को ई-पॉस वेइंग मशीन के माध्यम से खाद्यान्न वितरण पहले राशन वितरण की अंतिम तिथि 08 मई निर्धारित थी, जिसे खाद्यायुक्त कार्यालय के निर्देश पर बढ़ाकर अब 14 मई कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि अंत्योदय कार्डधारकों को 14 किलोग्राम गेहूँ एवं 21 किलोग्राम चावल नि:शुल्क दिया जा रहा है, जबकि पात्र गृहस्थी कार्डधारकों को प्रति यूनिट 2 किलोग्राम गेहूँ और 3 किलोग्राम चावल मुफ्त वितरित किया जा रहा है। जिला पूर्ति अधिकारी ने कहा कि जिन कार्डधारकों को आधार प्रमाणीकरण में समस्या आ रही है, उनके लिए मोबाइल ओटीपी वेरिफिकेशन के माध्यम से राशन प्राप्त करने की सुविधा उपलब्ध कराई गई है। यह सुविधा 14 मई को भी जारी रहेगी।

### 25000 रुपये का इनामिया अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया

**प्रतापगढ़।** थाना प्रभारी फतनपुर मनीष कुमार त्रिपाठी मय हमराह व स्पेशल टीम प्रभारी निरीक्षक अर्जुन सिंह मय हमराह द्वारा देखभाल क्षेत्र/ तलाश वांछित, वारण्टी अभियुक्त के दौरान मुखबिर की सूचना पर धारा 2/3 यू.पी. गैंगेस्टर एक्ट थाना फतनपुर जनपद प्रतापगढ़ से संबंधित 25,000 रुपये का इनामिया अभियुक्त धर्मेन्द्र कुमार यादव उर्फ गुरुप्रसाद पुत्र गोपीनाथ यादव उम्र करीब 23 वर्ष निवासी ग्राम चांदपुर थाना फतनपुर जनपद प्रतापगढ़ को थाना फतनपुर क्षेत्रान्तर्गत हरिपालमऊ नहर पुलिया तिराहे के पास से गिरफ्तार किया गया।

### चुनार के रामबाग बालाजी वाटिका में शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन




**चुनार (मिर्जापुर)।** रामबाग स्थित बालाजी वाटिका में GNIOT group of institutions ग्रेटर नोएडा द्वारा शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि आलोक सिंह जी चुनार विधायक प्रतिनिधि रहे। इस कार्यक्रम में चुनार क्षेत्र के विभिन्न यूपी बोर्ड/ सीबीएसई बोर्ड के विद्यालयों के लगभग 100 शिक्षकों का सम्मान मुख्य अतिथि द्वारा किया गया। कार्यक्रम के संयोजक उमेश सिंह पूर्वांचल मार्केटिंग हेड तथा विवेक सिंह डायरेक्टर मां गंगा कंसल्टेंसी सर्विसेज रहे। कार्यक्रम के संचालक श्यामधर चतुर्वेदी प्रवक्ता जनता इण्टर कॉलेज बरेवा रहे। उक्त अवसर पर चंद्रहास गुप्ता, मुन्ना पांडे,संजय सोनकर, आलोक श्रीवास्तव, जोगू पाण्डेय, दिनेश सिंह, सूर्यबली यादव, पूजा दूबे, अनुराग गुप्ता, शक्ति कुमार, आरिफ नियाज़, मनोहर साहनी, अवधेश सिंह, सन्तोष पाल, बलिराम यादव, कमलेश यादव तथा अन्य सम्मानित शिक्षक उपस्थित थे।

# मितौली में जिओ इंटरनेट सेवा ध्वस्त, उपभोक्ताओं में भारी नाराजगी



**मितौली-खीरी।** मितौली मुख्यालय सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में जिओ कंपनी की इंटरनेट सेवा पिछले कई महीनों से पूरी तरह चरमराई हुई है। खराब नेटवर्क और धीमी इंटरनेट स्पीड के कारण उपभोक्ताओं को रोजमर्रा के कार्यों में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। हालत यह है कि मोबाइल पर सामान्य मैसेज भेजना तक मुश्किल हो गया है, जबकि ऑनलाइन पढ़ाई, बैंकिंग, डिजिटल भुगतान और सरकारी कार्य भी बुरी तरह प्रभावित हो रहे हैं। क्षेत्र के उपभोक्ताओं का आरोप है कि कंपनी हर महीने भारी-भरकम रिचार्ज शुल्क तो वसूल रही है, लेकिन बदले में संतोषजनक सेवा नहीं दे पा रही है। कई स्थानों पर नेटवर्क पूरी तरह गायब हो जाता है, जिससे कॉलिंग सेवा भी बाधित रहती है। दुकानदारों को ऑनलाइन भुगतान लेने में परेशानी हो रही है, वहीं छात्रों की पढ़ाई और प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी पर भी असर पड़ रहा है। ग्रामीण इलाकों में समस्या और गंभीर बनी हुई है। उपभोक्ताओं के मुताबिक दिनभर नेटवर्क की समस्या बनी रहती है और रात में भी इंटरनेट स्पीड बेहद कमजोर रहती है। कई लोगों ने ग्राहक सेवा केंद्र पर शिकायतें दर्ज कराई, लेकिन अब तक कोई स्थायी समाधान नहीं निकल सका है। स्थानीय लोगों का कहना है कि कंपनी 4जी और 5जी जैसी आधुनिक सेवाओं के बड़े-बड़े दावे करती है, लेकिन जमीनी हकीकत इसके बिल्कुल विपरीत है।

# सीएचसी गोला में अग्नि सुरक्षा सप्ताह के तहत प्रशिक्षण, अस्पताल स्टाफ को बताए बचाव के तरीके

**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज़।**

अस्पतालों में अग्नि सुरक्षा व्यवस्था को लेकर बढ़ती सतर्कता के बीच शुक्रवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गोला खीरी में राष्ट्रीय अग्नि सुरक्षा सप्ताह के अंतर्गत जागरूकता एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में अस्पताल कर्मियों को आग लगने की स्थिति में तत्काल बचाव, मरीजों की सुरक्षित निकासी और अग्निशमन उपकरणों के प्रभावी उपयोग की जानकारी दी गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे डॉ. गणेश कुमार एवं डॉ. अजय कुमार वर्मा ने कहा कि अस्पताल जैसे संवेदनशील स्थानों पर अग्नि सुरक्षा के प्रति विशेष सजगता आवश्यक है। छोटी सी लापरवाही भी बड़े हादसे का कारण बन सकती है,



इसलिए सभी कर्मचारियों को सुरक्षा मानकों की जानकारी होना बेहद जरूरी है। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण का उद्देश्य केवल जानकारी देना नहीं, बल्कि आपात स्थिति में त्वरित और सही प्रतिक्रिया देने के लिए कर्मचारियों को तैयार करना है। फायर स्टेशन गोला गोकर्णनाथ से पहुंचे प्रशिक्षित दमकल कर्मियों ने अस्पताल स्टाफ को आग लगने के संभावित कारणों, प्राथमिक बचाव उपायों तथा आग पर शुरुआती स्तर पर काबू पाने की तकनीकों की विस्तार से जानकारी दी। प्रशिक्षण के दौरान फायर एक्सटिंग्विशर के संचालन का व्यावहारिक प्रदर्शन भी किया गया। कर्मचारियों को बताया गया कि किस प्रकार अलग-अलग प्रकार की आग के अनुसार अग्निशमन यंत्रों का प्रयोग किया जाता है। दमकल कर्मियों ने अस्पताल परिसर में लगे अग्निशमन उपकरणों को नियमित रूप से जांचते रहने, उन्हें सदैव कार्यशील अवस्था में रखने तथा विद्युत उपकरणों के सुरक्षित उपयोग पर भी जोर दिया। उन्होंने कहा कि किसी भी आपात स्थिति में घबराने के बजाय संयमित रहकर तत्काल सूचना देना और निर्धारित सुरक्षा प्रक्रिया का पालन करना सबसे महत्वपूर्ण होता है। प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान अस्पताल के समस्त अधिकारी, कर्मचारी एवं स्वास्थ्यकर्मी मौजूद रहे। कार्यक्रम के अंत में अग्नि सुरक्षा के प्रति जागरूक रहने और समय-समय पर ऐसे प्रशिक्षण आयोजित करते रहने का संकल्प लिया गया।

# धारा-141 की अनदेखी कर पैमाइश का आरोप, विवादित भूमि जुतवाने पर ग्रामीणों में नाराजगी

**निघासन-खीरी, समृद्धि न्यूज़।**

निघासन तहसील क्षेत्र की ग्राम पंचायत मोतीपुर में भूमि पैमाइश को लेकर नया विवाद खड़ा हो गया है। ग्रामीणों ने क्षेत्रीय लेखपाल पर राजस्व नियमों की अनदेखी कर बिना नियमानुसार प्रक्रिया अपनाए खेत की पैमाइश करने और विपक्षी पक्ष के खेत में भूमि निकाल देने का आरोप लगाया है। मामले को लेकर गांव में चर्चा और असंतोष का माहौल बना हुआ है।

ग्रामीणों का आरोप है कि सरकार की राजस्व नियमावली की धारा-141 के तहत किसी भी भूमि की कच्ची एवं पक्की पैमाइश के दौरान संबंधित पक्षों एवं पड़ोसी खातेदारों की मौजूदगी आवश्यक होती है, लेकिन ग्राम पंचायत मोतीपुर में तैनात लेखपाल उपदेव राना ने बिना पड़ोसी खेत मालिकों को बुलाए ही पैमाइश कर दी। आरोप है कि इस प्रक्रिया के बाद विवादित भूमि विपक्षी पक्ष के खेत में दर्शा दी गई। मामले को लेकर जब विपक्षी पक्ष ने लेखपाल से दूरभाष पर संपर्क किया तो उन्होंने कथित रूप से कहा कि खेत नहीं नापा गया है, केवल सेक्टर नापा गया है। ग्रामीणों का कहना है कि जब उनसे मौके पर आकर स्थिति स्पष्ट करने को कहा गया तो उन्होंने धारा-141 की प्रक्रिया पूरी होने के बाद आने की बात कही। आरोप यह भी है कि बाद में सर्किल क्षेत्र में रहकर विपक्षी पक्ष से कहा गया कि आप प्लॉट जोत लो, कोई कुछ नहीं कर सकता। ग्रामीणों का कहना है कि संबंधित भूमि की पैमाइश बिना उच्चाधिकारियों के आदेश अथवा धारा-141 की वैधानिक प्रक्रिया के नहीं की जा सकती थी। इसके बावजूद विवादित भूमि पर जुताई करा दी गई, जिससे दोनों पक्षों के बीच तनाव की स्थिति बन गई है। मामले में ग्राम प्रधान प्रतिनिधि कुलदीप सिंह से बातचीत की गई तो उन्होंने कहा कि गांव में जो भी कार्रवाई होगी, वह पूरी तरह नियमानुसार ही कराई जाएगी। हालांकि ग्रामीणों का कहना है कि जिस पक्ष के समर्थन में भूमि जोते जाने की बात सामने आ रही है, वह ग्राम प्रधान का ससुर बताया जा रहा है, जिससे मामले को लेकर तरह-तरह की चर्चाएं भी हो रही हैं। उधर, क्षेत्रीय लेखपाल उपदेव राना से संपर्क करने का प्रयास किया गया, लेकिन उन्होंने फोन रिसीव नहीं किया।

मामले की जानकारी दूरभाष के माध्यम से जिलाधिकारी खीरी को भी दी गई। जिलाधिकारी ने कहा कि पूरे प्रकरण में नियमानुसार कार्रवाई कराई जाएगी। वहीं तहसीलदार निघासन ने बताया कि मामले की शिकायत प्राप्त हुई है और जांच के बाद ही स्थिति स्पष्ट की जा सकेगी। ग्रामीणों ने प्रशासन से निष्पक्ष जांच कराकर राजस्व नियमों के तहत कार्रवाई किए जाने की मांग की है, ताकि भविष्य में इस प्रकार के विवाद उत्पन्न न हों।

## ईसानगर में क्षेत्र पंचायत बैठक सम्पन्न, विकास योजनाओं पर हुई विस्तृत चर्चा




**ईसानगर खीरी।** शुक्रवार को विकास खण्ड ईसानगर के अटल सभागार में वर्ष 2026-27 के अंतर्गत क्षेत्र पंचायत बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में क्षेत्र के विकास कार्यों, जनकल्याणकारी योजनाओं एवं आगामी विकास योजनाओं को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में धौरहरा विधायक विनोद शंकर अवस्थी एवं ब्लॉक प्रमुख आलोक कटियार उपस्थित रहे। बैठक का आयोजन खंड विकास अधिकारी धन प्राप्त यादव द्वारा किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुई। बैठक में ग्राम प्रधान, बीडीसी सदस्य, पंचायत प्रतिनिधि एवं क्षेत्र के संभ्रांत लोग उपस्थित रहे। बैठक का मुख्य उद्देश्य क्षेत्र में संचालित विकास कार्यों की समीक्षा करना तथा आगामी विकास योजनाओं को प्रभावी ढंग से लागू करने को लेकर चर्चा करना रहा। बैठक को संबोधित करते हुए विधायक विनोद शंकर अवस्थी ने ईसानगर क्षेत्र में हो रहे विकास कार्यों की सराहना की। उन्होंने कहा कि ग्राम पंचायतें गांव के विकास की सबसे मजबूत इकाई हैं और गांवों के विकास से ही प्रदेश एवं देश मजबूत होता है। उन्होंने खंड विकास अधिकारी, ब्लॉक प्रमुख एवं ग्राम प्रधानों से संवाद करते हुए कहा कि सरकार की मंशा है कि हर गांव तक मूलभूत सुविधाएं पहुंचे और अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचे। उन्होंने कहा कि सड़क, पानी, आवास, शिक्षा और स्वास्थ्य जैसी सुविधाओं को और बेहतर बनाने के लिए सभी जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों को समन्वय के साथ कार्य करना होगा। वहीं ब्लॉक प्रमुख आलोक कटियार ने बैठक में उपस्थित सभी जनप्रतिनिधियों से संवाद करते हुए कहा कि क्षेत्र का विकास ही उनकी प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि जब गांव विकसित होंगे और जनता खुशहाल होगी तभी प्रदेश और देश आगे बढ़ेगा। सरकार लगातार जनहितकारी योजनाएं चला रही है और हम सभी की जिम्मेदारी है कि कोई भी पात्र व्यक्ति योजना के लाभ से वंचित न रहे। उन्होंने कहा कि पूर्व में भी कई ब्लॉक प्रमुख रहे उनके विकास भी देखे जा सकते है, लेकिन हमने पद की गरिमा के साथ क्षेत्र के विकास को प्राथमिकता दी है। भाजपा सरकार के सहयोग और जनप्रतिनिधियों के सामूहिक प्रयासों का परिणाम है कि आज क्षेत्र में जल व्यवस्था, नाली निर्माण, खड़ंजा निर्माण, इंटरलॉकिंग, स्ट्रीट लाइट एवं अन्य विकास कार्य तेजी से कराए जा रहे हैं। आने वाले समय में भी विकास कार्यों को और गति दी जाएगी। खंड विकास अधिकारी धन प्राप्त यादव ने कहा कि सरकार की योजनाओं को पारदर्शिता और गुणवत्ता के साथ गांव-गांव तक पहुंचाना प्रशासन की प्राथमिक जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि विकास कार्यों में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सभी पंचायत प्रतिनिधि आपसी समन्वय बनाकर कार्य करें ताकि क्षेत्र के हर गांव में बेहतर विकास दिखाई दे। उन्होंने कहा कि पंचायत स्तर पर स्वच्छता, पेयजल, आवास, सड़क एवं रोजगार से जुड़े कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर पूरा कराया जा रहा है और आगे भी जनहित को सर्वोच्च रखते हुए विकास कार्य निरंतर जारी रहेंगे।

# पूर्व सांसद पं उमा कांत मिश्र को श्रद्धांजलि

**हलिया (मिर्ज़ापुर), समृद्धि न्यूज़।**

मिर्ज़ापुर भदोही के पूर्व सांसद पंडित उमाकांत मिश्र के पैतृक गांव बरौधा कठार में श्रद्धांजलि सभा एवं विचार गोष्ठी का आयोजन समारोह पूर्वक किया गया। कार्यक्रम में क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों, राजनीतिक दलों के नेताओं तथा विभिन्न जनपदों से पहुंचे लोगों ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि दी। कार्यक्रम का शुभारंभ उनके चचेरे भाई देवदत्त मिश्र, भतीजे शशीदेव मिश्र अनुराग मिश्र व इंद्रदेव मिश्र ने दीप प्रज्वलित कर किया। इसके बाद वक्ताओं ने पूर्व सांसद के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर विस्तार से प्रकाश डाला। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पूर्व विधायक एवं पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष भगवती

**वक्ताओं ने कहा- सर्व धर्म समभाव के थे प्रतीक**

प्रसाद चौधरी ने कहा कि पंडित उमाकांत मिश्र बहुमुखी प्रतिभा के धनी थे। उन्होंने जीवनभर सर्वधर्म समभाव और जनसेवा की राजनीति की। कहा कि संसद में रहते हुए उन्होंने संस्कृत भाषा में लंबा भाषण देकर सभी को आश्चर्यचकित कर दिया था। बसपा नेता जगत शास्त्री ने कहा कि पंडित उमाकांत मिश्र का संपूर्ण जीवन लोकहित को समर्पित रहा। कांग्रेस नेता राज नारायण तिवारी ने कहा कि उन्होंने राजनीति को सेवा और समर्पण का माध्यम माना न कि उपभोग की वस्तु। अखिलेश्वर त्रिपाठी ने कहा कि सर्व समाज की चिंता करने वाले पंडित उमाकांत मिश्र के प्रयासों से अदवा, मेजा तथा बरौधा जलाशय का निर्माण संभव हो सका। सपा नेता अशोक कुमार मिश्र ने कहा कि पंडित जी का पूरा जीवन समाज सेवा के लिए समर्पित था। कार्यक्रम के अंत में यूथ कांग्रेस पूर्वी उत्तर प्रदेश के महासचिव अनुराग मिश्र ने सभी अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए उन्हें अंगवस्त्र भेंटकर सम्मानित किया। इस अवसर पर ज्वाइंट मजिस्ट्रेट/एसडीएम लालगंज महेंद्र सिंह सहित हलिया, लालगंज, छानबे, मीरजापुर, भदोही, सोनभद्र एवं नगर क्षेत्र से बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे। सभी ने पंडित उमाकांत मिश्र के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी।पूरे कार्यक्रम का संचालन विनय कुमार दूबे ने किया।

## ब्रेकर पर उछली बाइक डिवाइडर से टकरायी, दो युवक घायल

**हलिया (मिर्ज़ापुर)।** ड्रमंडगंज थाना क्षेत्र के वाराणसी रीवा राष्ट्रीय राजमार्ग 135 स्थित दुर्जनीपुर ओवर ब्रिज के नीचे सर्विस लेन पर गुरुवार की रात दस बजे के करीब ब्रेकर पर बाइक के उछलने से अनियंत्रित बाइक डिवाइडर से टकरा गई। जिससे बाइक पर सवार दो युवक घायल हो गए। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची एंबुलेंस से दोनों युवकों को उपचार हेतु सीएचसी लालगंज भेजा गया। लालगंज क्षेत्र के तुलसी गांव निवासी 25 वर्षीय रितेश पटेल लहंगपुर निवासी 23 वर्षीय आयुष मौर्य के साथ बाइक से निमंत्रण में शामिल होने के लिए कहीं जा रहे थे कि रास्ते में दुर्जनीपुर ओवरब्रिज के पास बने स्पीड ब्रेकर पर उछलकर बाइक डिवाइडर से टकरा गई। हादसे में दोनों युवक बाइक से नीचे गिरकर घायल हो गए।

## सुरक्षा सैनिक व सुपरवाइजर भर्ती शिविर 11 से

**प्रतापगढ़।** जिला विद्यालय निरीक्षक ओमकार राणा ने बताया है कि जिले के बेरोजगार युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से एसआईएस इंडिया लिमिटेड के तत्वावधान में सुरक्षा सैनिक, सुपरवाइजर एवं जीटीओ ऑफिसर पदों के लिए भर्ती शिविर का आयोजन किया जाएगा। विद्यालय निरीक्षक ने बताया कि जिले के विभिन्न इंटर कॉलेजों में तिथिवार भर्ती शिविर लगाए जाएंगे, जिसमें इच्छुक अभ्यर्थी अपनी सुविधा अनुसार किसी भी निर्धारित केंद्र पर पहुंचकर साक्षात्कार में भाग ले सकते हैं। उन्होने तिथिवार भर्ती शिविर के सम्बन्ध में बताया है कि 11 एवं 12 मई को लोकमान्य तिलक इंटर कॉलेज व पीएम श्री राजकीय इंटर कॉलेज प्रतापगढ़, 13 एवं 14 मई को श्री चंद्रिका इंटर कॉलेज सण्ड़वा चंद्रिका व रामराज इंटर कॉलेज पट्टी, 15 एवं 16 मई सरदार पटेल इंटर कॉलेज विजयीमऊ संग्रामगढ़ व शिवमंगल इंटर कॉलेज रामपुर दाबी, 17 एवं 18 मई सर्वोदय इंटर कॉलेज सांगीपुर व लीलावती शिक्षा मंदिर इंटर कॉलेज यमुनानगर जूही सांगीपुर,19 एवं 20 मई टी.पी. इंटर कॉलेज कुंडा व सरयू प्रसाद इंटर कॉलेज कुंडा, 21 एवं 22 मई श्री सी.एल. यादव इंटर कॉलेज लौली पोख्ताखाम व बृजेंद्रमणि इंटर कॉलेज कोहड़ौर, 25 एवं 26 मई राय बद्री पाल इंटर कॉलेज बीरापुर व स्वामी करपात्री इंटर कॉलेज रानीगंज, 28 एवं 29 मई बीडी दुबे इंटर कॉलेज पहाड़पुर व राम अंजोर मिश्र इंटर कॉलेज लालगंज में आयोजन किया जायेगा।

# खाद्य सचल दल ने निरीक्षण कर 8 विधिक नमूने किये संग्रहित

**प्रतापगढ़, समृद्धि न्यूज।**

जनपद में 6 मई से 8 मई तक विशेष अभियान के अन्तर्गत बाजारों में विक्रय किये जा रहे विभिन्न ब्राण्डों के घी एवं खाद्य तेल के नमूनों हेतु प्रतिष्ठानों पर विशेष कार्यवाही करते हुए सहायक आयुक्त (खाद्य) ग्रेड-।। अभय कुमार सिंह के निर्देशन एवं मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी अजय कुमार तिवारी के नेतृत्व में खाद्य सचल दल द्वारा जनपद प्रतापगढ़ के विभिन्न बाजारों में स्थित घी व खाद्य तेल के थोक/निर्माण इकाई के साथ-साथ प्रदेश के बाहर बने विभिन्न ब्राण्डों के 08 विधिक नमूनें संग्रहित किये। खाद्य सचल दल द्वारा मल्टी सार्स एडिबिल ऑयल ब्राण्ड-सफोला



के मूल पैक्ड, रिफाइण्ड सोयाबीन ऑयलब्राण्ड-फॉर्चून के मूल पैक्ड, कच्चीघानी सरसों का तेल ब्राण्ड-इंडिपेंडेंस के मूल पैक्ड, रिफाइण्ड पालमोलिन ऑयल ब्राण्ड-राग गोल्ड के मूल पैक्ड, कच्चीघानी सरसों का तले ब्राण्ड-शाही परिवार के मूल पैक्ड, फिजिकली रिफाइण्ड राइस ब्रान ऑयल ब्राण्ड-पतंजलि के मूल पैक्ड, गाय का घी ब्राण्ड-अन्नपूर्णा के मूल पैक्ड व गाय का घी ब्राण्ड-अनिक के मूल पैक्ड का एक-एक नमूना संग्रहित किया गया। इस प्रकार कुल 08 विधिक नमूनों को संग्रहित कर विश्लेषण हेतु खाद्य विश्लेषक प्रयोगशाला को प्रेषित किए गए। खाद्य सचल दल में रोशन सिंह, संतोष कुमार दूबे, यादव संजय कुमार नन्हकू, शहाब उद्दीन सिद्दीकी, डॉ. तूलिका शर्मा एवं डॉ. शमशुन नेहा खाद्य सुरक्षा अधिकारीगण उपस्थित रहे।